

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन जन की आवाज़



लखनऊ वर्ष : 05 अंक : 171 रविवार, 02 अगस्त 2026 श्रावण माह, कृष्ण, चतुर्थी, विक्रम संवत 2083 पृष्ठ-12 मूल्य : 05 रुपया


## सार संक्षेप

### नूंह में सोमवार को बंद रहेंगे सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूल

एजेंसी न्यूज

**नूंह।** हरियाणा के नूंह जिले में आगामी 3 अगस्त को आयोजित होने वाली ब्रजमंडल जलाभिषेक शोभायात्रा के मद्देनजर जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने आदेश जारी कर नूंह जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में 3 अगस्त को अवकाश घोषित किया है।

आदेशों के अनुसार, यात्रा के दौरान जिले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने और व्यापक सुरक्षा प्रबंधों को देखते हुए विद्यार्थियों की सुरक्षा तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से यह फैसला लिया गया है। आदेश जिले के सभी सरकारी, सहायता प्राप्त और निजी स्कूलों पर समान रूप से लागू रहेगा।

नूंह में 3 अगस्त को होने वाली ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा से पहले नूंह प्रशासन और पुलिस हाई अलर्ट पर है। यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो, इसके लिए 800 से ज्यादा जवानों और स्पेशल सिक्योरिटी कंपनियों को तैनात किया गया है।

### देश में खुलेंगे 11 नए फ्लाइंग स्कूल, 30 हजार से ज्यादा पायलटों की जरूरत

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली:** भारत में तेजी से विस्तार कर रहे एविएशन सेक्टर को मजबूत करने के लिए देश में 11 नए फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गनाइजेशन शुरू करने की योजना है। इसका उद्देश्य देश में पायलटों की बढ़ती मांग को पूरा करना और घरेलू स्तर पर पायलट ट्रेनिंग की क्षमता बढ़ाना है।

एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने फरवरी 2026 में शुरू किए गए ई-टेंडर के तहत सात एयरपोर्ट पर 11 नए FTO स्लॉट की टेंडर प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। नए फ्लाइंग स्कूल शुरू होने से पायलट बनने की तैयारी कर रहे युवाओं को देश में ही ट्रेनिंग के अधिक विकल्प मिल सकेंगे।

### यूपी: मिड डे मील की व्यवस्था से खत्म हुआ प्रधानों का दखल

एजेंसी न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में मिड-डे-मील वितरण और उससे जुड़े खाते के संचालन की व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया गया है। महानिदेशालय स्कूली शिक्षा ने आदेश जारी कर ग्राम प्रधानों को इस प्रक्रिया से अलग कर दिया है। अब मिड-डे-मील योजना का संचालन विद्यालय प्रबंध समिति (वीएमसी) के अध्यक्ष, यानी छात्र के अभिभावक, और विद्यालय के प्रधानाध्यापक संयुक्त रूप से करेंगे। पहले यह जिम्मेदारी ग्राम प्रधान और प्रधानाध्यापक के पास थी। नए आदेश के अनुसार रसोइयों के मानदेय के भुगतान तथा भोजन तैयार करने के लिए मिलने वाली कंटीजेंसी राशि का संचालन भी यही दोनों करेंगे।

### यूपी: अगस्त और सितंबर में जुलाई से भी कम हो सकती है प्रदेश में बारिश, बढ़ सकता है अधिकतम और न्यूनतम तापमान

एजेंसी न्यूज

**लखनऊ।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दक्षिण-पश्चिम मानसून के दूसरे चरण (अगस्त-सितंबर) के लिए वर्षा और तापमान का पूर्वानुमान जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार,अगस्त और सितंबर के दौरान प्रदेश सहित देश भर में सामान्य से कम बारिश का आसार है। वर्षा दीर्घकालिक औसत के 94 प्रतिशत से कम रहने की संभावना है। इसकी वजह से अधिकांश हिस्सों में बारिश कम हो सकती है।

# एंटी-पेपर लीक कानून में बदलाव को राष्ट्रपति की मंजूरी

## अब तीन महीने के अंदर होगा पेपर माफियाओं का हिसाब

**नई दिल्ली।** पेपर लीक संशोधन विधेयक इसी सप्ताह राज्यसभा से पास हुआ था। अब राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के साथ ही यह कानून बन चुका है। नए कानून के तहत तीन महीने के अंदर पेपर लीक करने वालों को सजा मिलेगी।



पेपर लीक रोधी कानून में संशोधन विधेयक को राष्ट्रपति ने मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही पेपर लीक कानून में अब सजा का प्रावधान और भी कठोर हो गया है। नए प्रावधान के अनुसार पेपर लीक के मामलों में फैसला तीन महीने के अंदर आएगा। वहीं, दोषियों को 10 साल तक की सजा और 10 करोड़ तक का जुर्माना लगाया जाएगा। प्रश्नपत्र लीक रोधी संशोधन विधेयक को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बुधवार को कहा था कि यह विधेयक पेपर लीक के पूरे नेटवर्क को खत्म करने की एक कोशिश है। यह विधेयक परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता, विश्वसनीयता और निष्पक्षता बढ़ाएगा। संशोधन विधेयक काफी हंगामे के बाद लोकसभा से पास हुआ था। इस बिल के पास होने के बाद शिक्षा मंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा था, "लोकसभा ने लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक, 2026 पारित कर दिया है, जिससे परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ियों से निपटने के लिए एक सख्त कानूनी ढांचा तैयार होगा। सख्त सजा, त्वरित अदालत, जांच के बेहतर तौर-तरीके और परीक्षा में गड़बड़ी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के प्रावधान वाले इस विधेयक का उद्देश्य प्रश्नपत्र लीक के पूरे नेटवर्क को खत्म करना और परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता, विश्वसनीयता और निष्पक्षता को बढ़ाना है।"

### नए कानून की खास बातें

हर राज्य में पेपर लीक के मामले की सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनेंगे, जहां रोजाना सुनवाई होगी और 90 दिन के अंदर ट्रायल पूरा कर सजा का ऐलान किया जाएगा।

2024 के कानून में 3 से 5 साल तक की सजा का प्रावधान था। अब 5 से 10 साल तक की सजा हो सकती है।

2024 के कानून में पेपर लीक के लिए 10 लाख का जुर्माना लगाया जाता था। अब इसे बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये कर दिया जाएगा।

पहले सेंट्रल इन्वेस्टिगेटिव एजेंसी पेपर लीक से जुड़े मामलों की जांच करती थी। अब पेपर लीक से जुड़े मामलों की जांच के लिए स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा।

2024 के कानून में पेपर लीक से जुड़े मामलों की जांच पूरी करने के लिए कोई समय सीमा तय नहीं थी, लेकिन अब नए संशोधन में 2 महीने के भीतर जांच पूरी करने की बात कही गई है।

# राहुल गांधी, पप्पू यादव और अवधेश प्रसाद पर एफआईआर

## भगवा वेश में प्रदर्शन करने पर साधु-संतों की शिकायत पर हुई कार्रवाई

एजेंसी न्यूज

**वाराणसी।** संसद परिसर में हुए विपक्ष के विरोध प्रदर्शन को लेकर वाराणसी में राजनीतिक और धार्मिक विवाद गहराता जा रहा है। साधु-संतों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव और सांसद अवधेश प्रसाद के खिलाफ कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज की है। पातालपुरी मठ के पीठाधीश्वर जगद्गुरु बालक देवाचार्य के नेतृत्व में साधु-संतों का एक प्रतिनिधिमंडल कोतवाली थाने पहुंचा था, जहां उन्होंने लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस उपायुक्त (काशी जोन) गौरव बंसवाल ने बताया कि संसद परिसर में हुए प्रदर्शन को लेकर साधु-संतों की ओर से तहरीर प्राप्त हुई थी। शिकायत के आधार पर राहुल गांधी, पप्पू यादव और अवधेश प्रसाद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि संसद परिसर में हुए प्रदर्शन के दौरान धार्मिक प्रतीकों और संत परंपरा से जुड़े स्वरूप का इस्तेमाल किया गया, जिससे उनकी धार्मिक



भावनाएं आहत हुईं।

जगद्गुरु बालक देवाचार्य ने आरोप लगाया कि प्रदर्शन के दौरान भगवा वस्त्र धारण कर हिंदू संत परंपरा का स्वरूप प्रस्तुत किया गया। साथ ही भगवान श्रीराम मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए दान को प्रतीकात्मक रूप से दिखाया गया, जिसे उन्होंने करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा विषय बताया। उन्होंने कहा कि धार्मिक आस्था से जुड़े प्रतीकों को राजनीतिक प्रदर्शन का हिस्सा बनाना संत समाज और श्रद्धालुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है।

इस मामले को लेकर वाराणसी कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं ने भी प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मामले में कार्रवाई की मांग की। फिलहाल पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आगे की कार्रवाई जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर की जाएगी।

## अयोध्या: चढ़ावा चोरी के विवाद के बाद फिर से बढ़ने लगी है भक्तों की संख्या, 16 अगस्त तक के सभी पास हुए बुक



एजेंसी न्यूज

**अयोध्या।** सावन माह में रामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। यही वजह है कि सुगम (वीआईपी) दर्शन और आरती में शामिल होने के लिए ऑनलाइन पास की एडवांस बुकिंग तेजी से हो रही है। वर्तमान में ऑनलाइन बुकिंग के सभी उपलब्ध स्लॉट 16 अगस्त तक भर चुके हैं और अब श्रद्धालुओं को 17 अगस्त से आगे की तिथि के लिए ही ऑनलाइन पास मिल रहा है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सुगम दर्शन, विशिष्ट दर्शन और आरती में शामिल होने के पास की ऑनलाइन व ऑफलाइन व्यवस्था संचालित करता है। प्रतिदिन सीमित संख्या में ऑनलाइन पास जारी किए जाते हैं, जबकि ऑफलाइन पास अधिकृत संस्तुति के आधार पर उपलब्ध कराए जाते हैं। दर्शन के लिए अलग-अलग समय के स्लॉट निर्धारित किए गए हैं ताकि मंदिर परिसर में भीड़ का बेहतर प्रबंधन किया जा सके। ऑनलाइन बुकिंग के दौरान एक पास पर अधिकतम आठ श्रद्धालुओं को प्रवेश की अनुमति मिलती है। सभी श्रद्धालुओं के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है और निर्धारित समय से पहले तय प्रवेश द्वार पर पहुंचना होता है। यह पूरी व्यवस्था पूरी तरह निशुल्क है। ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं को आगाह किया है कि केवल अधिकृत माध्यमों से ही पास प्राप्त करें। किसी होटल, धर्मशाला, ट्रैवल एजेंट या गाइड की ओर से उपलब्ध कराया गया पास फर्जी हो सकता है। ऑनलाइन पास केवल ट्रस्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। राम मंदिर प्रतिदिन सुबह 6:30 बजे से रात 9:00 बजे तक श्रद्धालुओं के लिए खुला रहता है, जबकि रामलला की विभिन्न आरतियां निर्धारित समय पर संपन्न होती हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए ट्रस्ट और प्रशासन दर्शन व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी कर रहे हैं। मंदिर प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए मोबाइल फोन, पेन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लेकर प्रवेश पर रोक लगा रखी है। श्रद्धालु केवल पर्स और चश्मा साथ ले जा सकते हैं। मंदिर परिसर में बाहर से प्रसाद, फूल, माला या नारियल ले जाने की अनुमति नहीं है। दर्शन के बाद ट्रस्ट की ओर से श्रद्धालुओं को इलायची दाने का प्रसाद वितरित किया जाता है।

## दुनिया ने खोया पहाड़ों का 'सुपरहीरो': एवलांच से हार गए निर्मल पुर्जा

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** नेपाली मूल के विश्वप्रसिद्ध पर्वतारोही निर्मल 'निम्सदाई' पुर्जा का पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में स्थित दुनिया की 12वीं सबसे ऊंची चोटी ब्रॉड पीक पर आए भीषण बर्फीले तूफान (एवलांच) में निधन हो गया। उनकी एडवेंचर कंपनी एलीट एक्सपेड ने इंस्टाग्राम पर इसकी पुष्टि करते हुए कहा, 'आज, अत्यंत दुख और भारी मन से हम यह पुष्टि करते हैं कि ब्रॉड पीक पर आए बर्फीले तूफान के बाद निर्मल 'निम्सदाई' पुर्जा का दुखद निधन हो गया है।'

नेपाली मूल के पर्वतारोही और उनकी एडवेंचर कंपनी ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बताया कि दुनिया के सबसे चर्चित पर्वतारोहियों में शामिल निर्मल 'निम्सदाई' पुर्जा की ब्रॉड पीक पर एवलांच की चपेट में आने से मौत हो गई। यह खबर पर्वतारोहण जगत के लिए एक बड़ा झटका मानी जा रही है।

शुक्रवार को आए बर्फीले तूफान के बाद से निर्मल पुर्जा और उनके साथ अभियान पर गए पांच अन्य पर्वतारोही लापता थे। लगातार तलाश अभियान चलाया गया, लेकिन अंततः सभी के जीवित न बच पाने की पुष्टि हुई।

# क्या सार्वजनिक जगह पर गाली देना अपराध है, किन धाराओं में दोषी होने पर हो सकती है कितनी सजा?

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक के खिलाफ हुए प्रदर्शन के दौरान कई ऐसे वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए, जिनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपशब्द कहे गए और आपत्तिजनक पोस्टर प्रदर्शित किए गए। इनके वायरल होने के बाद पुलिस ने कुछ मामलों में एफआईआर दर्ज की है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार देर रात इंस्टाग्राम लाइव में जंतर-मंतर की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें और उनकी दिवंगत मां को अपशब्द कहे गए, लेकिन वह उन बच्चों को सजा नहीं, बल्कि माफी और सही मार्गदर्शन देना चाहते हैं। उन्होंने समाज से भी अपील की कि गुमराह युवाओं को सही रास्ता दिखाने में साथ दें।




दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक और अभद्र टिप्पणी की गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद एक अधिवक्ता ने नोएडा के एक्सप्रेसवे थाने में एक लड़की के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। मामले की पुष्टि करते हुए एडीसीपी नोएडा, मनीषा सिंह ने 30 जुलाई को बताया कि शिकायत मिलने पर नियमानुसार जीरो एफआईआर दर्ज कर ली गई। एफआईआर में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 352, 353(1) और 356(1) लगाई गई हैं। शिकायत में कहा गया कि इस टिप्पणी से देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद की गरिमा को ठेस पहुंची और इससे समाज में वैमनस्य व लोक शांति भंग होने की आशंका पैदा हुई।

सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया, जिसमें कथित तौर पर संबंधित लड़की माफी मांगती दिखाई देती है। हालांकि, इस वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। वीडियो में लड़की ने खुद को 15 वर्ष का बताया और कहा कि वह अपने दोस्तों के साथ प्रदर्शन में गई थी।

## पीओके में मानवाधिकार संकट?: चार दिनों में 50 से ज्यादा लोगों की मौतें, पाकिस्तानी सेना के खिलाफ हुए लोग

एजेंसी न्यूज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में अशांति लगातार बढ़ रही है। पिछले चार दिनों में पाकिस्तानी सेना की कब्जे वाले क्षेत्र में की गई क्रूर कार्रवाई में 50 से अधिक लोग मारे गए हैं। वहीं, सैकड़ों घायल हुए हैं।

शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (खअअउ) के सदस्य सरदार उमर नजीर कश्मीरी ने कहा, हाफिछले चार दिनों में, सुरक्षा बलों ने क्रूर आतंकवाद के जरिए हमारे 50 से अधिक लोगों को मार डाला है, और सैकड़ों घायल हैं..ह

एक अलग पोस्ट में, जेएएसी ने कहा कि पीओके के मुजफ्फराबाद क्षेत्र में देर रात तक विरोध प्रदर्शन जारी रहे। लोग सड़कों पर डटे रहे और अपने मौलिक अधिकारों की रक्षा और स्थानीय अधिकारियों द्वारा की गई प्रतिबद्धताओं के कार्यान्वयन की मांग करते रहे।



इस बीच, अमेरिका स्थित मानवाधिकार संस्था ह्यूमन राइट्स फाउंडेशन (एचआरएफ) ने शनिवार को पीओके में निहत्थे शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पाकिस्तानी सेना द्वारा कथित तौर पर बल प्रयोग की कड़ी निंदा की, जिसमें क्षेत्र में 50 से अधिक लोग मारे गए और सैकड़ों घायल हुए।

## ट्रंप की धमकी पर ईरान ने जारी की तबाही की लिस्ट

### कहा, 'खाड़ी में इतने बम मारेंगे, गिन नहीं पाओगे'

एजेंसी न्यूज

**तेहरान।** ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव के बीच नया घटनाक्रम सामने आया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका ईरान के एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमले करने पर विचार कर रहा है। ट्रंप के इस बयान पर ईरान ने जवाबी कार्रवाई की धमकी दी है। तस्नीम न्यूज के मुताबिक, तेहरान ने मिडिल ईस्ट में बड़ी तबाही मचाने की धमकी दी है। ईरान ने अमेरिका को करारा जवाब देने के लिए एक व्यापक योजना तैयार की है, जिसके तहत, अगर अमेरिका या इजराइल अब ईरान पर नए हमले करते हैं, तो ईरान मध्य पूर्व के तेल और गैस इंफ्रास्ट्रक्चर को पूरी तरह से तबाह कर देगा, इसके लिए ईरान ने ऊर्जा से जुड़े अहम ठिकानों की सूची तैयार की है।

तस्नीम न्यूज के अनुसार, अपनी लिस्ट के मुताबिक ईरान सऊदी अरब के घावर ऑयल फील्ड पर हमला करेगा, जो दुनिया की कुल तेल आपूर्ति का 5 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा है।

ईरान की सूची में अबकैक और खुराइस फैसिलिटीज भी शामिल हैं, जहां रोजाना 70 लाख बैरल से ज्यादा तेल का उत्पादन होता है। संयुक्त अरब अमीरात में लिक्विफाइड नेचुरल गैस व्यापार का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा संभालते हैं। कुवैत का बुरगन ऑयल फील्ड (जहां रोजाना लगभग बीस लाख बैरल तेल का उत्पादन होता है), बहरीन की सित्रा रिफाइनरी और अल-मिहाज,



जिन ठिकानों को निशाना बनाने की बात की गई है, उनमें जाकुम ऑयल फील्ड और रुवाइस रिफाइनरी शामिल हैं; रुवाइस रिफाइनरी में रोजाना दस लाख बैरल से ज्यादा तेल प्रोसेस किया जाता है। कतर का नॉर्थ फील्ड और रास लाफान भी शामिल हैं; ये दोनों मिलकर दुनिया के कुल तथा इजराइल के लेविआथन और तामार गैस फील्ड शामिल हैं।

तस्नीम न्यूज के अनुसार, ईरान के एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने कहा, "हमने अमेरिका की किसी भी संभावित मनमानी हरकत का जवाब देने के लिए एक व्यापक योजना तैयार की है।"

## कांग्रेस की गुटबाजी बरकरार: नाराज नेताओं की खामोशी से चुनावी बढ़ी चिंता

एजेंसी न्यूज

**चंडीगढ़।** पंजाब कांग्रेस में गुटबाजी थमने के बजाय और स्पष्ट होती दिख रही है। संगठन में जिन मुद्दों को लेकर वरिष्ठ नेता लंबे समय से नाराज हैं उनमें अब तक कोई बदलाव नहीं हुआ है। हाईकमान ने भी इस विवाद पर सार्वजनिक रूप से कोई स्पष्ट रुख नहीं अपनाया है।

ऐसे में नेताओं की खामोशी पार्टी पर दबाव बढ़ा रही है और विधानसभा चुनाव से पहले इसे कांग्रेस के लिए नुकसान की आशंका के रूप में देखा जा रहा है। शनिवार को पंजाब कांग्रेस प्रभारी भूपेश बघेल ने फतेहगढ़ साहिब से प्रदेशव्यापी हर बूथ मजबूत अभियान की शुरूआत की। इस दौरान चन्नी गुट के कोई प्रमुख नेता कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

### कहा- "लाइसेंसी हथियार हर्ष फायरिंग के लिए नहीं, कारतूसों का रिकॉर्ड जरूरी"

एजेंसी न्यूज

**प्रयागराज:** यूपी के प्रयागराज से एक बड़ी खबर सामने आई है। एक मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने ये फैसला सुनाया है कि हथियार का लाइसेंस हर्ष फायरिंग के लिए नहीं है इसलिए कारतूसों का रिकॉर्ड रखना जरूरी है।

**क्या है पूरा मामला?**

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने हथियारों के लाइसेंस और उनके इस्तेमाल को लेकर बड़ा फैसला दिया है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा कि शस्त्र लाइसेंस प्राप्त करना एक विशेष अधिकार है। लाइसेंसी हथियार का इस्तेमाल शादी-विवाह या धार्मिक आयोजनों में खुशी जाहिर करने के नाम पर हर्ष फायरिंग के लिए नहीं है।

हाई कोर्ट ने कहा कि अगर कोई ऐसा करता है तो यह शस्त्र लाइसेंस की शर्तों का सीधा उल्लंघन माना जाएगा। प्रत्येक लाइसेंस धारक का यह कर्तव्य है कि वह खरीदे गए और इस्तेमाल किए गए सभी कारतूसों का पूरा रिकॉर्ड रखे।

प्रशासन द्वारा याची का लाइसेंस रद्द होने को चुनौती दी गई थी। 857 कारतूसों में से 757



कारतूसों का हिसाब न मिलने के कारण याची का लाइसेंस रद्द किया गया था। जस्टिस सौरभ श्याम शमशेरी की सिंगल बेंच ने याचिकाकर्ता अखिलेश कुमार की याचिका को खारिज करते हुए ये फैसला सुनाया।

**नोएडा से सामने आया था लापरवाही का मामला**

दिसंबर 2025 में यूपी के नोएडा से ही हर्ष फायरिंग का मामला सामने आया था, जिसमें एक शख्स की पिस्टल लोड करते समय फायर हो गया था। इस घटना में शादी में शामिल हुए गेस्ट बाल-बाल बचे थे। मामला नोएडा सेक्टर 93 के बारात घर में एक शादी समारोह के दौरान सामने आया था। अचानक हुए इस फायर से शादी समारोह में अफरा तफरी का माहौल हो गया था।

इस तरह की घटनाएं पूरे देश से अक्सर सामने आती रहती हैं, जहां किसी कार्यक्रम में लोग हर्ष फायरिंग करते हैं और फिर इस फायरिंग की वजह से किसी की जान चली जाती है। तमाम मौकों पर ऐसे लोगों की जानें गई हैं, जिनका कोई कसूर नहीं था, बस उनकी गलती इतनी थी कि वह ऐसे कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां हर्ष फायरिंग हुई।

## एक नजर

### समाधान दिवस में आईं 25 शिकायतें, सात का मौके पर निस्तारण

**बहेड़ी।** अगस्त माह के पहले ही दिन आयोजित समाधान दिवस में राजस्व , आपूर्ति आदि विभागों से जुड़ीं कुल 25 शिकायतें दर्ज कराई गईं जिनमें राजस्व विभाग से संबंधित सात शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। समाधान दिवस के दौरान एक बार फिर केसर शुगर मिल पर चल रहे बकाया भुगतान का मुद्दा उठा भाकियू ( भानु ) संगठन से संबद्ध काफी लोग तहसील कार्यालय पहुंचे और एसडीएम गोपाल शर्मा को अपना मांग पत्र सौंपा। ज्ञापन में किसान नेताओं का कहना था कि केसर मिल की कुर्क की जा चुकी कुछ आराजी को भी बेच दिया गया। मांग की गई कि इस बिक्री की गई जमीन के बैनामे निरस्त कराए जाएँ। इसके अलावा मिल पर बकाया भुगतान को जल्द से जल्द कराए जाने की मांग की गई।

# कोका-कोला डिपो में भीषण आग पेट्रोल पंप के पास मची अफरा-तफरी

### पांच दमकल गाड़ियों ने समय रहते पाया काबू, बड़ा हादसा टला, आग के कारणों की जांच शुरू

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** रामपुर रोड स्थित स्वाले नगर क्षेत्र में शुक्रवार को कोका-कोला डिपो के रिकॉर्ड रूम में अचानक आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया और धुएं का घना गुबार दूर-दूर तक दिखाई देने लगा। स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की पांच गाड़ियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

घटना का सबसे संवेदनशील पहलू यह रहा कि जिस भवन में आग लगी, उसके ठीक बगल में भारत पेट्रोल पंप संचालित है, जहां पेट्रोल, डीजल के साथ सीएनजी की भी सुविधा उपलब्ध है। आग यदि पेट्रोल पंप तक पहुंच जाती तो बड़ा विस्फोट हो सकता था और भारी जनहानि की आशंका थी। दमकल कर्मियों की त्वरित कार्रवाई से आग को समय रहते फैलने से रोक लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आग रिकॉर्ड रूम तक ही सीमित रही। आग की चपेट में आने से वहां रखे महत्वपूर्ण दस्तावेज और अन्य सामान जलकर राख हो गए। हालांकि इस घटना में किसी के घायल होने या जनहानि की सूचना नहीं है। विभागीय अधिकारी नुकसान का आकलन करने में जुटे हैं। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और घटनास्थल का निरीक्षण किया। फायर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए तकनीकी जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि आग शॉर्ट सर्किट, लापरवाही या किसी अन्य कारण से लगी।

घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों ने औद्योगिक और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था की नियमित जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि अग्निशमन उपकरणों की समय-समय पर जांच और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बना जानलेवा, डेढ़ महीने में हुआ तीसरा बड़ा हादसा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** शहर में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रशासनिक प्रतिबंध और कार्रवाई के दावों के बावजूद इसकी बिक्री और इस्तेमाल नहीं रुक रहा है। शुक्रवार शाम किला पुल के पास चाइनीज मांझे की चपेट में आने से विद्युत विभाग के एक कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हादसे के साथ ही डेढ़ महीने के भीतर चाइनीज मांझे से घायल होने की यह तीसरी बड़ी घटना सामने आई है।

सुभाषनगर थाना क्षेत्र के करेली गांव निवासी सोहिल कमाल फतेहगंज पश्चिमी स्थित विद्युत विभाग के एसडीओ कार्यालय में तैनात हैं। शुक्रवार शाम ड्यूटी समाप्त कर वह बाइक से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह किला पुल के पास पहुंचे, हवा में लटक रहा प्रतिबंधित चाइनीज मांझा अचानक उनके चेहरे से टकरा गया। मांझे की तेज धार से उनकी नाक और चेहरे पर गहरे कट लग गए। दर्द से तड़प रहे कर्मचारी को राहगीरों ने संभाला और तत्काल प्राथमिक उपचार दिलाया। उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। इससे पहले 15 जून को श्यामगंज फ्लाईओवर पर प्रदेश के गन्ना राज्यमंत्री संजय गंगवार के भतीजे वीर सिंह गंगवार भी चाइनीज मांझे की चपेट में आ गए थे। स्कूटी से जाते समय मांझा उनकी गर्दन में फंस गया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े थे। वहीं 29 जुलाई को महादेव पुल पर कोचिंग जा रहे कक्षा 12 के छात्र वैभव प्रताप सिंह की गर्दन भी चाइनीज मांझे से कट गई थी। अचानक गर्दन में मांझा फंसने से वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा था। एक राहगीर ने समय रहते उसे अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाई। लगातार हो रही इन घटनाओं के बावजूद शहर में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की खुलेआम बिक्री और इस्तेमाल जारी है। हर हादसे के बाद कार्रवाई की बात कही जाती है, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात नहीं बदल रहे हैं। लगातार तीसरी घटना के बाद लोगों में नाराजगी बढ़ गई है। शहरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रतिबंधित मांझे की बिक्री करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों पर रोक लगाई जा सके।

# सड़क हादसे में सीनियर मार्केटिंग इंस्पेक्टर घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** खाद्य एवं रसद विभाग में ए एम ओ के पद पर तैनात सीनियर मार्केटिंग इंस्पेक्टर सुबोध यादव शनिवार सुबह दक्षिणी हाइवे पर गाँव जाम बाजार के निकट एक सड़क हादसे में बुरी तरह घायल हो गये। घायल अवस्था में उन्हें नगर के एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बरेली भेजा गया। हादसे की सूचना पाकर विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों में हड़कम्प मच गया।

जानकारी के अनुसार, एस एम आई सुबोध यादव शनिवार सुबह अपनी निजी कार में सवार होकर बरेली से स्थानीय मंडी समिति स्थित अपने आफिस जा रहे थे कि गांव जाम बाजार के उनकी कार सबसे पहले एक बाइक से टकराते बची और फिर अनियंत्रित होकर एक ट्रक से जा टकराई। टक्कर से कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। आसपास खड़े लोगों ने जैसे तैसे उन्हें कार से बाहर निकाला। सूचना मिलते ही राइस मिलर्स न ईम अहमद, मो खालिद, अलीम व अब्दुल खालिक आदि आननफानन मौके पर पहुंचे। घायल अवस्था में एस एम आई को पहले एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहाँ हालत को गंभीर मानते हुए प्राथमिक चिकित्सा करके बरेली भेज दिया गया जहाँ विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार चल रहा है। घटना के बाद जाम बाजार के निकट जाम लगने जैसे हालात बन गये।

## अवैध वसूली, एसआईटी और मेट्रो की मांग

**बरेली।** गरीब शक्ति दल के संगठन प्रमुख मनोज विकट के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शनिवार को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसीएम को सौंपा। मनोज विकट ने निजी वाहनों द्वारा की जा रही अवैध किराया वसूली पर रोक लगाने, प्रदेश में एसआईटी के गठन और बरेली में मेट्रो ट्रेन चलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर श्रद्धालुओं और पर्यटकों से ई-रिक्शा व ऑटो चालक मनमाना किराया वसूलते हैं। इस पर रोक के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। साथ ही, बरेली के बढ़ते यातायात को देखते हुए मेट्रो परियोजना शुरू की जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में गगन जैन, मोहम्मद रफी, राबिया, रूबी और संजीव सागर शामिल रहे।

# डॉ. सीमा का मीरगंज सीएचसी निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मीरगंज।** अपर निदेशक (स्वास्थ्य) डॉ. सीमा अग्रवाल ने शनिवार दोपहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मीरगंज का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डॉ. सीमा अग्रवाल ने एक्स-रे रूम, डेंटल कक्ष, बीपीएमयू, इमरजेंसी कक्ष, ओपीडी, टीबी कक्ष, औषधि वितरण कक्ष, कोल्ड चेन, ऑपरेशन थिएटर, लेबर रूम, जननी सुरक्षा योजना (जेएसवाई) वार्ड तथा बीपीएचयू का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) के




सीएचसी का निरीक्षण करतीं अपर निदेशक ( स्वास्थ्य ) डॉ . सीमा अग्रवाल।

संचालन का भी पर्यवेक्षण किया, जो संतोषजनक पाया गया। उन्होंने फार्मासिस्ट को कांवड़ यात्रा के दौरान दवा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। साथ ही बरसात के मौसम को देखते हुए स्नेक बाइट (सर्पदंश) के मामलों के प्रभावी प्रबंधन के लिए पर्याप्त दवाओं, उपकरणों और अन्य आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के समय मंडलीय सर्विलांस अधिकारी डॉ. अखिलेश्वर सिंह, डॉ. गंगा सरन, सीएचसी अधीक्षक डॉ. वैभव राठौर, बीपीएम पुनीत सक्सेना, बीसीपीएम प्रेमपाल, आईओ धनेश्वर गिरी, हरिशंकर, हिमांशु गुप्ता, दुर्गेश मिश्रा सहित अस्पताल का अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

## पीलीभीत–बहेड़ी रेल रूट की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** रेलवे विभाग द्वारा पीलीभीत रूट के सेंथल से होकर देवरनिया तक नयी रेलवे लाइन की परियोजना को लेकर कवायद शुरू की जा रही है जिसके जरिये लालकुआँ तक कनेक्टिविटी बढ़ाई जा सके। इसी संदर्भ में व्यापार मंडल की स्थानीय इकाई के कुछ पदाधिकारी केंद्रीय मंत्री तथा पीलीभीत- बहेड़ी लोकसभा क्षेत्र के सांसद जितिन प्रसाद से मिले और रेल रूट में संशोधन किए जाने संबंधी ज्ञापन सौंपा।

व्यापार मंडल तहसील अध्यक्ष अतुल गर्ग की अगुवाई में गये व्यापारियों द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि प्रस्तावित नयी रेल लाइन को सेंथल- देवरनिया के बजाय पीलीभीत- बहेड़ी होकर गुजारा जाए इससे दूरी भले ही 20 किमी बढ़ जाए पर भविष्य के लिए यह परियोजना इलाके के विकास के लिए नये आयाम गढ़ेगी। पीलीभीत टाइगर रिजर्व घोषित जिला है। इस नये रेल रूट के अस्तित्व में आने के बाद पर्यटकों के आने जाने से सरकार के राजस्व में बढोत्तरी हो जाएगी। इतना ही नहीं, भविष्य में लखीमपुर, पीलीभीत व मैलानी से होकर आने वाली ट्रेनों को बहेड़ी होते हुए दिल्ली तक भेजा जा सकेगा। केंद्रीय मंत्री से कहा गया है कि सेंथल_ देवरनिया नये रेल रूट की परियोजना अभी शुरुआती चरण में है। न इसके लिए अभी कोई बजट आवंटित किया गया है इसलिए प्रशासनिक तथा तकनीकी दोनों रूपों से इसमें बदलाव किए जाने की गुंजाइश बनी हुई है। यह जनमत की मांग भी है। ज्ञापन देने वालों में अतुल गर्ग के अलावा, कमल जीत सिंह, सलीम रहवर, अनूप गुप्ता तथा वसीम आइडिया मुख्य रूप से शामिल रहे।




जल भरने हरिद्वार शिवभक्त। -जागरण मोर्चा

# शिवभक्तों का जत्था हरिद्वार रवाना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** भगवान भोलेनाथ से जुड़े सावन के पवित्र माह में अपने आराध्य का जलाभिषेक कर पुण्य लाभ कमाने की मंशा के साथ गांव गुड़वारा से 40 शिवभक्तों का एक जत्था शनिवार शाम पांच बजे हरिद्वार से जल भरकर लाने के लिए रवाना हो गया दक्षिणी बाइपास पर नगर सीमा के निकट तमाम श्रद्धालुओं ने शिवभक्तों का हौसला बढ़ा कर फूल मालाओं से सम्मानित किया। इस दौरान पूरा बातावरण शिवमय,हो गया। हरिद्वार से आकर शिवभक्त सोमवार दस अगस्त को प्राचीन शिव मंदिर पर जलाभिषेक करेंगे। जत्थे में महंत हरीश शर्मा के साथ जय प्रकाश कश्यप, रवि कश्यप आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं।

## 32 में से 5 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

**बरेली।** तहसील में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम (वित्त एवं राजस्व) संतोष कुमार सिंह ने जनता की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुल 32 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 5 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। सर्वाधिक शिकायतें राजस्व (10) और पुलिस (8) विभाग से आईं, जबकि चकबंदी से 2 और विकास, बिजली व शिक्षा से 1-1 मामला सामने आया। एडीएम ने अधिकारियों को पारदर्शी व समयबद्ध निस्तारण की हिदायत देते हुए लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। इस अवसर पर एसडीएम निधि शुक्ला, तहसीलदार आशीष कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सावन के चार सोमवार स्कूल-कॉलेजों में अवकाश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**▶ कांवड़ यात्रा और भारी भीड़ को देखते हुए डीएम का आदेश, शिक्षक–कर्मचारी रहेंगे उपस्थित**



**बरेली।** सावन माह में निकलने वाली विशाल कांवड़ यात्रा और लाखों श्रद्धालुओं की आवाजाही को देखते हुए जिला प्रशासन ने विद्यार्थियों की सुरक्षा के मद्देनजर बड़ा निर्णय लिया है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने जिले के सरकारी एवं निजी स्कूलों के साथ-साथ महाविद्यालयों, आईटीआई, पॉलिटेक्निक और तकनीकी शिक्षण संस्थानों में सावन के चारों सोमवार विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित किया है।

जारी आदेश के अनुसार 3 अगस्त, 10 अगस्त, 17 अगस्त और 24 अगस्त को विद्यार्थियों की नियमित कक्षाएं संचालित नहीं होंगी। हालांकि इन दिनों शिक्षकों और शिक्षणेतर कर्मचारियों को शासकीय कार्यों के लिए संस्थानों में उपस्थित रहना होगा। जिलाधिकारी ने बताया कि सावन के प्रत्येक सोमवार से पहले रविवार रात से ही बड़ी संख्या में कांवड़िए बरेली के सातों नाथ मंदिरों में जलाभिषेक के लिए पहुंचने लगते हैं। सोमवार सुबह जलाभिषेक के बाद श्रद्धालु विभिन्न मार्गों से लौटते हैं, जिससे शहर के प्रमुख मार्गों पर कई घंटों तक भारी यातायात दबाव और जाम की स्थिति बनी रहती है। ऐसे में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है।

यह आदेश बरेली महानगर के सभी यूपी बोर्ड, सीबीएसई, आईसीएसई तथा अन्य बोर्डों से संचालित सरकारी और निजी विद्यालयों पर लागू होगा। इसके अलावा दिल्ली रोड और बदायूं रोड के पांच किलोमीटर के दायरे में स्थित सभी महाविद्यालय, तकनीकी संस्थान, आईटीआई, पॉलिटेक्निक तथा अन्य शिक्षण संस्थानों में भी विद्यार्थियों की कक्षाएं बंद रहेंगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि चारों सोमवार विद्यार्थियों के लिए अवकाश रहेगा, लेकिन शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ को अपने-अपने संस्थानों में उपस्थित रहकर आवश्यक प्रशासनिक कार्यों का निष्पादन करना होगा। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि किसी विश्वविद्यालय, बोर्ड या आयोग की पूर्व निर्धारित परीक्षा इन तिथियों पर प्रस्तावित है तो वह अपने तय कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित होगी। परीक्षा कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। जिला प्रशासन ने सभी शिक्षण संस्थानों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

**लग्जरी** | स्विट्ज़रलैंड और दुबई से प्रेरित प्रोजेक्ट में 20+ विश्वस्तरीय सुविधाएं

# वन ओक फॉरेस्टा : अब बरेली में इंटरनेशनल लग्ज़री लाइफस्टाइल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर की आधुनिक और लग्ज़री लाइफस्टाइल को बरेली में साकार करने के उद्देश्य से वन ओक फॉरेस्टा ने अपने प्रीमियम आवासीय प्रोजेक्ट के अंतर्गत शानदार 2 एवं 3 बीएचके घरों की पेशकश की है। यह परियोजना आधुनिक वास्तुकला, उत्कृष्ट डिज़ाइन और विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ तैयार की गई है, जिससे शहरवासियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की रहने की सुविधा उपलब्ध हो सके।



रवि मानसिंह पाल।

फॉरेस्टा की योजना और आर्किटेक्चर विश्व के प्रमुख शहरों जैसे स्विट्ज़रलैंड, बैंकॉक, लंदन और दुबई की आधुनिक आवासीय अवधारणाओं से प्रेरित है। परियोजना में प्रवेश करते ही प्रीमियम लाइफस्टाइल का अलग अनुभव मिलता है, जहाँ प्रत्येक घर को आधुनिक सुविधाओं और आरामदायक जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है। परियोजना में निवासियों के लिए 20 से अधिक विश्वस्तरीय सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं, जिनमें स्विमिंग पूल, रूफटॉप




स्काई गार्डन, आधुनिक जिम, पिकलबॉल कोर्ट, खूबसूरती से विकसित हरित क्षेत्र सहित अनेक प्रीमियम सुविधाएँ शामिल हैं। इस अवसर पर 1-OAK के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट रवि मानसिंह पाल ने कहा, "हमारा उद्देश्य केवल घर बनाना नहीं, बल्कि बरेली के लोगों को एक ऐसी अंतरराष्ट्रीय स्तर की लाइफस्टाइल उपलब्ध कराना है, जो अब तक केवल बड़े महानगरों और विदेशों में देखने को मिलती थी। वन ओक फॉरेस्टा में आधुनिक सुविधाओं, बेहतर निर्माण गुणवत्ता और प्रकृति के संतुलित समावेश के साथ ऐसा वातावरण तैयार किया गया है, जहाँ हर परिवार आराम, सुरक्षा और प्रीमियम जीवनशैली का अनुभव कर सके। हमें विश्वास है कि यह परियोजना बरेली के रियल एस्टेट सेक्टर में एक नया मानक स्थापित करेगी।" वन ओक फॉरेस्टा का उद्देश्य केवल लग्ज़री आवास उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि ऐसा आधुनिक आवासीय वातावरण विकसित करना है जहाँ प्रकृति और आधुनिक सुविधाओं का संतुलित समावेश हो तथा परिवार के प्रत्येक सदस्य को बेहतर जीवनशैली का अनुभव प्राप्त हो। जो लोग अपने सपनों का प्रीमियम घर तलाश रहे हैं, उनके लिए वन ओक फॉरेस्टा एक उत्कृष्ट विकल्प है। इच्छुक लोग परियोजना का साइट विज़िट कर इसकी विशेषताओं का प्रत्यक्ष अनुभव ले सकते हैं।

## घरों की दीवारों में गंदा पानी, शिकायत

**आंवला।** संपूर्ण समाधान दिवस में वार्ड 12 के सभासद रामबहादुर प्रजापति ने मोहल्लेवासियों के साथ कच्ची गली पक्की कराने की मांग उठाई।

शिकायत में बताया कि महेश के मकान से झंडू मौर्य के मकान तक की गली कच्ची है। आरोप है कि एक व्यक्ति के विरोध से निर्माण रुका है और उसने गली में कच्ची नाली खोद दी है। इससे भैंसों का गोबर और गंदा पानी घरों की दीवारों में जा रहा है, जिससे मकान गिरने का खतरा है। एसडीएम सुशील कुमार मिश्रा ने संज्ञान लेते हुए अधिशासी अधिकारी को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान महेश और दयाराम मौजूद रहे।

# कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस अलर्ट, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** सावन माह में कांवड़ यात्रा को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए बरेली पुलिस ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कांवड़ यात्रा मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

प्रमुख चौराहों और मार्गों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से 24 घंटे निगरानी की जाएगी, जिसकी मॉनिटरिंग पुलिस लाइन स्थित कंट्रोल रूम से होगी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कांवड़ियों के साथ पुलिसकर्मियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है। प्रत्येक टीम में एक पुलिसकर्मी सादा वर्दी में भी रहेगा, जो संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेगा और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल कार्रवाई करेगा। महिला कांवड़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महिला पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई है। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर महिला श्रद्धालु तुरंत पुलिस से संपर्क कर सकेंगी, जिससे मौके पर ही सहायता उपलब्ध कराई जा सके। पुलिस प्रशासन ने श्रद्धालुओं से यात्रा के दौरान नियमों का पालन करने, अफवाहों से बचने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस को देने की अपील की है।

### एक नजर

## मायके आई विवाहिता के जेवर व नगदी हुए चोरी

**फरीदपुर (बरेली)।** थाना क्षेत्र के ग्राम फर्रखपुर मझौआ में मायके आई विवाहिता के जेवरात और नकदी संदूक से गायब हो गए। पीड़िता ने अपनी छोटी भाभी पर चोरी का आरोप लगाया है।जनपद पीलीभीत के बीसलपुर निवासी गुलनाज पत्नी वाजिद अली ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह दो हफ्ते पहले मायके आई थी। उसने अपनी सोने की झुमकी, पैंडल, चांदी की पायलें और दो हजार रुपये नकदी बड़ी भाभी के कमरे में रखे संदूक में छिपाए थे। इसकी जानकारी उसने अपनी छोटी भाभी साहिबा को दी थी। आरोप है कि चार-पांच दिन पहले संदूक से आभूषण और नकदी गायब हो गए। तलाशी का विरोध करते हुए आरोपी छोटी भाभी अपने पति संग मायके चली गई। पीड़िता ने फरीदपुर कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस जांच में जुट गई है।

# 1500 रजाकारों के हाथों में होगी उर्स की कमान

## जायरीन की मदद के लिए दरगाह ,इस्लामिया मैदान समेत सभी प्वाइंटों की संभालगे व्यवस्था

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** उर्स-ए-रज़वी में दुनिया भर से शिरकत के लिए बड़ी संख्या में जायरीन की आमद के मद्देनजर दरगाह की ओर से तैयारियां अंतिम चरण पर है। दरगाह प्रमुख हज़रत मौलाना सुब्हान रज़ा खान(सुब्हानी मियां) व सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रज़ा क़ादरी (अहसन मियां) ने 1500 रजाकारों की टीम गठित की है जो उर्स के दौरान 24 घंटे मुस्तैदी के साथ सभी व्यवस्था संभालेगे। पूरी टीम सय्यद आसिफ मियां के नेतृत्व में काम करेगी। सय्यद आसिफ मियां ने सभी की जिम्मेदारिया तय कर दी है। ताकि उर्स सकुशल सम्पन्न कराया जाए। दरगाह के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि सभी रजाकारों की 8-8 घंटे की शिफ्टों में ड्यूटीलगाई गई है। जो तीनों दिन 24 घंटे मुस्तैदी से जायरीन की खिदमत को अंजाम देंगे। टीमें दरगाह परिसर,उर्स स्थल इस्लामिया, रेलवे जंक्शन, सेटेलाइट, रोडवेज, कुतुबखाना चौराहा, चौपला चौराहा, किला, बिहारीपुर, नावेल्टी चौराहा, कुमार सिनेमा, अय्यूब खान चौराहा पर मौजूद रहेंगी। सभी को सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने परिचय पत्र सौंप दिए है। मंच की जिम्मेदारी मुफ्ती अकिल रज़वी, मुफ्ती सलीम नूरी बरेलवी, मुफ्ती सय्यद कफील हाशमी, मुफ्ती अय्यूब नूरी आदि की निगरानी में दुनियाभर के उलेमा तकरीर करेंगे। संचालन कारी यूसुफ रज़ा संभली, उर्स निगरा राशिद अली खान, औरंगज़ेब नूरी, ताहिर अल्वी, परवेज़ नूरी, अजमल नूरी, शाहिद नूरी, शान रज़ा, प्रशासनिक व्यवस्था हाजी जावेद खान, मीडिया नासिर कुरैशी, दरगाह परिसर व मज़ार शरीफ की व्यवस्था अब्दुल माजिद की टीम संभालेगी। इसके अलावा नगर निगम हाजी अब्बास नूरी, मंज़ूर रज़ा व नईम रज़ा, रज़ा फोर्स युनुस गद्दी, लंगर मुजाहिद रज़ा, कार्यालय पूछताछ अब्दुल वाजिद नूरी, इशरत नूरी, उर्स का लाइव ऑनलाइन ऑडियो प्रसारण रोमान खान, सुहैल रज़ा, सऊद रज़ा के जिम्मे रहेंगे।

इसके अलावा तारिक सईद, आलेनबी, सय्यद माजिद, सय्यद एजाज़, जोहेब रज़ा, फारूक खान, काशिफ रज़ा, सबलू अल्वी, नाज़िम रज़ा, मोहसिन रज़ा, हाजी शरिक नूरी, हाजी शकील नूरी, हाजी फय्याज नूरी, अजमल रज़ा, समी रज़ा, आदिल रज़ा, मुस्तकीम नूरी, शाद रज़ा, अरबाज़ रज़ा, इरशाद रज़ा, गौहर खान, हसीन खान, रफ़ी रज़ा, साकिब रज़ा, जीशान कुरैशी, अयान कुरैशी, तनवीर रज़ा,आरिफ नूरी, जावेद खान, सय्यद रजब अली, हाजी शरिक नूरी, शारिक बरकाती, हाजी अज़हर बेग संचार, विद्युत, पंडाल, ट्रैफिक, रेलवे आदि व्यवस्था संभालने का जिम्मा दिया गया है।

उधर दरगाह पर चादर का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। सज्जादानशीन की अपील पर अमल करते हुए रहपुरा चौधरी से 108 फूलों की डलियों का जुलूस बिना डीजे के समी रज़ा, अजमल रज़ा, हाजी नदीम, जाहिद रज़ा, इशरत नूरी के नेतृत्व में दरगाह पहुंचा। सभी ने मुल्क व मिल्लत की खुशहाली की दुआ की। आज 02 अगस्त रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक विशाल हेल्थ कैंप सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां की सरपरस्ती में हसीन मियां शादी हाल ईदगाह गेट हुसैन बाग में लगेगा। जिसमें मुफ्त परामर्श,मुफ्त दवाइयाँ,खून की जांच,मुफ्त ऑपरेशन के लिए रजिस्ट्रेशन किए जाएंगे। कैंप का आयोजन मोहसिन हसन खान सदर मरकज ए अहले सुन्नत वेलफेयर ट्रस्ट की जानिब से लगेगा। उन्होंने शहर के सभी मजहबों के लोगों से कैंप का लाभ उठाने की अपील की है।

## कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने किया रविदास कलश पूजन

**बरेली।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के अवसर पर वाराणसी से देश भर में भेजी गई कलश यात्रा का बरेली पहुंचने पर भव्य स्वागत हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और गुरु निरंजन दास द्वारा पूजित इस कलश का कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ विधिवत पूजन किया। विधायक संजीव अग्रवाल ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गुरु रविदास जी के जीवन और उनके सामाजिक समरसता के संदेश पर प्रकाश डाला। इस दौरान आनंद प्रकाश, मनोज थपलियाल, शिशुपाल कठेरिया, पंडित रवि पांडे, अरुण कश्यप, अमरीश कठेरिया और हरिशंकर राजपूत सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भूमाफिया का 'खाकी कवच'! करोड़ों की जमीन हड़पने के आरोप से मचा हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय



▸ महिला का दावा, बीमार बुजुर्ग से जबरन कराए हस्ताक्षर, विरोध करने पर भांजे को जेल भेजा, परिवार को धमकी

**बरेली।** शहर के प्रेमनगर क्षेत्र निवासी अनीता मौर्य ने पुलिस और कथित भूमाफियाओं पर करोड़ों रुपये की पैतृक जमीन हड़पने की साजिश रचने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि उनके नंदोई दाताराम मौर्य की इज्जतनगर क्षेत्र स्थित जमीन का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। दाताराम अस्वस्थ हैं, जिसका फायदा उठाकर 18 जुलाई को कुछ लोग उन्हें कथित रूप से बैंक से जबरन गाड़ी में बैठाकर ले गए, धमकाया और कई दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करा लिए। इसके बाद रजिस्ट्री कार्यालय में जमीन की रजिस्ट्री कराने का प्रयास किया गया, लेकिन परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस और निबंधक कार्यालय में दिए गए प्रार्थना पत्र के कारण रजिस्ट्री रुक गई। अनीता मौर्य का आरोप है कि अगले ही दिन पुलिसकर्मी उनके नंदोई के घर पहुंचे और मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। बाद में कोतवाली बुलाकर सादे कागजों पर जबरन हस्ताक्षर कराए गए तथा कथित रूप से कहा गया कि पहले रजिस्ट्री कराओ, तभी बेटे को छोड़ा जाएगा। महिला का आरोप है कि रजिस्ट्री से इनकार करने पर उनके भांजे रजत मौर्य को तीन दिन तक थाने में अवैध रूप से बैठाए रखने के बाद एक मुकदमे में नामजद कर जेल भेज दिया गया। प्रेस वार्ता में अनीता ने सुनित अग्रवाल व हरीश समेत अन्य लोगों पर लगातार धमकी देने, जमीन की रजिस्ट्री कराने का दबाव बनाने और धमकी देने का भी आरोप लगाया। उन्होंने अधिकारियों से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की हैं । इस संबंध में पूछे जाने पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह ने बताया कि संबंधित प्रकरण में पूर्व से विधिक कार्रवाई करते हुए मुकदमा पंजीकृत किया जा चुका है तथा नामजद आरोपी को जेल भेजा गया है। उन्होंने कहा कि आरोपी के परिजनों द्वारा पुलिस पर लगाए जा रहे सभी आरोप तथ्यहीन, निराधार एवं भ्रामक हैं। पुलिस ने समस्त कार्रवाई उपलब्ध साक्ष्यों एवं विधिक प्रावधानों के अनुरूप की है।

## कोतवाली प्रभारी ने बिजली अफसरों संग की बैठक

**फरीदपुर (बरेली)।** कांवड़ यात्रा की सुरक्षा को लेकर शनिवार को कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम ने विद्युत उपखण्ड के नवागत एसडीओ संजीव कुमार गुप्ता और जेई राम सिंह यादव के साथ समन्वय बैठक की। कोतवाल ने कांवड़ रूटों पर लटकते बिजली तारों को दुरुस्त करने और पोल में करंट उतरने के खतरे से बचाव के लिए पोलों पर पॉलीथिन लपेटने के निर्देश दिए। विद्युत अधिकारियों ने सुरक्षात्मक कार्य शीघ्र शुरू कराने का आश्वासन दिया। इंस्पेक्टर राधेश्याम ने कहा कि किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सतर्कता जरूरी है। यात्रा को निर्बाध व सुरक्षित संपन्न कराने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

# 32 शिकायतों में मौके पर 3 का निस्तारण

जागरण मोर्चा कार्यालय



**आंवला।** तहसील सभागार में माह के प्रथम शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 32 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

समाधान दिवस में पैगा गांव निवासी छात्र अतीतपाल ने कुछ लोगों पर रास्ते में मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। वहीं, कस्बा आंवला के मोहल्ला ताड़गंज निवासी कालीचरन, बालकिशन, रामकिशन, अजय समेत करीब दो दर्जन लोगों ने बिजली के खंभों पर केबल डलवाने की मांग की। उनका आरोप था कि विभाग ने पोल तो लगा दिए हैं, लेकिन अब तक केबल नहीं डाली गई है, जिससे बिजली आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी। दिगोई गांव निवासी रामोतार ने अपने भाई और भतीजे पर रुपये लेकर वापस न करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। वहीं, खनगांवा श्याम गांव निवासी दिवंगत अंकित की पत्नी नीलम ने बताया कि वह वर्तमान में अपने मायके डरूआपुर में पिता पूरनलाल के साथ रह रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके ससुराल पक्ष के लोग सरकारी लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से उनके पुनर्विवाह की झूठी अफवाह फैला रहे हैं। उन्होंने मामले में कार्रवाई की मांग की। समाधान दिवस में राजस्व विभाग की ग्यारह, पुलिस विभाग की नौ, विकास विभाग की चार तथा अन्य विभागों की आठ शिकायतें प्राप्त हुईं। इस दौरान उपजिलाधिकारी सुशील कुमार मिश्रा, तहसीलदार अतुल कुमार सिंह, नायब तहसीलदार दीप्ति पाल सहित तहसील क्षेत्र के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# डिग्री कालेज में दीक्षारंभ कार्यक्रम

जागरण मोर्चा कार्यालय




**आंवला।** डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को सत्र 2026-27 के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों का स्वागत करने के साथ उन्हें महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन और विभिन्न सुविधाओं से परिचित कराना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महाराणा प्रताप सिंह के संबोधन से हुआ। उन्होंने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की गौरवशाली परंपराओं, अनुशासन, शैक्षणिक गतिविधियों एवं नैतिक मूल्यों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, समयपालन और सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का आह्वान किया। इस दौरान विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020), पाठ्यक्रम, परीक्षा प्रणाली, क्रेडिट आधारित शिक्षा व्यवस्था, पुस्तकालय, छात्रवृत्ति, करियर परामर्श, रोजगारपरक गतिविधियों, एंटी रैगिंग प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ, आईक्यूएसी, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) तथा महाविद्यालय में उपलब्ध अन्य सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों को महाविद्यालय परिसर, शैक्षणिक संसाधनों एवं विभिन्न सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों से भी अवगत कराया गया, ताकि वे अपने शैक्षणिक जीवन की सफल एवं सकारात्मक शुरुआत कर सकें। कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सौरभ कुमार ने किया।

## नामकरण फायरिंग
## दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**बरेली।** कजरौटा गांव में नामकरण समारोह के दौरान हुई फायरिंग मामले में पुलिस ने दूसरे फरार आरोपी विक्रम को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। घटना 30 जुलाई की है, जब शेखर की बेटी के नामकरण कार्यक्रम में बिना निमंत्रण पहुंचे चमन और विक्रम ने विवाद के बाद फायरिंग कर दी थी। इस घटना में शेखर के पैर में गोली लग गई थी। पुलिस मुख्य आरोपी चमन को पहले ही जेल भेज चुकी है। देर रात मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने उचसिया के पास घेराबंदी कर दूसरे आरोपी विक्रम को भी दबोच लिया।

# प्रेम विवाह के बाद रिश्ते में दरार, पति पर देह व्यापार के लिए दबाव बनाने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



▸ पीड़िता बेटी को लेकर मायके पहुंची, एसएसपी के निर्देश पर सुभाषनगर थाने में मुकदमा दर्ज

**बरेली।** प्रेम विवाह के सात साल बाद एक महिला ने अपने पति पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। महिला का आरोप है कि उसका पति घर में युवतियों को बुलाकर देह व्यापार कराता था और बाद में उस पर भी इस धंधे में उतरने का दबाव बनाने लगा। आरोपों से परेशान होकर वह अपनी मासूम बेटी को साथ लेकर मायके चली गई। एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर सुभाषनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने 10 फरवरी 2019 को तिलक कॉलोनी निवासी अंकुश से प्रेम विवाह किया था। शादी के समय परिवार ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार सोने-चांदी के आभूषण, बाइक, कार और एक मकान भी दिया था। विवाह के करीब एक वर्ष बाद बेटी का जन्म हुआ, लेकिन इसके बाद पति का व्यवहार बदलने लगा। महिला का कहना है कि पति कोई स्थायी रोजगार नहीं करता था और बार-बार नौकरी छोड़ देता था। घर का खर्च उठाने के बजाय वह उस पर मायके से रुपये लाने का दबाव बनाता था। विरोध करने पर शराब के नशे में मारपीट और अभद्रता करता था। कई बार उनकी छोटी बेटी के सामने भी उसके साथ मारपीट की गई। उसने ससुराल पक्ष से शिकायत की, लेकिन किसी ने उसकी मदद नहीं की। पहले भी पुलिस में शिकायत की गई थी, लेकिन समझौते के बाद मामला शांत हो गया था। शिकायत में महिला ने आरोप लगाया है कि उसका पति अपने साथियों के साथ घर में लड़कियां लाता था और उनसे देह व्यापार कराता था। इसके बदले वह पैसे लेता था। बाद में उसने पत्नी पर भी इसी धंधे में शामिल होने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। अपनी और बेटी की सुरक्षा को देखते हुए वह ससुराल छोड़कर मायके आ गई और एसएसपी से कार्रवाई की मांग की।

मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी अनुराग आर्य ने जांच के निर्देश दिए। इसके बाद सुभाषनगर थाना पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। इंस्पेक्टर सतीश नैन ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# लिवइन पार्टनर के रहस्यमय ढंग से गायब होने पर महिला ने लगाई गुहार, पत्नी और सालों पर लगाए गंभीर आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** आंवला क्षेत्र की एक महिला ने अपने लिवइन पार्टनर के अचानक लापता होने का मामला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के सामने उठाते हुए न्याय की मांग की है। महिला का आरोप है कि जिस व्यक्ति के साथ वह पिछले करीब दस वर्षों से रह रही थी, उसे उसकी पत्नी और दो रिश्तेदार अपने साथ ले गए। इसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। महिला ने आशंका जताई है कि उसके साथ कोई गंभीर घटना हो सकती है।

एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में महिला ने बताया कि करीब 10-12 वर्ष पहले दिल्ली में उसकी मुलाकात भोजीपुरा थाना क्षेत्र के मुरारपुर गांव निवासी रियाज खान से हुई थी। समय के साथ दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और वे लंबे समय से साथ रह रहे थे। महिला का कहना है कि उनके दो बच्चे भी हैं और रियाज ऑटो चलाकर पूरे परिवार का खर्च उठाता था। महिला का आरोप है कि रियाज की पत्नी नगमा तथा उसके भाई शकील और सलीम इस रिश्ते का लगातार विरोध कर रहे थे। उसके मुताबिक, तीनों कई बार फोन पर धमकी देकर रियाज पर उससे अलग होने का दबाव बनाते थे। महिला ने यह भी कहा कि उसे भी कई बार जान से मारने की धमकियां मिलीं। शिकायत के अनुसार, 22 जुलाई की रात नगमा अपने भाइयों के साथ मुरारपुर पहुंची और रियाज को उसके ऑटो सहित अपने साथ ले गई। तब से न तो वह घर लौटा और न ही उसका मोबाइल चालू हुआ। महिला का कहना है कि उसने रिश्तेदारों, परिचितों और संभावित स्थानों पर काफी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। पीड़िता ने आरोप लगाया कि रियाज के गायब होने के बाद उसकी पत्नी ने उल्टे उसी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी। इससे वह मानसिक तनाव में है और अपनी सुरक्षा को लेकर भी डरी हुई है। उसका कहना है कि यदि समय रहते पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई नहीं की तो उसके साथ भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है। महिला ने एसएसपी से रियाज की जल्द बरामदगी, नामजद आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि शिकायत प्राप्त हो चुकी है। मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एआई और 4700 कैमरों से होगी कांवड़ियों की निगरानी

**बरेली।** मुख्य सचिव एसपी गोयल और डीजीपी राजीव कृष्ण ने सर्किट हाउस में बरेली-मुरादाबाद मंडल के नौ जिलों की कांवड़ यात्रा तैयारियों की समीक्षा की। डीजीपी ने निर्देश दिए कि इस बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक से यात्रा की पल-पल निगरानी की जाएगी। उन्होंने अफसरों से तकनीक का अधिकतम इस्तेमाल कर कांवड़ यात्रा को पूरी तरह निर्विघ्न और सुरक्षित बनाने का आह्वान किया। इसके लिए बरेली में एक भव्य कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित किया गया है। इस विशेष सेंटर से नौ जिलों में सक्रिय कुल 4700 सीसीटीवी कैमरों का सीधा एक्सेस रहेगा, जिससे सुरक्षा चाक-चौबंद रहेगी।

# संदिग्ध अवस्था में पेड से लटका मिला युवक का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

जागरण मोर्चा कार्यालय

▸ 18 वर्षीय युवक का शव प्लास्टिक की रस्सी से लटका मिला, पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा

▸ प्रेम प्रसंग की चर्चा, वायरल ऑडियो की भी जांच में जुटी पुलिस



**आंवला।** शनिवार सुबह 18 वर्षीय युवक का शव गांव से करीब 500 मीटर दूर एक आम के बाग में पेड़ से प्लास्टिक की रस्सी के सहारे लटका मिला। सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव मऊचंदपुर निवासी सुनील ने बताया कि उसका छोटा भाई दिनेश पुत्र हरप्रसाद शुक्रवार रात भोजन करने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया था। शनिवार सुबह उसका शव बाग में लटका मिलने की उसे सूचना मिली। सुनील ने आरोप लगाया कि पड़ोस के रहने वाले कुछ लोगों ने पहले भी दिनेश के साथ मारपीट की थी और कई बार जान से मारने की धमकी दी थी। उन्होंने इन्हीं लोगों पर हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को शिकायत दी है। ग्रामीणों के अनुसार दिनेश का पड़ोस की एक युवती से प्रेम प्रसंग था, जिसे लेकर दोनों परिवारों के बीच काफी समय से विवाद चल रहा था। घटना से पहले का एक कथित ऑडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल होने की चर्चा है। हालांकि, इसकी सत्यता की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक तीन भाई और एक बहन में सबसे छोटा और अविवाहित था। पुलिस वायरल ऑडियो की भी जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### एक नजर

#### 2 करोड़ की रंगदारी मांगने के आरोप में युवती गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस ने दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने और झूठे दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने की धमकी देने के आरोप में वांछित युवती को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्ता की पहचान गौसिया के रूप में हुई है। आरोप है कि उसने वादी के पुत्र को फर्जी दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाकर पूरे परिवार को बर्बाद करने की धमकी दी और बदले में दो करोड़ रुपये की रंगदारी की मांग की। पीड़ित की शिकायत पर थाना सदर बाजार में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि अभियुक्ता अशफाक नगर चौराहे के पास मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार अभियुक्ता के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# बजनी थी शहनाई, उससे पहले उठ गई इकलौते बेटे की अर्थी

## चार बहनों के इकलौते भाई गौतम की हत्या से कांट में मातम, गौतम मौर्या की नवंबर में होनी थी शादी, परिवार में था खुशी का महौल

जागरण मोर्चा कार्यालय



मृतक गौतम का फाइल फोटो।



आरोपी समीर का फोटो।

**शाहजहांपुर।** कांट कस्बे के कमलनैनपुर निवासी 20 वर्षीय गौतम मौर्य की हत्या ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। चार बहनों के इकलौते भाई और माता-पिता के एकमात्र बेटे की चाकुओं से गोदकर की गई निर्मम हत्या के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जिस घर में नवंबर 2026 में शहनाई गूंजने की तैयारियां चल रही थीं, वहां अब मातम पसरा है।

परिजनों के अनुसार गौतम की शादी नवंबर 2026 में तय थी। घर में विवाह की तैयारियों को लेकर उत्साह था, लेकिन शुक्रवार रात दिलावरपुर पुलिया मदनापुर रोड के पास उसकी बेरहमी से हत्या कर दी। आरोप है कि कांट निवासी समीर ने अपने दो-तीन साथियों के साथ मिलकर गौतम को बुलाया और चाकुओं से ताबड़तोड़ वार कर उसकी जान ले ली। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हत्या के बाद आरोपी समीर बेखौफ नजर आया। बताया जा रहा है कि घटना के बाद सामने आए एक वीडियो में वह यह कहते हुए दिखाई दे रहा है कि, हां, इसको मैंने ही मारा है। इस कथित वीडियो के सामने आने के बाद लोगों में भारी आक्रोश है।स्थानीय लोगों का कहना है कि हत्या के बाद जब ग्रामीणों ने आरोपी को घेर लिया और पकड़ लिया, तब वह खुद को बचाने के लिए यह कहने लगा कि गौतम ने उसकी बहन के साथ गलत किया था, इसलिए उसने हत्या की। हालांकि पुलिस इस दावे की भी जांच कर रही है और मामले के सभी पहलुओं पर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। गौतम की मौत के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है। चार बहनों के इकलौते भाई और माता-पिता के एकमात्र सहारे की मौत से हर आंख नम है। ग्रामीणों का कहना है कि जिसने एक परिवार का इकलौता बेटा छीन लिया, उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। कई ग्रामीणों ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई और न्याय की मांग की है। आरोपी द्वारा लगाए गए आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और आगे की कार्रवाई साक्ष्यों के आधार पर की जाएगी।

## गौतम हत्याकांड, परिजनों के धरने पर पहुंचे एडीएम व एसपी सिटी

**शाहजहांपुर।** कांट क्षेत्र के युवक गौतम मौर्य की चाकू गोदकर की गई हत्या के विरोध में शनिवार को परिजनों और ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। परिजनों ने थाना परिसर के बाहर सड़क पर जाम लगाकर धरना शुरू कर दिया। उनके समर्थन में विभिन्न हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता और नगर पंचायत कांट के पूर्व प्रत्याशी योगेश शर्मा अपने समर्थकों के साथ धरने में शामिल हो गए। प्रदर्शन की सूचना पर विधायक के भाई विमल सिंह, एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा और एसपी सिटी देवेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों और प्रदर्शनकारियों से वार्ता कर उन्हें समझाने का प्रयास किया तथा कार्रवाई का भरोसा दिया। हालांकि परिजन अपनी मांगों पर अड़े रहे। उनका कहना था कि जब तक हत्या के मुख्य आरोपी का



थाने के बाहर हाईवे जाआम के दौरान गौतम के परिजन व भीड़। –जागरण मोर्चा

पुलिस एनकाउंटर नहीं किया जाता और उसके मकान पर बुलडोजर की कार्रवाई नहीं होती, तब तक वे धरना समाप्त कर सड़क से नहीं हटेंगे। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। अधिकारियों ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की, जबकि प्रदर्शनकारी अपनी मांगों को लेकर देर तक धरने पर डटे रहे। खबर लिखे जाने तक धरना चल रहा था। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर डटे हुए है कानून व्यवस्था पूरी तरह कंट्रोल में है आंदोलनकारी शांति पूर्वक सड़क पर बैठकर अपनी मांगो पर अडिग है।

# गौतम मौर्य हत्या के मुख्य आरोपी से पुलिस की मुठभेड़

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** कांट थाना क्षेत्र में युवक गौतम मौर्य की हत्या के मुख्य आरोपी से शनिवार तड़के पुलिस की मुठभेड़ हो गई। पुलिस के अनुसार, हत्या में प्रयुक्त चाकू की बरामदगी के दौरान आरोपी ने पुलिस टीम पर चाकू से हमला कर फरार होने का प्रयास किया। आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लग गई।

मुठभेड़ में एक कांस्टेबल भी घायल हो गया। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार रात करीब 10 बजे कमलनैनपुर गांव निवासी 20 वर्षीय गौतम मौर्य की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में कांट



हत्या आरोपी समीर पुलिस मुठभेड़ के बाद। –जागरण मोर्चा

निवासी समीर और उसके तीन साथियों पर हत्या का आरोप है। वारदात के बाद स्थानीय लोगों ने मुख्य आरोपी समीर को मौके पर ही पकड़ लिया था और पुलिस के हवाले कर दिया था। पुलिस शनिवार तड़के आरोपी समीर को उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद कराने ले गई थी। इसी दौरान आरोपी ने अचानक चाकू उठाकर पुलिसकर्मी पर हमला कर दिया और मौके से भागने का प्रयास किया। पुलिस ने आत्मरक्षा में फायरिंग की, जिसमें गोली आरोपी के पैर में लगी। इसके बाद उसे दोबारा गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ के दौरान एक कांस्टेबल भी घायल हो गया। घायल पुलिसकर्मी और आरोपी दोनों को उपचार के

### पैर में लगी गोली, चाकू बरामदगी के दौरान किया था हमला

लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस का कहना है कि हत्या के मामले में चारों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और मामले की विवेचना जारी है। पुलिस पूछताछ में आरोपी समीर ने दावा किया है कि गौतम ने उसकी बहन के साथ गलत किया था। इसी रंजिश के चलते उसने अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची और वारदात को अंजाम दिया। हालांकि पुलिस का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## रविदास समरसता यात्रा का स्वागत

**शाहजहांपुर।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष पर आयोजित समरसता संकल्प अभियान यात्रा शनिवार को शाहजहांपुर पहुंची। उनकी पावन जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर, वाराणसी से लाई गई पवित्र माटी का भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष के.सी. मिश्रा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने पुष्पवर्षा और जयघोष के बीच माटी का नमन किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने गुरु रविदास के समानता, सामाजिक सद्भाव और मानवता के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि गुरु के विचार समाज को एकजुट करने की प्रेरणा देते हैं। यह पावन माटी अब कलश यात्रा के माध्यम से जिले के सभी 21 मंडलों में जाएगी, जहां समरसता संदेश फैलाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम होंगे।

# शाहजहांपुर सदर तहसील में अव्यवस्थाओं का बोलबाला, फरियादी हो रहे परेशान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** तहसील सदर इस समय अव्यवस्थाओं और कार्यप्रणाली में शिथिलता का गढ़ बन चुकी है। यहां व्याप्त अव्यवस्थाओं के कारण आम जनता से लेकर अधिवक्ता समाज तक बेहद परेशान है। तहसील में दाखिल-खारिज और अन्य न्यायिक कार्यों में महीनों की देरी की जा रही है, जिससे शासन की मंशा पर पानी फिर रहा है।

न्यायिक कार्यों और फाइलों के निस्तारण में हो रही अत्यधिक देरी के कारण वादियों का भरोसा वकीलों पर से उठने लगा है। अधिवक्ताओं का स्पष्ट कहना है कि तहसील

▶ डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह से औचक निरीक्षण और कार्रवाई की मांग

प्रशासन की इस लचर और भ्रष्ट कार्यशैली के कारण पूरे अधिवक्ता समाज की छवि जनता के बीच खराब हो रही है। वकील समय पर काम कराना चाहते हैं, लेकिन पटल पर बैठे बाबू फाइलों को अकारण दबाकर रखते हैं। आरोप है कि तहसील सदर में बिना अवैध लेन-देन के कोई भी काम होना नामुमकिन हो चुका है। दूर-दराज के गांवों से आने वाले गरीब किसान और आम लोग रोज दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। दाखिल-खारिज जैसे सामान्य और नियमबद्ध कार्यों को भी महीनों तक लटकाकर रखा जाता है, जिससे जनता मानसिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ित हो रही है।

तहसील की इस बदहाली को देखते हुए अब जनता और अधिवक्ताओं ने जनपद के ईमानदार जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह जी से तुरंत हस्तक्षेप की गुहार लगाई है। मांग की गई है कि जिलाधिकारी महोदय तहसील सदर का औचक निरीक्षण करें। लंबित फाइलों की जांच कर काम में लापरवाही बरतने और भ्रष्टाचार में लिप्त कर्मियों के खिलाफ तत्काल कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए ताकि व्यवस्था सुधर सके।

# अनुमति के बिना डॉक्टर भीमराव की प्रतिमा स्थापना निर्माण को रुकवाया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खुदागंज।** डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने हेतु निर्माण कराये जा रहे कार्य को सूचना मिलते ही पुलिस ने रुकवा दिया खुदागंज के मोहल्ला नयागंज में चौक नामक स्थान पर बिना अनुमति के डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने हेतु चबूतरे का निर्माण कराया जा रहा था। जिसकी सूचना किसी ने पुलिस को दी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने निर्माण कार्य हेतु अनुमति पत्र मांगा, जो नहीं मिलने पर कार्य रुकवा दिया।

उन्होंने कहा शासन की बिना अनुमति के किसी भी तरह का निर्माण कार्य नहीं कराया जाएगा शासन के नियमों का पालन करना आवश्यक



मूर्ति स्थापना हेतु बन रहा चबूतरा। –जागरण मोर्चा

है उक्त कार्य कर रहे स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां केवल चबूतरे का निर्माण कराया जा रहा था इसके बाद ही शासन की अनुमति से मूर्तियों की स्थापना की जानी थी परंतु पुलिस ने पहले ही निर्माणकार्य रुकवा दिया है एसडीएम नीलिमा यादव ने कहा कि उन्हें इस संबंध में जानकारी नहीं है और किसी भी मूर्ति की स्थापना के पहले विधि प्रक्रिया का पालन करना होता है बिना अनुमति एवं आवश्यक प्रक्रिया पूरी किए बिना सार्वजनिक स्थल पर प्रतिमा लगाना अवैध माना जाएगा और यदि कोई ऐसा करता है तो उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# अजय राय का दावा : आने वाला समय कांग्रेस का होगा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** मूसलाधार बारिश के बीच रविवार को कोरोकुइया स्थित नेहरू इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित कांग्रेस के 'संविधान बचाओ संवाद' कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, राष्ट्रीय सचिव तौक़ीर आलम और सीतापुर सांसद राकेश राठौर के मंच पर पहुंचते ही तेज बारिश शुरू हो गई। इसके बावजूद नेता और कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थल पर डटे रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा की आने वाला समय कांग्रेस का है। प्रदेश में व्याप्त जंगल राज और तानाशाही



कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष अजय राय। –जागरण मोर्चा

का अंत करने के लिए जनता ने मन बना लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने हाल के राजनीतिक घटनाक्रमों का उल्लेख करते हुए विपक्ष के साथ किए जा रहे व्यवहार की भी आलोचना की और आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मजबूत करने की अपील की। सीतापुर सांसद राकेश राठौर ने कहा कि दलित, पिछड़े और वंचित वर्गों के साथ हो रहे कथित अत्याचारों से जनता में असंतोष बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के बावजूद लोगों की मौजूदगी कांग्रेस के प्रति समर्थन का संकेत है और पार्टी संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी। राष्ट्रीय सचिव तौक़ीर आलम ने कहा कि शाहजहांपुर शहीदों की धरती है और प्रतिकूल मौसम के बावजूद कार्यकर्ताओं की उपस्थिति उनके उत्साह को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है। जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि भारी संख्या में लोगों की भागीदारी से यह स्पष्ट हो गया है कि जिले में कांग्रेस का जनाधार मजबूत हो रहा है। कार्यक्रम से पहले विभिन्न स्थानों पर कांग्रेस नेताओं का स्वागत भी किया गया। इस अवसर पर समन्वयक जयंत गौतम, अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशफाक उल्ला खां, बरेली जिलाध्यक्ष अशफाक सकलैनी, लखीमपुर जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल, प्रदेश महासचिव कुमुद गंगवार, तनवीर सफदर, अनूप वर्मा, अर्चना कटारिया, रामजी अवस्थी, रफी उल हसन, सईद अंसारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**पूजा-अर्चना** | व्यवस्थाओं को परखकर दिए दिशा निर्देश, कांवड़ मार्ग का किया निरीक्षण

# डीएम-एसपी ने पटना देवकली मंदिर में की पूजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** श्रावण मास और कांवड़ यात्रा को लेकर जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने शनिवार को पटना देवकली स्थित दैत्य गुरु शुक्राचार्य की तपोभूमि का निरीक्षण कर सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लिया।

इस दौरान दोनों अधिकारियों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना भी की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सावन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता और अन्य आवश्यक



भगवान शिव का पूजन करते डीएम।



पुलिस अधीक्षक शिव पूजन करते हुए।

व्यवस्थाओं के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। डीएम और एसपी ने मंदिर के मुख्य पुजारी अखिलेश गिरी से मेले की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने मंदिर परिसर में साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग और भीड़ प्रबंधन के समुचित इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सावन के प्रथम सोमवार सहित पूरे श्रावण मास में मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में सभी व्यवस्थाएं सुचारु रहनी चाहिए। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था भी की गई है, जिससे यातायात बाधित न हो। इसके बाद डीएम और एसपी ने कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को लगातार निगरानी रखने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रावण मास के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

# समाधान दिवस में पहुंचे 58 फरियादी, 5 का निस्तारण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** तहसील कलान में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने जनसमस्याएं सुनीं। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित 58 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से पांच का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई के लिए भेजा गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का प्रभावी और स्थायी समाधान करना है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर निष्पक्ष एवं




संपूर्ण समाधान दिवस में सुनवाई करते डीएम एसपी। –जागरण मोर्चा

गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता न हो, बल्कि ऐसा हो जिससे शिकायतकर्ता संतुष्ट हो। राजस्व संबंधी मामलों में पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर जांच कर निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करे। उन्होंने अधिकारियों से संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करने को कहा। समाधान दिवस में प्रभागीय वनाधिकारी सचिन कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा, परियोजना निदेशक अवधेशराम, उपजिलाधिकारी कलान आशुतोष कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### सीएम उमर अब्दुल्ला ने पीड़ित परिवारों के लिए 10 लाख के मुआवजे का किया ऐलान

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कुलगाम ज़िले में एक आतंकी हमले में दो मज़दूरों की हत्या की कड़ी निंदा की। एक्स पर एक पोस्ट में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री ने इस घटना को कायरतापूर्ण और बेमतलब बताया और मारे गए लोगों के परिवारों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 10 लाख रुपये की मुआवज़ा राशि देने की घोषणा की। एक्स पोस्ट में कहा गया मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और दोहराया कि सरकार इस मुश्किल समय में उनके साथ मज़बूती से खड़ी है। शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के कुलगाम ज़िले के केलम इलाके में आतंकवादियों की गोलीबारी में एक बाहरी मज़दूर की मौत हो गई और दूसरा घायल हो गया। घायल दूसरे मज़दूर की आज SKIMS अस्पताल में मौत हो गई। दोनों मज़दूर बीस-बाईस साल के थे और छत्तीसगढ़ के रहने वाले थे।

# केरल में भारी बारिश और भूस्खलन, 4 की मौत

## इडुक्की और कोट्टायम में लैंडस्लाइड से मलबे में दबे कई लोग, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** केरलम में मूसलाधार बारिश के चलते आई विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन ने भारी तबाही मचाई है। शनिवार को इडुक्की और कोट्टायम जिलों में अलग-अलग जगहों पर हुए भूस्खलन के कारण चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। इडुक्की जिला प्रशासन के मुताबिक, मृत महिला की पहचान सुमति के रूप में हुई है। वह अडूरमाला क्षेत्र की रहने वाली थीं। शनिवार सुबह हुए भूस्खलन का मलबा उसेके घर पर गिर गया, पड़ोसियों ने उसके पति और बेटे को बचा लिया। दोनों घायल हो गए और उन्हें थोडुपुझा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। नेशनल



डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स (एनडीआरएफ), फायर एंड रेस्क्यू सर्विसेज, पुलिस और राजस्व अधिकारियों के तलाशी अभियान के बाद सुमति का शव बरामद किया गया।

### प्रभावित परिवारों को सुरक्षित जगह पहुंचाया

*इडुक्की जिले के विभिन्न हिस्सों में भूस्खलन और बाढ़ की सूचना मिली। उप्पुथारा में भूस्खलन से खड़ी पुलिस जीप क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं, पुल्लाकयार नदी के उफान पर होने के कारण कोक्कयार का निचला क्रॉसिंग (चप्पथ) जलमग्न हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि आसपास के इलाके में करीब छह घर जलमग्न हो गए और प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। अधिकारियों ने बताया कि जिले के विभिन्न हिस्सों से कई अन्य भूस्खलन की सूचना मिली है। भारी बारिश के कारण कई जगहों पर यातायात भी बाधित हुआ। भूस्खलन के कारण कट्टाप्पना और वझावारा के बीच की सड़क बंद हो गई, जबकि वंडीपेरियार में चोट्टुपारा धारा में जलस्तर बढ़ने से नेशनल हाईवे 183 पर जलभराव हो गया।*

### कोट्टायम में एक युवक की मौत

कोट्टायम जिले के पूंजार में पय्यानीथोट्टम में भूस्खलन के दौरान एक युवक की मौत हो गई और उसकी मां मलबे के नीचे दब गई। मृतक की पहचान जॉनी के बेटे जोसेफ के रूप में हुई है और उसकी मां की तलाश जारी है, जिनके मलबे के नीचे दबे होने की आशंका है। जोसेफ को बचा तो लिया गया, लेकिन अस्पताल ले जाते समय चोटों के कारण उसकी मौत हो गई।

#### इडुक्की में रिश्तेदार के घर सो रहे युवकी की मौत

एक अन्य घटना में, इडुक्की जिले के वागामोन इलाके में एक घर पर भूस्खलन होने से प्रभाकरन नायर नाम के व्यक्ति की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि कोट्टायम के वाइकोम के रहने वाले नायर भूस्खलन के समय अपने रिश्तेदार के घर सो रहा था। तलाशी अभियान के बाद शव बरामद किया गया।

#### आवाजाही प्रभावित

नेल्लीमाला में भी सड़क बंद हो गई, जिससे वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई है। पड़ोसी कोट्टायम जिले में भारी बारिश के कारण एराट्टुपेट्टा, कांजिरापल्ली, कूट्टिकल और एरुमेली में बड़े पैमाने पर बाढ़ आ गई, जिससे रिहायशी इलाके जलमग्न हो गए, यातायात बाधित हुआ और बड़े पैमाने पर बचाव अभियान चलाने पड़े।

#### 8 जिलों मे भारी बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग ने केरलम के पथानामथिट्टा, कोट्टायम, इडुक्की, मलप्पुरम, कोझिकोड, वायनाड, कन्नूर और कासरगोड जिलों में अत्यधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, एर्नाकुलम, त्रिशूर और पलक्कड़ जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

# भुर्जी समाज ने पूर्व राज्यमंत्री नानकदीन भुर्जी को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** भुर्जी समाज के प्रसिद्द चंद्रखरताल मंदिर परिसर में पूर्व राज्यमंत्री नानकदीन भुर्जी के आकस्मिक निधन पर शनिवार को शोकसभा आयोजित की गई। समाज के लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा और पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान उपस्थित लोगों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं भी व्यक्त कीं। समाज के नेता वेदप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि नानकदीन भुर्जी ने अपने सार्वजनिक जीवन में समाज के उत्थान और जनसेवा के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। उनका निधन समाज और प्रदेश के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा किए गए कार्यों और समाज के प्रति समर्पण को हमेशा याद रखा जाएगा। शोकसभा में प्रदीप, अमित चंद्रवंशी (नामित सभासद), वेद प्रकाश चंद्रवंशी, विनोद चंद्रवंशी, राजा चंद्रवंशी, कृष्ण कुमार, अनु, भगवान दास, बबली, राकेश, रामलाल, विशाल आदि मौजूद रहे।



शोक सभा के दौरान मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

▸ चंद्रखरताल मंदिर परिसर में शोकसभा कर दो मिनट का मौन रखा

# पवन कल्याण की पत्नी ने हाथी-बाघ गोद लिए

**विशाखापत्तनम (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण की पत्नी अन्ना कोनिडाला ने अपने जन्मदिन के अवसर पर यहां स्थित इंदिरा गांधी प्राणी उद्यान के 'पशु गोद लेने की योजना' के तहत एक एशियाई हाथी और एक रॉयल बंगाल टाइगर को एक वर्ष के लिए गोद लिया है। प्राणी उद्यान की क्यूरेटर जी. मंगम्मा ने बताया कि अन्ना कोनिडाला ने दोनों पशुओं की देखभाल और कल्याण के लिए एक वर्ष के लिए कुल 6.30 लाख रुपये का योगदान दिया है। मंगम्मा ने शुक्रवार देर रात जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ''इंदिरा गांधी प्राणी उद्यान अन्ना कोनिडाला का 'एनिमल एडॉप्शन फैमिली' में स्वागत करता है और पशु कल्याण, चिड़ियाघर प्रबंधन तथा वन्यजीव



संरक्षण में उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना करता है।'' उन्होंने बताया कि अन्ना कोनिडाला ने भारत के राष्ट्रीय धरोहर पशु एशियाई हाथी को गोद लेने के लिए 4.30 लाख रुपये और भारत के राष्ट्रीय पशु रॉयल बंगाल टाइगर के लिए दो लाख रुपये का योगदान दिया है। क्यूरेटर ने कहा कि यह राशि दोनों पशुओं की देखभाल, पोषण, बेहतर प्राकृतिक वातावरण उपलब्ध कराने और पशु चिकित्सा संबंधी आवश्यकताओं पर खर्च की जाएगी।

# अमित शाह ने अजीत डोभाल को दिया लोकमान्य तिलक अवार्ड




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को पुणे में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल को प्रतिष्ठित 'लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार 2026' से सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की निडर राष्ट्रवादी सोच और एनएसए द्वारा स्थापित आधुनिक सुरक्षा ढांचे के बीच समानता बताई। तिलक की 106वीं पुण्यतिथि पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि भारत की सुरक्षा और विदेश नीति में डोभाल के योगदान ने उन्हें देश के इतिहास में एक स्थायी स्थान दिलाया है। शाह ने कहा कि जब भी इतिहास लिखा जाएगा और कोई आंतरिक व बाहरी सुरक्षा का विश्लेषण करेगा, तो निश्चित रूप से अजीत डोभाल जी के लिए एक स्वर्णिम पृष्ठ आरक्षित रखना होगा। इसमें कोई संदेह नहीं है।

गृह मंत्री ने तिलक को श्रद्धांजलि देते हुए अपना भाषण शुरू किया और उन्हें "युग-पुरुष" बताया, जिन्होंने आज़ादी की लड़ाई को बदल दिया। शाह ने कहा कि तिलक महाराज ने आज़ादी की लड़ाई को एक नई दिशा और नया अर्थ दिया; उन्होंने एक महान घोषणा की: 'स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है।' कोई भी इस देश के लोगों को स्वराज नहीं दे सकता; यह अधिकार इस देश के लोगों का है और हम इसे हासिल करेंगे। उन्होंने करोड़ों लोगों के दिलों में स्वराज का मंत्र जगाया। एक युग-पुरुष, महान शिक्षक, निडर पत्रकार, विचारक, कर्मयोगी—लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक का आज़ादी की पूरी लड़ाई से जो जुड़ाव था, उसकी बराबरी कोई नहीं कर सकता, वे सबसे ऊँचे स्थान पर थे। शाह ने तिलक की ऐतिहासिक निडरता की तुलना डोभाल की ऑपरेशनल काबिलियत से की। उन्होंने कहा कि तिलक महाराज एक शिक्षक, राष्ट्रीय शिक्षा के ज़बरदस्त समर्थक और एक जोशीले पत्रकार थे। एक पत्रकार कितना निडर हो सकता है, यह 'केसरी' के लेख पढ़कर ही महसूस किया जा सकता है। एक महान विचारक के तौर पर, तिलक महाराज ने दुनिया के सामने भारत की आत्मा को पेश करने का काम किया। उन्होंने आगे कहा कि तिलक ने "सांस्कृतिक राष्ट्रवाद" को जन्म देने के लिए गणपति और शिवाजी उत्सव शुरू किए थे; यह एक ऐसा रास्ता है जिस पर देश आज भी चल रहा है।

एनएसए के साथ सीधे संबंध का ज़िक्र करते हुए, शाह ने गुजरात के गृह मंत्री के तौर पर अपने समय को याद किया और बताया कि डोभाल की विशेषज्ञता कितनी अहम साबित हुई थी। उन्होंने कहा कि हमारे देश में सिलसिलेवार बम धमाके हुए थे। उस समय अजीत जी से मेरी कोई जान-पहचान नहीं थी। नरेंद्र मोदी जी तब गुजरात के मुख्यमंत्री थे। उन्होंने कहा था कि यह सिर्फ़ एक बम धमाका नहीं है—इस धमाके के पीछे के लोगों और देश भर में हुए धमाकों की गुजरात पुलिस को जांच करनी चाहिए, और आपको अजीत डोभाल जी को बुलाकर अपने अधिकारियों के साथ इस पर चर्चा करनी चाहिए। मुझे याद है कि अजीत जी मेरे घर आए थे; दोपहर का समय था, और उन्होंने जो जानकारी दी, उससे गुजरात पुलिस न सिर्फ़ अहमदाबाद बम धमाके को, बल्कि देश भर में हुए 13 बम धमाकों को एक साथ सुलझाने में कामयाब रही - यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि थी।

# पप्पू यादव पर धार्मिक भावनाएं आहत करने की एफआईआर

## राम मंदिर चंदा टिप्पणी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव के खिलाफ़ शुक्रवार, 31 जुलाई को संसद परिसर में राम मंदिर चंदा घोटाले को लेकर किए गए प्रदर्शन के मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। यह शिकायत याचिकाकर्ता सूर्य मैथिल ने जहांगीरपुरी पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि विरोध प्रदर्शन के दौरान धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई गई।

न्यूज़ एजेंसी एएनआई से बात करते हुए सूर्य मैथिल ने कहा कि पप्पू यादव ने भगवा का अपमान किया और संसद के बाहर उनके किए गए ड्रामे को राहुल गांधी, डिंपल यादव, अवधेश प्रसाद और इंडिया गठबंधन के अन्य सांसदों का समर्थन मिला। इसमें पप्पू यादव ने भगवान राम लला विराजमान की तस्वीर तक अपने पैरों के नीचे रख दी... इससे सनातनियों की भावनाओं को ठेस पहुंची है। कल पप्पू यादव ने संसद में राम मंदिर के कथित चंदा घोटाले पर चर्चा की विपक्ष की मांग को उजागर करने के लिए भगवा कपड़े पहने पुजारी के वेश में और हाथ में चंदा पेटी लेकर प्रदर्शन किया। लोगों का ध्यान खींचने के लिए पूर्णिया के सांसद ने हिंदू संत का वेश धारण किया और विरोध-प्रदर्शन के तहत चंदा इकट्ठा करने के लिए एक प्रतीकात्मक चंदा पेटी साथ रखी; उनका कहना था कि यह मंदिर के चंदे से जुड़ी कथित अनियमितताओं को दर्शाता है। यह सांकेतिक विरोध तब हुआ जब विपक्ष ने 20 जुलाई को जंतर-मंतर पर संसद मार्च के दौरान छात्रों के खिलाफ कथित पुलिस कार्रवाई को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ अपना अभियान जारी रखा।

लगातार दूसरे दिन, विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर के अंदर प्रदर्शन किया और ऐसे बैनर दिखाए जिनमें शाह की सदन में अनुपस्थिति पर सवाल उठाए गए थे। कुछ बैनरों पर लिखा था, "अमित शाह संसद से क्यों गायब हैं?" विपक्ष विरोध प्रदर्शन के दौरान छात्रों पर कथित कार्रवाई को लेकर गृह मंत्री के इस्तीफे की मांग कर रहा है; इस मुद्दे के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही में बार-बार बाधा आई है। यह ताज़ा विरोध प्रदर्शन संसद द्वारा 'पब्लिक एग्ज़ामिनेशन्स (प्रिवेंशन ऑफ़ अनफेयर मीन्स) अमेंडमेंट बिल, 2026' को मंज़ूरी देने के एक दिन बाद हुआ है। लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों से यह बिल पास हो चुका है और अब कानून बनने के लिए इसे राष्ट्रपति की मंज़ूरी का इंतज़ार है। बिल पास होने के बावजूद, विपक्ष के सदस्यों का लगातार विरोध और हंगामा मॉनसून सत्र में छाया हुआ है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि अमित शाह या तो दोषी हैं या फिर अक्षम। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एक स्वतंत्र जांच की मांग की है।

# हत्या के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** कोतवाली पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी पर करीब 10 दिन पहले हुए मारपीट के मामले में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत होने के बाद हत्या की धारा बढ़ाई गई थी।

पुलिस के अनुसार, 21 जुलाई 2026 को मोहम्मदगंज निवासी शमशाद ने थाना शाहबाद में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि गांव के ही कुछ लोगों ने उनके पुत्र इमरान पर लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल का उपचार मेरठ के सरदार वल्लभभाई पटेल मेडिकल कॉलेज में चल रहा था, जहां 28 जुलाई को उसकी मौत हो गई। इसके बाद मुकदमे में धारा 105 बीएनएस भी बढ़ा दी गई। पुलिस अधीक्षक रामपुर के निर्देश पर फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया गया। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी शाहबाद के पर्यवेक्षण में थाना शाहबाद पुलिस ने शुक्रवार देर रात मोहम्मदगंज निवासी रंजीत (24) को मोहम्मदगंज-दुलारी मार्ग से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अदद लोहे की रॉड और एक अदद चाकू भी बरामद किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर विधिक कार्रवाई की जा रही है, जबकि अन्य वांछित आरोपियों की तलाश जारी है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी। -जागरण मोर्चा

## 'ऑनलाइन मध्यस्थता पूरी तरह AI भरोसे नहीं'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने शुक्रवार को कहा कि ऑनलाइन मध्यस्थता को पूरी तरह कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता, क्योंकि एआई मानवीय आवाज तो दे सकता है, लेकिन ''मानवीय सहानुभूति और क्षमा भाव'' प्रदर्शित नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन मध्यस्थता का संचालन मुख्य रूप से प्रशिक्षित मध्यस्थों द्वारा ही किया जाना चाहिए। जयपुर में राष्ट्रमंडल शांति मध्यस्थता सम्मेलन-2026 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि प्रौद्योगिकी और ऑनलाइन विवाद समाधान (ओडीआर) के माध्यम से राष्ट्रमंडल के सुदूर क्षेत्रों तक मध्यस्थता सेवाओं का विस्तार किया जा सकता है, लेकिन इसमें मानवीय हस्तक्षेप अपरिहार्य रहेगा।

# भाकियू अंबाबता ने विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



शाहबाद में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू अंबाबता के कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** भारतीय किसान यूनियन (अम्बावता) ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर क्षेत्र की जनसमस्याओं के जल्द निस्तारण की माँग की है। ज्ञापन में मांग की गई है कि प्राइवेट स्कूलों द्वारा फीस और एडमिशन के नाम पर हो रही अवैध वसूली बंद हो और मानक विहीन स्कूल सील किए जाएं। वही ग्रामीण क्षेत्रों में फैल रही 'गलाघोटू' बीमारी को रोकने के लिए तुरंत टीके लगाए जाएं। तुरखेड़ा में जलभराव की समस्या ठीक किए जाने की मांग भी की गई। भगवतीपुर देविस्थान का सौंदर्यीकरण हो और कस्बा शाहबाद में किसानों की पुश्तैनी जमीन की पैमाइश कराई जाए। ज्ञापन देने वालों में आकिल खाँ, विद्याराम, अतर सिंह, रामचरन और बीरेन्द्र सिंह सहित कई किसान नेता शामिल रहे।

## NEET गड़बड़ी पर राहुल का पीएम पर पलटवार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने प्रधानमंत्री पर छात्रों और उनके परिवारों की तकलीफ़ों को न समझने का आरोप लगाया। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने X पर एक पोस्ट में कहा कि असली मुद्दा प्रदर्शनकारियों का व्यवहार नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की विफलता है।


## क्लासिफाइड

### खोया-पाया

मेरी वर्ष 2022 हाईस्कूल की अंकतालिका जिसका अनुक्रमांक 1220688512 वास्तव में कहीं गुम हो गई है।

-अशोक पुत्र श्री राजेंद्र निवासी पनवड़िया थाना सिविल लाइंस, तहसील सदर, जिला रामपुर

## एक नजर

### पति पर दूसरी शादी करने का आरोप,एसएसपी के आदेश पर तीन पर रिपोर्ट

**बदायूं।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मोहल्ला गणेश गौटियां कॉलोनी निवासी प्रियदर्शिनी ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी शादी करीब 11 साल पहले विकास शर्मा निवासी सूर्या इंक्लेब पीलीभीत बाईपास रोड थाना इज्जतनगर,बरेली के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद उसके पति विकास शर्मा, सास राजेश्वरी, ससुर मनोज कुमार व अन्य रिश्तेदार अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। इसी दौरान उसने एक पुत्र को जन्म दिया। जो 8 साल का है। ससुराल वालों ने उसे जबरन लेकर अपने पास रख लिया है। ससुराल वाले उसे बेटे से भी मिलने नहीं देते। महिला का आरोप है कि उसके पति ने एक अन्य युवती से कर ली है। महिला का कहना है कि उसके पति ने उसे तलाक दिए बगैर दूसरी शादी कर ली है। महिला ने पति पर धोखा देकर दूसरी शादी करने का आरोप लगाते हुए एसएसपी से शिकायत की है।

# एनएमएसएन दास पीजी कॉलेज में शोधार्थी धर्मेन्द्र वंश का प्री-पीएचडी प्रस्तुतीकरण सम्पन्न

## शिक्षा शास्त्र विषय में शोध प्रस्ताव पर प्रस्तुतीकरण, विशेषज्ञों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** एनएमएसएन दास पीजी कॉलेज में शनिवार को शिक्षा शास्त्र विषय के शोधार्थी धर्मेन्द्र वंश द्वारा प्री-पीएचडी प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के सभागार कक्ष में प्राचार्य डॉ. प्रशांत कोहली की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

शोधार्थी धर्मेन्द्र वंश ने प्रोफेसर (डॉ.) मनवीर सिंह (डीन, शिक्षा संकाय, एमजेपीआरयू बरेली) के निर्देशन में अपने शोध विषय "उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत सामान्य एवं विशेष बच्चों की अध्ययन प्रवृत्ति, सृजनात्मकता, समायोजन एवं तार्किक योग्यता का तुलनात्मक अध्ययन" पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने अपने शोध में प्रस्तावना, उद्देश्य, परिकल्पना, शोध विधि, जनसंख्या, नमूना, सीमांकन, निष्कर्ष तथा शैक्षिक निहितार्थों को विस्तार से प्रस्तुत किया।



कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी। -जागरण मोर्चा



कार्यक्रम में आए सभी अतिथि व अन्य लोग। -जागरण मोर्चा

प्रस्तुतीकरण के दौरान सभागार में उपस्थित प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं ने शोध को और बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कार्यक्रम में डॉ. एस.के. सिंह, डॉ. रवि भूषण पाठक, डॉ. बी.एन. शुक्ला, डॉ. अर्चना सहित अन्य प्राध्यापक एवं शोधार्थी उपस्थित रहे। वहीं शोधार्थियों में जीशान अहमद, सारांश वशिष्ठ तथा स्नातकोत्तर स्तर के छात्र भी मौजूद रहे।

प्रस्तुतीकरण के उपरांत प्राचार्य डॉ. प्रशांत कोहली ने शोधार्थी के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया। अंत में शोध निर्देशक प्रो. (डॉ.) मनवीर सिंह ने शोधार्थी को उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्राचार्य, प्राध्यापकगण एवं छात्रों का आभार व्यक्त किया।

## संक्षेप समाचार

### खेत पर कब्जा व मारपीट में चार पर प्राथमिकी दर्ज

**बदायूं।** बिल्सी थाना क्षेत्र के गांव बैरमई बुजुर्ग निवासी मोहित गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पड़ोसी सोनू ने उसके खेत पर कब्जा कर रखा है। खेत से कब्जा छोड़ने की कहने पर उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिसमें उसे काफी चोटे आई। मारपीट में सोनू के अलावा किशनपाल,नीरु गुप्ता व आनंद पाल भी शामिल रहे। पुलिस ने चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### युवक से मारपीट करने पर तीन पर प्राथमिकी

**बदायूं।** बिसौली कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला ईदगाह कॉलोनी निवासी शमीम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह मोहल्ले में रहने वाले इरशाद की दुकान पर काम करता है। 29 जुलाई की सुबह 8 बजे धुबिया ताल निवासी विमल की दुकान पर काम करने वाला राजा,शाहरुख व जौहर अली लाठी-डंडे लेकर आए और गाली गलौज करने लगे। उसके द्वारा विरोध करने पर तीनों ने मिलकर उसे लाठी-डंडों से जमकर पीटा। जिसमें उसके सिर व शरीर में काफी चोटे आई हैं। पुलिस ने तीनों पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

### महिला से मारपीट में चार पर प्राथमिकी

**बदायूं।** दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव धीमरपुरा निवासी अनारकली ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 17 जून को गांव के मुकेश, निर्दोष,रामबाबू व महेंद्र ने उसके साथ मारपीट की।उस समय गांव वालों ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत करा दिया। मारपीट में उसे गंभीर चोटे आई,जिसका उसने निजी अस्पताल में इलाज कराया। 31 जुलाई को आरोपितों ने दोबारा उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने चारों आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

### उधारी के रुपये मांगने पर ग्रामीण से मारपीट में एक पर प्राथमिकी

**बदायूं।** सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव जकूपुरा निवासी ढाकन सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह गांव में ही वीरेंद्र की दुकान से सामान लेने जा रहा था। दुकान के सामने खड़े वीरपाल से उसने उधारी के रुपये मांगे तो इसी बात पर वह बौखलाकर गाली गलौज करने लगा। जब उसने गाली देने को मना किया तो उसने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पुलिस ने वीरपाल पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

### दिव्यांग से मारपीट में पांच पर प्राथमिकी

**बदायूं।** जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव जतकी निवासी इस्तकार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 24 जुलाई की दोपहर साढ़े तीन बजे उसका दिव्यांग बेटा शारिक घर के बाहर बैठा था। तभी गांव के विलाल अपनी बाइक से आया और बेटे को टक्कर मार दी। जिसमें उसके बेटे को गंभीर चोटे आई हैं। जब उसने विलाल से इसका विरोध जताया तो वहां मौजूद विलाल,वसीम,कसीम,नसीम व नदीम ने उसके घर में घुसकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने पांचो आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### फर्जी एंबुलेंस बनी जानलेवा, डंपर से टकराकर हादसा, मरीज समेत तीन घायल


एंबुलेंस को हटवाती बिनावर थाना पुलिस। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** जिले में फर्जी तरीके से संचालित हो रही एंबुलेंसों का मामला एक बार फिर गंभीर हादसे के बाद सामने आया है। बिनावर थाना क्षेत्र के मालगांव फाटक के पास मरीज को इलाज के लिए ले जा रही एक एंबुलेंस डंपर से टकरा गई। हादसे में मरीज की हालत और बिगड़ गई, जबकि एंबुलेंस में सवार दो अन्य लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उक्त एंबुलेंस राजस्थान नंबर की थी और राजकीय मेडिकल कॉलेज से एक मरीज को रेफर कर बरेली ले जाया जा रहा था। रास्ते में मालगांव फाटक के पास तेज रफ्तार एंबुलेंस अचानक सामने आए डंपर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एंबुलेंस के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को एंबुलेंस से बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही बिनावर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया। चिकित्सकों के अनुसार मरीज की हालत नाजुक बनी हुई है। हादसे के बाद एंबुलेंस के संचालन को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। बताया जा रहा है कि उक्त एंबुलेंस फर्जी नंबरों से संचालित हो रही थी और इसके दस्तावेज भी संदिग्ध हैं। जिले में इस तरह की कई एंबुलेंसों के अवैध संचालन की शिकायतें पहले भी सामने आ चुकी हैं। गौरतलब है कि जागरण मोर्चा ने कुछ दिन पहले ही खबर के माध्यम से प्रशासन और यातायात विभाग को ऐसे फर्जी एंबुलेंस संचालन के बारे में आगाह किया था, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। अब इस हादसे के बाद प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इन अवैध एंबुलेंसों पर कार्रवाई की गई होती तो इस तरह की दुर्घटना टाली जा सकती थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और एंबुलेंस के दस्तावेजों की भी जांच की जा रही है।

# खबर का असर: इनामी हत्यारोपी को बचाने के आरोप में दरोगा निलंबित, इंस्पेक्टर लाइन हाजिर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**15 लाख की रिश्वत का आरोप: सोनू को सोनपाल बनाकर जेल भेजने में फंसी बिनावर पुलिस**

**बदायूं।** जिले की बिनावर थाना पुलिस पर लगे गंभीर आरोपों के बाद महकमे में हड़कंप मच गया है। गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र में हुए चर्चित विपिन प्रजापति हत्याकांड के 20 हजार रुपये के इनामी आरोपी को कथित रूप से बचाने के मामले में कार्रवाई शुरू हो गई है। खबर का असर यह हुआ कि आरोपी को तमंचे के मामले में जेल भेजने वाले दरोगा रामवीर सिंह को निलंबित कर दिया गया है, जबकि इंस्पेक्टर अरिहंत सिद्धार्थ को लाइन हाजिर किया गया है।

बताया जाता है कि 12 जुलाई को लोनी के रीताराम कॉलोनी में हॉर्न बजाने के विवाद में विपिन प्रजापति की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मुख्य आरोपी सोनू फरार चल रहा था, जिस पर इनाम घोषित था। 23 जुलाई को बिनावर पुलिस ने करावल पुलिया के पास से एक युवक को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर उसका नाम 'सोहनपाल उर्फ सूजल' बताया और आर्म्स एक्ट में जेल भेज दिया।

बाद में खुलासा हुआ कि पकड़ा गया युवक कोई और नहीं बल्कि वही इनामी हत्यारोपी सोनू था। आरोप है कि पुलिस ने करीब 15 लाख रुपये लेकर आरोपी को हत्या के मुकदमे से बचाने के लिए नाम बदलकर मामूली धारा में जेल भेज दिया।

मामले के सामने आने पर पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। फैजगंज बेहटा समेत अन्य पुलिसकर्मियों की भूमिका भी संदिग्ध बताई जा रही है, जिस पर बड़ी कार्रवाई की संभावना है।

उधर, थाना प्रभारी ने सफाई देते हुए कहा कि आरोपी ने गलत नाम-पता बताया था। वहीं बरेली रेंज के डीआईजी अजय कुमार साहनी ने बताया कि इस पूरे मामले जो भी दोषी होगा उसको छोड़ा नहीं जाएगा। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर भाकियू टिकैत का प्रदर्शन, एडीएम को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को जोरदार तरीके से उठाया और समाधान दिवस के दौरान अपर जिलाधिकारी महेंद्र सिंह श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा।


समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता ज्ञापन सौंपते।

तहसील अध्यक्ष मुकेश भदोरिया ने ज्ञापन में बताया कि सरकार की हर घर जल योजना का लाभ अभी तक क्षेत्र के अधिकांश लोगों को नहीं मिल सका है। ग्रामीणों को पेयजल के लिए परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व माध्यमिक विद्यालय पेपल की भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया गया है, जिससे विद्यालय की जमीन पर अतिक्रमण की समस्या बनी हुई है।

इसके साथ ही गांव नौली हरनाथपुर के एक किसान को राजस्व विभाग की अनदेखी के कारण मुआवजा नहीं मिल सका है, जिससे वह आर्थिक संकट से जूझ रहा है। किसान यूनियन ने प्रशासन से मांग की कि किसानों से जुड़े लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण किया जाए और जनहित के मुद्दों पर प्रभावी कार्रवाई की जाए। इस मौके पर मौजूद अधिकारियों ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

# कावड़ियों की सेवा में लगे भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक, तीन दिन विशाल भंडारा

जागरण मोर्चा कार्यालय




**दातागंज।** सावन माह में कांवड़ यात्रा को लेकर क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल बना हुआ है। इसी क्रम में भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक कांवड़ियों की सेवा में पूरी निष्ठा के साथ जुटे हुए हैं। उनके द्वारा पंचतत्वेश्वर स्वयंभू महादेव, सराय पिपरिया परिसर में 8 अगस्त से 10 अगस्त तक तीन दिवसीय विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी तैयारियां जोरों पर चल रही हैं।

डॉ. शैलेश पाठक ने बताया कि 8 अगस्त को वह हजारों समर्थकों के साथ कछला गंगा घाट पहुंचकर गंगा जल भरेंगे और वहां से जल लेकर पंचतत्वेश्वर स्वयंभू महादेव मंदिर में जलाभिषेक करेंगे। इसके बाद तीन दिन तक मंदिर प्रांगण में कांवड़ियों और श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भोजन, जल और विश्राम की समुचित व्यवस्था की जा रही है।

कार्यक्रम को लेकर दातागंज क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। सभी मिलकर भंडारे को सफल बनाने के लिए तैयारियों में जुटे हैं। आयोजन स्थल पर साफ-सफाई, टेंट, पेयजल और अन्य सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है, ताकि कांवड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

डॉ. शैलेश पाठक दातागंज क्षेत्र में लंबे समय से जनसेवा के लिए जाने जाते हैं। सामाजिक और धार्मिक आयोजनों में उनकी सक्रिय भागीदारी के चलते वे क्षेत्र में एक जननायक के रूप में उभरे हैं और हर वर्ग के लोगों के बीच लोकप्रिय हैं। उनके इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

# तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार को मारी टक्कर, युवक की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**औरछी।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में शनिवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। हादसा औरछी चौराहे के पास इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के सामने हुआ, जहां तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया।


घटनास्थल पर लगी ग्रामीणों की भीड़। -जागरण मोर्चा

पुलिस के अनुसार शकील (23) पुत्र साबिर, निवासी मोहल्ला ठाकुरान, थाना बिलारी, जनपद मुरादाबाद, चंदौसी से इस्लामनगर की ओर बाइक से जा रहा था। जैसे ही वह औरछी चौराहे के पास इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के सामने पहुंचा, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप (संख्या DL 1AT 3138) ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि शकील गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने उसे उपचार के लिए चंदौसी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। थाना फैजगंज बेहटा पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**पहल** | शिक्षक की पहल रंग लाई, आरओ प्लांट से सुधरेगा बच्चों का स्वास्थ्य

# सामाजिक सहयोग से टोडरपुर स्कूल में लगा आरओ प्लांट, बच्चों को मिलेगा शुद्ध पानी

जागरण मोर्चा कार्यालय


नए लगे आरो पर पानी भरते स्कूल की छात्र-छात्राएं। -जागरण मोर्चा

**आसफपुर।** ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय टोडरपुर में सामाजिक सहयोग से आरओ (रिवर्स ऑस्मोसिस) वॉटर प्लांट स्थापित किया गया है। इसके शुरू होने से विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को अब शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सकेगा, जिससे उनके स्वास्थ्य में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

विद्यालय के शिक्षक प्रियांशु गौड़ की पहल पर यह सराहनीय कार्य संभव हो सका। इस कार्य में आसफपुर ब्लॉक प्रमुख ओम कृष्ण और सीएम फेलो रजनीश कुमार का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय प्रशासन के अनुसार, अब तक बच्चों को स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं थी, जिससे जलजनित बीमारियों का खतरा बना रहता था। आरओ प्लांट लगने से इस समस्या का समाधान हो गया है।

प्रधानाध्यापक देवराज यादव एवं शिक्षामित्र मुजफ्फर अली ने भी इस पहल को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आरओ प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर विद्यार्थियों को जल संरक्षण, स्वच्छता और सुरक्षित पेयजल के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। विद्यालय परिवार, छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों ने इस जनहितकारी पहल के लिए शिक्षक प्रियांशु गौड़, ब्लॉक प्रमुख ओम कृष्ण और सीएम फेलो रजनीश कुमार का आभार व्यक्त किया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के प्रयास अन्य विद्यालयों के लिए भी प्रेरणादायक साबित होंगे।

## खैरी के गोदाम से खाद्य पदार्थों के छह नमूने भरे

**बिल्सी।** बिजनौर-बदायूं हाईवे पर तहसील क्षेत्र के गांव खैरी के निकट गोदाम में एक्सपायर्ड खाद्य पदार्थों के भंडारण और बिक्री की सूचना पर शुरू हुई कार्रवाई शुक्रवार को भी जारी रही। सुबह एसडीएम राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में गोदाम का ताला खुलवाकर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सीएल यादव के नेतृत्व टीम ने विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्र किए। जांच के दौरान नमकीन, बिस्किट, चावल, ड्रिंक फूड, चॉकलेट और कद्दू के बीज सहित कुल छह नमूने लिए गए। सभी को परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने गोदाम में रखे खाद्य पदार्थों की एक्सपायरी तिथि, गुणवत्ता और भंडारण व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मौके पर उपलब्ध सामग्री का रिकॉर्ड तैयार कर आवश्यक दस्तावेज देखे।

# लेखपाल संघ ने सौंपा ज्ञापन, समस्याओं के समाधान को दी आंदोलन की चेतावनी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की तहसील इकाई ने शनिवार को अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए अपर जिलाधिकारी महेंद्र सिंह श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा। संघ ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।


अपर जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपते लेखपाल संघ के पदाधिकारी।

तहसील अध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि लेखपालों पर कार्यभार लगातार बढ़ता जा रहा है, जबकि संसाधनों की भारी कमी है। इसके अलावा पदोन्नति में देरी, वेतन विसंगतियां और छुट्टियों में भी ड्यूटी करने की मजबूरी से कर्मचारी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं का जल्द समाधान किया जाना आवश्यक है। तहसील मंत्री संदीप कुमार ने कहा कि यदि 5 अगस्त तक मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो लेखपाल अतिरिक्त हल्के का कार्य बंद कर देंगे और केवल अपने मूल क्षेत्र में ही काम करेंगे। उन्होंने ऑनलाइन कार्यों के बहिष्कार की भी चेतावनी दी।

संगठन मंत्री आदित्य तोमर ने कहा कि यह आंदोलन किसी के खिलाफ नहीं, बल्कि अपनी जायज मांगों के समर्थन में है। उन्होंने कहा कि सरकार को कर्मचारियों की समस्याओं पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। इस मौके पर बड़ी संख्या में लेखपाल मौजूद रहे और सभी ने एकजुट होकर अपनी मांगों को दोहराया।

# 18.92 लाख की विकास योजनाओं का शुभारंभ, गुरुद्वारा रोड समेत दो वार्डों में बनेंगी सीसी सड़क और नालियां

## "हर वार्ड का होगा समान विकास" - फात्मा रजा, दो वार्डों में निर्माण कार्यों की शुरुआत

जागरण मोर्चा कार्यालय



विकास कार्यों का शुभारंभ व लोकार्पण करती पालिका अध्यक्ष फातिमा रजा।

**बदायूं।** नगर पालिका परिषद की पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा के नेतृत्व में शहर में विकास कार्यों की रफ्तार लगातार तेज हो रही है। इसी क्रम में शनिवार को उन्होंने करीब 18 लाख 92 हजार रुपये की लागत से दो महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में बिना किसी भेदभाव के समान रूप से विकास कराया जाएगा और नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है।

पालिकाध्यक्ष ने सबसे पहले वार्ड संख्या-12 में मुख्तयार के मकान से मूलचंद्र की चक्की तक बनने वाली 14.70 लाख रुपये की लागत की सीसी सड़क का फीता काटकर उद्घाटन किया। लंबे समय से जर्जर पड़ी इस सड़क के कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है।

इसके बाद वार्ड संख्या-22 के मोहल्ला काजीटोला में पंजाबी चौक से टिकटगंज चौराहे की ओर गुरुद्वारे के पास 4.22 लाख रुपये की लागत से बनने वाली मुख्य सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस कार्य के पूर्ण होने से क्षेत्र में जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी और लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा प्राप्त होगी।

इस मौके पर पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने कहा कि नगर पालिका परिषद द्वारा सड़क, नाली, पेयजल, स्ट्रीट लाइट और स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता है और विकास कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखी जाएगी।

# रामगंगा कटान से त्रस्त चकवा गांव पहुँचे कांग्रेसी, 5 अगस्त से धरने का ऐलान

जागरण मोर्चा कार्यालय



गंगा कटान को लेकर कांग्रेसियों ने किया गांव का दौरा। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** दातागंज तहसील क्षेत्र में रामगंगा नदी के कटान से प्रभावित चकवा गांव का शनिवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने दौरा कर हालात का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और जल्द समाधान का भरोसा दिलाया।

ग्रामीणों ने बताया कि चकवा गांव में पिछले वर्ष से लगातार कटान जारी है। कटान की चपेट में आकर गांव का देवस्थान तक रामगंगा में समा चुका है। हर साल आने वाली बाढ़ से खेत जलमग्न हो जाते हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है और साल भर में केवल एक ही फसल हो पाती है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा कि भाजपा सरकार और जिला प्रशासन कटान रोकने में पूरी तरह विफल साबित हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बाढ़ और कटान से राहत दिलाने के लिए अब तक कोई ठोस कार्य नहीं किया गया है।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि हर साल बाढ़ के कारण दातागंज तहसील के सैकड़ों गांवों का संपर्क चार महीने तक टूट जाता है। हर्रामपुर, मौजमपुर, शेरपुर, नवादा, गढ़िया पैगम्बरपुर, लालपुर, गौंटिया और कुढ़रा मझरा सहित करीब 50 गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क बाधित हो जाता है। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है और किसानों की फसलें बर्बाद हो जाती हैं।

अजीत यादव ने घोषणा की कि कटान रोकने और दातागंज को बाढ़ मुक्त कराने की मांग को लेकर 5 अगस्त से हजरतपुर पुल पर धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मानपुर से सिमरिया और रूकुमपुर से भाऊ नगला तक तटबंध निर्माण कराया जाना जरूरी है। इसके लिए कांग्रेस लगातार संघर्ष करेगी।

इस दौरान कांग्रेस जिला सचिव मंजेश यादव, डॉ. संतोष यादव, अमर सिंह गुर्जर, अरविंद, जयवीर सिंह, सेवानिवृत्त कानूनगो सुरेंद्र सिंह, कृपाल मौर्य, सत्यपाल मौर्य, कल्लू शर्मा, जयपाल सहित कई कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

# एटीएम बदलकर 48 हजार से अधिक की ठगी, पीड़ित ने पुलिस से लगाई गुहार

जागरण मोर्चा कार्यालय



जानकारी देता पीड़ित। -जागरण मोर्चा

**मदद के बहाने एटीएम बदलकर युवकों ने उड़ाए हजारों रुपये, तहरीर दी**

**बिसौली।** कोतवाली बिसौली क्षेत्र में एटीएम फ्रॉड का एक मामला सामने आया है, जहां दो अज्ञात युवकों ने मदद के बहाने एक युवक का एटीएम कार्ड बदलकर उसके खाते से 48 हजार से अधिक की रकम निकाल ली। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

कस्बा बिसौली निवासी सोहिल पुत्र समीम शुक्रवार को बिसौली रोड स्थित एक एटीएम मशीन पर नया पिन बनाने गया था। इसी दौरान उसे पिन जनरेट करने में कुछ परेशानी हो रही थी। मौके पर पहले से मौजूद दो युवकों ने उसकी मदद करने की बात कही। बातचीत के दौरान आरोपियों ने चालाकी से उसका एटीएम कार्ड बदल लिया और उसे दूसरा कार्ड थमा दिया।

पीड़ित को घटना की जानकारी उस समय हुई जब वह घर पहुंचा और खाते की जांच की। जांच में पता चला कि उसके खाते से शुक्रवार को 30 हजार रुपये और शनिवार को 28 हजार 500 रुपये निकाल लिए गए हैं। इसके बाद उसे धोखाधड़ी का एहसास हुआ।

घटना के बाद आरोपी युवक मौके से फरार हो गए। पीड़ित सोहिल ने कोतवाली बिसौली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

# शहर में अंडरग्राउंड फॉल्ट लोकेशन मशीन का शुभारंभ, दूर होंगे बिजली के फॉल्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय



उद्घाटन करते हुए भाजपा सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता व अन्य नेता।

**बदायूं।** शहर में अंडरग्राउंड विद्युत केबलों में आने वाले फॉल्ट का सटीक स्थान पता लगाने के लिए शनिवार को आधुनिक अंडरग्राउंड फॉल्ट लोकेशन मशीन का शुभारंभ किया गया। शहर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने मशीन का शुभारंभ करते हुए कहा कि इससे बिजली आपूर्ति बाधित होने पर फॉल्ट का सही स्थान तुरंत चिन्हित किया जा सकेगा और मरम्मत में लगने वाला समय काफी कम हो जाएगा। इससे उपभोक्ताओं को लंबे समय तक बिजली कटौती की समस्या से राहत मिलेगी।

कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल अजय कुमार ने बताया कि अब तक अंडरग्राउंड केबलों में फॉल्ट का सटीक स्थान खोजने में काफी समय लगता था। कई बार पूरी लाइन की जांच करनी पड़ती थी, जिससे विद्युत आपूर्ति बहाल होने में विलंब होता था। नई मशीन के माध्यम से फॉल्ट का सटीक बिंदु (एक्जैक्ट प्वाइंट) आसानी से पता लगाया जा सकेगा, जिससे मरम्मत कार्य तेजी से पूरा होगा।

उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए विद्युत विभाग ने एम/एस दुर्गेश चंदेल तथा एम/एस राहत एंड ब्रदर्स को टेंडर दिया है। दोनों फर्में अंडरग्राउंड केबलों में आने वाले फॉल्ट का सटीक स्थान चिन्हित कर शीघ्र मरम्मत सुनिश्चित करेंगी। इससे शहर में बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में कम समय में व्यवस्था सामान्य हो सकेगी।

शहर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि बदायूं शहर में बेहतर विद्युत व्यवस्था उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। आधुनिक तकनीक के उपयोग से बिजली व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी तथा उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति का लाभ मिलेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस मशीन के संचालन से बिजली विभाग की कार्यक्षमता बढ़ेगी और लोगों की शिकायतों का त्वरित समाधान संभव होगा।

कार्यक्रम में डीसीबी चेयरमैन जितेंद्र कुमार सक्सेना, वरिष्ठ भाजपा नेता जेपी सोलंकी, एसडीओ पनवड़िया अरविंद कुमार, जेई कार्यशाला कफील अहमद सहित विद्युत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने इस पहल को शहर की विद्युत व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# युवक से मारपीट में चार पर दलित उत्पीडन की रिपोर्ट

**बदायूं।** अलापुर थाना क्षेत्र के गांव कुतरई निवासी रामसनेही ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 31 जुलाई की दोपहर 1 बजे उसका देवर जुगेंद्र अपनी ससुराल से आकर खड़ा हुआ था। तभी पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही सकटू,हरीश,इन्ना व संजीव जाति सूचक गाली गलौज करने लगे। महिला का आरोप है कि चारों आरोपितों ने धारदार हथियार का प्रहार कर उसके देवर जुगेंद्र को घायल कर दिया। जिसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोपितों द्वारा लगातार उसे जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पुलिस ने चारों आरोपितों पर दलित उत्पीडन व मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# प्रमुख सचिव ने डीएम को दिए निर्देश, एक सप्ताह में ईओ की जांच रिपोर्ट मांगी

## अलापुर नगर पंचायत के ईओ त्रिवेंद्र कुमार की बढ़ गई मुश्किलें

जागरण मोर्चा कार्यालय

**अलापुर।** नगर पंचायत अलापुर में विकास कार्यों में लापरवाही को लेकर अब प्रशासन सख्त हो गया है। शासन स्तर पर मामला पहुंचने के बाद प्रमुख सचिव ने जिलाधिकारी को निर्देश दिए हैं कि नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी (ईओ) की कार्यप्रणाली की जांच कर एक सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट भेजी जाए। इस निर्देश के बाद नगर पंचायत प्रशासन में हड़कंप मच गया है, जबकि ईओ त्रिवेंद्र कुमार की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं।

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत अलापुर में बीते तीन वर्षों के दौरान विभिन्न विकास कार्यों के लिए कार्ययोजनाएं जिलाधिकारी स्तर से स्वीकृत की गई थीं। इन योजनाओं में सड़क निर्माण, नाली निर्माण, जल निकासी व्यवस्था, साफ-सफाई और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्य शामिल थे। लेकिन हैरानी की बात यह है कि इन स्वीकृत योजनाओं पर अमल करने के लिए अब तक टेंडर प्रक्रिया तक शुरू नहीं की गई। सूत्रों का कहना है कि कई बार उच्चाधिकारियों द्वारा समीक्षा बैठकों में इन योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी मांगी गई, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिल सका। इसके चलते शासन की प्राथमिकता वाली योजनाएं भी धरातल पर नहीं उतर पा रही हैं। नगर क्षेत्र के कई वार्डों में विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि नगर पंचायत में लंबे समय से विकास कार्यों की गति बेहद धीमी है। बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या विकराल रूप ले लेती है, जबकि सड़कों की हालत भी खराब बनी हुई है। कई स्थानों पर नालियां अधूरी पड़ी हैं, जिससे गंदगी और बीमारियों का खतरा बना रहता है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली जाती तो अब तक अधिकांश कार्य पूरे हो चुके होते।

मामले की गंभीरता को देखते हुए शासन ने इसे लापरवाही मानते हुए सीधे जिलाधिकारी से जवाब तलब किया है। प्रमुख सचिव द्वारा दिए गए निर्देश में साफ कहा गया है कि ईओ की भूमिका की जांच कर यह स्पष्ट किया जाए कि आखिर तीन वर्षों में स्वीकृत योजनाओं पर कार्य क्यों नहीं हुआ। साथ ही यह भी देखा जाएगा कि कहीं इसमें वित्तीय अनियमितता या प्रशासनिक उदासीनता तो नहीं रही।

जिलाधिकारी ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जांच के निर्देश दे दिए हैं। बताया जा रहा है कि जांच टीम सभी स्वीकृत योजनाओं, उनके बजट, फाइलों और टेंडर प्रक्रिया से जुड़े दस्तावेजों की पड़ताल करेगी। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार यदि जांच में लापरवाही या अनियमितता साबित होती है तो संबंधित ईओ के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सकती है। इसमें निलंबन से लेकर विभागीय कार्यवाही तक के विकल्प शामिल हैं। इस पूरे प्रकरण ने नगर पंचायतों में कार्यप्रणाली को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। शासन की मंशा है कि विकास कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे हों, लेकिन जमीनी स्तर पर लापरवाही के चलते योजनाएं कागजों तक सीमित रह जा रही हैं। अब देखना होगा कि जांच रिपोर्ट में क्या सामने आता है और प्रशासन इस पर क्या कदम उठाता है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 33 शिकायतें दर्ज, 5 का मौके पर किया गया निस्तारण

जागरण मोर्चा कार्यालय



बिसौली के संपूर्ण समाधान में मौजूद अधिकारी, समस्या सुनते हुए।

**बिसौली।** तहसील परिसर बिसौली में शनिवार को एडीएम (एफआर) की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कांवड़ यात्रा के चलते एसडीएम प्रियंका गोयल व सीओ अंशुमन श्रीवास्तव इस दौरान मौजूद नहीं रह सके। समाधान दिवस में कुल 33 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 5 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें सामने आईं। ग्राम दबतोरा निवासी शुएव ने बिजली ट्रांसफार्मर से तेल रिसने की समस्या उठाते हुए ट्रांसफार्मर बदलने व सुचारू बिजली आपूर्ति की मांग की। वहीं, कस्बा बिसौली की निवासी राविया सैफी ने इस्लामनगर निवासी अपने पति शहनवाज सैफी, ससुर, सास व ननद समेत अन्य ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज की मांग को लेकर उत्पीड़न करने का गंभीर आरोप लगाया। पीड़िता ने अधिकारियों से मामले में एफआईआर दर्ज कराने की गुहार लगाई। इसके अलावा ललुआनगला निवासी सचिन ठाकुर ने दबतोरी सिरौली से लक्ष्मीपुर हरदासपुर मार्ग पर बने गहरे गड्ढों को ठीक कराने की मांग की। तहसीलदार सुरेंद्र सिंह ने कांवड़ यात्रा को देखते हुए संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि मुख्य मार्गों पर किसी भी प्रकार की बाधा न हो और श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी न आए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी व अन्य विभागीय अधिकारियों को सड़कों की खराब स्थिति से भी अवगत कराया। तहसीलदार सुरेंद्र सिंह ने बताया कि प्राप्त शिकायतों में से 5 का मौके पर ही समाधान करा दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण के लिए भेजा गया है।

# विश्वभर के स्काउटिंग आंदोलन को एकता के सूत्र में बांधता है स्कार्फ : महेश

जागरण मोर्चा कार्यालय




स्काउट भवन पर विश्व स्कार्फ दिवस पर डीओसी मु.असरार, डीटीसी संजीव कुमार शर्मा, मुकेश बाबू शर्मा को स्कार्फ पहनाकर सम्मानित करते जिला मुख्यायुक्त महेश चंद्र सक्सेना। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** स्काउट भवन प्रशिक्षण केंद्र पर भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश संस्था के तत्वावधान में विश्व स्कार्फ दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिले के स्काउट-गाइड, स्काउट मास्टर और गाइड कैप्टन को सराहनीय कार्यों के लिए स्कार्फ पहनाकर और चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। स्काउट संस्था के प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला मुख्यायुक्त महेश चंद्र सक्सेना ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। उन्होंने कहा कि लार्ड बेडेन पावेल ने दुनियां को कुछ दिया तो वह स्काउटिंग दी। युवाओं में के गुण देशभक्ति का अनोखा जज्बा पैदा कर रहे हैं। आपदाओं में स्कास्काउकागर्फ लोगों की सहायता में सहायक दुःआ मुसीबत में लोगों की सहायता करें। राष्ट्र निर्माण और चरित्र निर्माण के आदर्शों को अपने जीवन में उतारेंगे। स्कार्फ विश्वभर के स्काउटिंग आंदोलन को एकता के सूत्र में बांधता है। सेवा, साहस, भाईचारे और मानवता के प्रति समर्पण का जीवंत प्रतीक है। हमें प्रतिदिन अपने कर्तव्यों, प्रतिज्ञा और नियमों का स्मरण कराता है। आपदा, दुर्घटना अथवा आवश्यकता की घड़ी में यही स्कार्फ प्राथमिक उपचार, पट्टी, स्लिंग, रस्सी और संकेत देने जैसे अनेक कार्यों में उपयोगी सिद्ध होता है। जिला संगठन कमिश्नर मुहम्मद असरार ने कहा कि स्कार्फ स्काउट वर्दी की शोभा ही नहीं बनता बल्कि एक सेवा के कार्य के लिए भी प्रेरित करता है। अनुशासित और सेवाभावी बनें रहने के साथ दुःख मुसीबत में लोगों की सहायता करें। राष्ट्र निर्माण और चरित्र निर्माण में आदर्शों को अपने जीवन में उतारेंगे। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि स्कार्फ विश्वभर के स्काउटिंग आंदोलन को एक सूत्र में बांधता है। सेवा, साहस, भाईचारे और मानवता के प्रति समर्पण का जीवंत प्रतीक है। हमें प्रतिदिन अपने कर्तव्यों, प्रतिज्ञा और नियमों का बोध कराता है। आपदाओं, दुर्घटनाओं की आवश्यकता की घड़ी में यही स्कार्फ प्राथमिक उपचार, पट्टी, स्लिंग, रस्सी और संकेत देने जैसे अनेक कार्यों में उपयोगी सिद्ध होता है। स्काउट मास्टर मुकेश बाबू शर्मा को सम्मानित किया। नंदराम शाक्य, निखिल चौहान आदि मौजूद रहे।

**निरीक्षण** श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधाओं पर जोर, अटैना घाट पर अधिकारियों ने दिए निर्देश

# कांवड़ यात्रा की तैयारियों का डीएम-एसएसपी ने लिया जायजा

जागरण मोर्चा कार्यालय



आटेना घाट का निरीक्षण करते डीएम अवनीश राय व एसएसपी अंकिता शर्मा व मौजूद अन्य अधिकारी। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** कांवड़ यात्रा-2026 को सकुशल एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने शनिवार को अटैना घाट का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कांवड़ियों की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, बैरिकेडिंग, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य जरूरी सुविधाओं की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखें, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

जिलाधिकारी ने विशेष रूप से गंगा नदी के जल स्तर पर लगातार निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल स्तर में किसी भी प्रकार की वृद्धि होने पर तत्काल संबंधित अधिकारियों को सूचित किया जाए और आवश्यक सुरक्षा एवं एहतियाती उपाय सुनिश्चित किए जाएं, जिससे कांवड़ियों की सुरक्षा में कोई कमी न रह जाए। वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि घाट क्षेत्र एवं कांवड़ मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। निरीक्षण के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



## गीता सार

ज्ञानविज्ञानतृप्तात्मा कूटस्थो विजितेंद्रियः।
युक्त इत्युच्यते योगी समलोष्टाश्मकांचनः॥

**भावार्थ :** ऐसा मनुष्य स्थिर चित्त वाला और इंद्रियों को वश में करके, परमात्मा के ज्ञान द्वारा परमात्मा को प्राप्त करके, पूर्ण संतुष्ट रहता है, ऐसे परमात्मा को प्राप्त हुए मनुष्य के लिए मिट्टी, पत्थर और सोना एक समान होते है।

# नेपाल में बवाल

नेपाल में सांप्रदायिक बवाल मचा हुआ है। सुनसरी में बीते दिनों दो समुदायों के बीच झड़प बड़े उपद्रव में परिवर्तित हो गई। भारत से सटे नेपाल के सुनसरी जिले में धार्मिक जुलूस के दौरान विवाद हो गया था। गुरुवार को यह विवाद सांप्रदायिक हिंसा में बदल गया। देखते ही देखते दो समुदायों के लोग आमने-सामने आ गए। कई जगह पथराव, आगजनी और तोड़फोड़ हुई। इस दौरान दर्जनों गाड़ियों में आग लगा दी गई, इमारतों को फूंक दिया गया। दुकानों और मकानों में तोड़फोड़ की गई। फिलहाल भारत से सटे तराई क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। सुनसरी से शुरू हुई हिंसा अब सप्तरी, धनुषा और सिराहा तक फैल चुकी है। हालात को देखते हुए कई जिलों में कर्फ्यू, निषेधाज्ञा और सुरक्षा बलों की अतिरिक्त तैनाती की गई है। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल और प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने शांति बनाए रखने की



अपील करते हुए हिंसा की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। दरअसल, 26 जुलाई को सुनसरी जिले की देवानगंज ग्रामीण नगरपालिका के कप्तानगंज इलाके में हिंदू श्रद्धालु कांवड़ यात्रा के दौरान पवित्र जल लेकर जा रहे थे। यात्रा के दौरान डीजे बजाने, लाउडस्पीकर के इस्तेमाल और धार्मिक झंडे को लेकर दो पक्षों के बीच तीखी बहस हो गई। देखते ही देखते दोनों समुदाय आमने-सामने आ गए, जिसके बाद पथराव, तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएं शुरू हो गईं। सांप्रदायिक झड़पों के विरोध में लोगों के समूहों द्वारा प्रदर्शन किए जाने के बाद एहतियात के तौर पर सप्तरी जिला प्रशासन कार्यालय ने राजबिराज नगरपालिका के कुछ हिस्सों में शुक्रवार सुबह 8 बजे से अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लागू कर दिया। सेना ने हिंसा प्रभावित इलाकों में मोर्चा संभाल लिया है। सेना के जवान लगातार इलाकों में फ्लैग मार्च कर रहे हैं। साथ ही जमीन से लेकर आसमान तक निगरानी की जा रही है। इस बीच नेपाल के पीएम बालेंद्र शाह ने लोगों से शांति की अपील की है। उन्होंने हिंसा के दोषियों को सख्त सजा दिलाने का वादा भी किया है। नेपाल सरकार दोनों मृतकों को शहीद घोषित करने की प्रक्रिया तत्काल शुरू करेगी तथा उनके परिवारों को प्रत्येक को 10 लाख नेपाली रुपए की राहत सहायता प्रदान करेगी। घटना की निष्पक्ष और प्रभावी जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का भी सरकार ने आश्वासन दिया है। देवानगंज गाउंपालिका स्थित मदरसे की कानूनी स्थिति की तत्काल जांच शुरू की जाएगी। वहां रह रहे दोषियों को कानून के दायरे में लाने की प्रतिबद्धता जताई गई है। दोनों शोकाकुल परिवारों के एक-एक योग्य सदस्य को सरकारी रोजगार का अवसर उपलब्ध कराया जाएगा। घटना की जांच के लिए गठित समिति की रिपोर्ट में शामिल सिफारिशों और सुझावों को भी कानून के अनुसार यथाशीघ्र लागू करने पर सहमति बनी है।

# आखिर हमारे लिए कितना खास?



**संजय श्रीवास्तव**

होर्मुज से हटने की प्रक्रिया में खाड़ी के तेल उत्पादक देश उसके विकल्प तलाश रहे हैं। क्या ये नए रास्ते निरापद हैं और वे होर्मुज को शीघ्र ही अप्रासंगिक कर सकते हैं? पश्चिमी एशियाई देशों की इन कोशिशों से दुनिया में तीसरे नंबर के तेल और गैस आयातक भारत को क्या नफा नुकसान होगा? अमेरिका-ईरान तनाव स्थायी होते देख पश्चिम एशिया के तेल उत्पादक देशों ने होर्मुज के विकल्प की तलाश तेज कर दी है। रियाद से लेकर अबूधाबी और बगदाद तक, खाड़ी देशों की सरकारों ने यह समझ लिया है कि ईरान का 'होर्मुज को बंद करने का कार्ड' उनकी राष्ट्रीय अर्थव्यवस्थाओं और वैश्विक प्रतिष्ठा के लिए स्थायी खतरा है।

'वार-रिस्क बीमा प्रीमियम' आठ गुना बढ़ने के साथ उत्पादन में 12 मिलियन बैरल प्रतिदिन तक की कटौती की नौबत आ गई। ऐसे में फारस की खाड़ी से दुनिया तक तेल और गैस पहुंचाने वाली इस जलडमरूमध्य की संकरी पट्टी पर अत्यधिक निर्भरता उत्पादक और उपभोक्ता दोनों तरह के देशों को असहनीय होने से पहले उनमें पाइपलाइनों, सी-कॉरिडोर, रेलवे और नए एक्सपोर्ट टर्मिनल्स का एक नया बुनियादी ढांचागत तंत्र विकसित करने की अभूतपूर्व होड़ शुरू होना स्वाभाविक है। बेशक, खाड़ी के तेल उत्पादकों के लिए अगली रणनीतिक लड़ाई होर्मुज पर नियंत्रण की नहीं, उससे बच निकलने के रास्तों की है। इसीलिए सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और इराक मौजूदा पाइपलाइनों की क्षमता बढ़ाने से लेकर नए निर्यात टर्मिनल, रेल और जमीनी कॉरिडोर विकसित करने में जुटे हैं। सऊदी अरब का दावा है कि 1,200 किलोमीटर लंबी ईस्ट-वेस्ट 'पेट्रोलाइन' जो उसके पूर्वी तेल क्षेत्रों को लाल सागर के यानबू से जोड़ती है, उसकी क्षमता उसने सात मिलियन बैरल प्रतिदिन तक पहुंचा दिया है। हालांकि इसका एक बड़ा हिस्सा पश्चिमी तट की रिफाइनरियों में जाता है। अब इसमें उसकी तेल कंपनी आरामको एक से दो मिलियन बैरल प्रतिदिन अतिरिक्त क्षमता जोड़ने पर विचार कर रही है। यूएई के पास अबूधाबी से फुजैराह तक जो पाइपलाइन दो मिलियन बैरल प्रतिदिन की क्षमता की है, उसके समानांतर उससे कुछ ज्यादा क्षमता वाली पाइपलाइन को 2027 तक चालू करने की योजना है। फुजैराह की खासियत है कि वह होर्मुज के बाहर ओमान की खाड़ी में है। इराक के सरकारी राजस्व का अधिकांश हिस्सा तेल से आता है इसलिए वह किर्कुक से तुर्की के जेहान तक उत्तरी मार्ग को मजबूत करने, सीरिया के बनियास तक पुराने कॉरिडोर को पुनर्जीवित करने और जॉर्डन के अकाबा तक रास्ता बनाने जैसी योजनाओं पर जुट गया है। इसी महीने इराकी ईंधन तेल को ट्रकों के जरिए सीरिया के बनियास तक पहुंचाकर वहां से अमेरिका सहित दूसरे बाजारों में भेजना शुरू भी हुआ है। इराक द्वारा ट्रकों के जरिए जॉर्डन या सीरिया तक तेल भेजने के प्रयास अत्यंत महंगे, धीमे और असुरक्षित हैं। लाखों बैरल के लिए हजारों ट्रकों का काफिला व्योहारिक नहीं है। कारगर विकल्प न होते हुए भी यह भविष्य की दिशा बताता है। जाहिर है इन कवायदों से होर्मुज आने वाले वर्षों में अप्रासंगिक नहीं होने वाला, न तो उसका भूगोल बदला जा सकता है और न इतनी विशाल ऊर्जा मात्रा को रातोंरात दूसरे रास्तों पर डाला जा सकता है। मगर यह तय है कि अब उसकी 'अनिवार्यता' घटाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। युद्ध से पहले तकरीबन 20 मिलियन बैरल तेल और पेट्रोलियम उत्पाद प्रतिदिन इस रास्ते से गुजरते थे। यह वैश्विक समुद्री तेल व्यापार का लगभग तीस फीसद है। इसके अतिरिक्त, दुनिया की लगभग 20 प्रतिशत लिक्विफाइड नेचुरल गैस विशेषकर कतर से, इसी रास्ते से होकर वैश्विक बाजारों तक पहुंचती है। वर्तमान और प्रस्तावित परियोजनाएं मिलकर भविष्य में हर रोज ज्यादा से ज्यादा दस मिलियन बैरल तेल को वैकल्पिक रास्तों पर मोड़ सकती हैं, गैस के मामले में तो यह उपाय बिल्कुल विफल है। इसलिए यह कारगुजारियां होर्मुज से गुजरने वाले सामान्य प्रवाह का पूर्ण विकल्प नहीं है। फिर पाइपलाइन जितना तेल बाहर निकालेगी, उसके लिए दूसरी ओर पर्याप्त भंडारण, टर्मिनल और टैंकर-लोडिंग क्षमता भी चाहिए। इराक-सीरिया जैसे सीमा-पार कॉरिडोर में राजनीतिक स्थिरता, सुरक्षा, अरबों डॉलर की पूंजी और वर्षों का निर्माण समय अलग चुनौती है। जोखिम भी केवल जगह बदलेगा, एशिया जाने वाले जहाजों को लाल सागर से बाब-अल-मंदेब पार करना होगा। हूती विद्रोहियों के हमले का खतरा बना रहेगा। स्वेज का रास्ता भी विशाल टैंकर के लिए सुविधाजनक नहीं है और अफ्रीका के केप ऑफ गुड होप का चक्कर समय, ईंधन, मालभाड़ा और बीमा लागत बढ़ाएगा। पाइपलाइनें भी ड्रोन, मिसाइल, साइबर हमले और तोड़फोड़ की शिकार हो सकती हैं। इस तरह एक चोकपॉइंट की निर्भरता को दूसरे चोकपॉइंट में बदल देना ऊर्जा सुरक्षा नहीं है। इसीलिए पाइपलाइन के साथ नया 'सी कॉरिडोर' मॉडल ज्यादा महत्वपूर्ण है। भविष्य का खाड़ी ऊर्जा नक्शा फारस की खाड़ी के भीतर से सीधे जहाज भेजने के बजाय तेल को पहले जमीन से फुजैराह, यानबू, सोहार, अकाबा, जेहान अथवा बनियास जैसे होर्मुज-बाहरी बंदरगाहों तक पहुंचाने और वहां से समुद्र में उतारने का हो सकता है। इससे एक मार्ग बंद होने पर दूसरा उपलब्ध रहेगा। यह 'होर्मुज का विकल्प' कम और ऊर्जा-मार्गों का विविधीकरण अधिक है। हमारे आयात का लगभग 60 प्रतिशत खाड़ी देशों से आता है, जो 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' से होकर गुजरता है। खाड़ी के वैकल्पिक कॉरिडोर भारत के लिए लाभकारी होंगे; क्योंकि सऊदी और यूएई का तेल होर्मुज बंद होने पर भी फुजैराह अथवा यानबू से उपलब्ध रहेगा। ओमान की खाड़ी माने फुजैराह या सोहार भारत के पश्चिमी तट यथा जामनगर, मुंद्रा, मंगलौर के बेहद करीब है। होर्मुज के अंदर जाने की बजाय फुजैराह या सोहार से तेल लोड करने पर भारतीय जहाजों को 2 से 3 दिन की यात्रा कम करनी पड़ेगी, जिससे 'टन-माइल' लागत और समुद्री भाड़े में बचत होगी।

इमेज





## श्रीरामचरितमानस

तब संकर प्रभु पद सिरु नावा।
सुमिरत रामु हृदयं अस आवा॥
एहिं तन सतिहि भेंट मोहि नाहीं।
सिव संकल्पु कीन्ह मन माहीं॥

**भावार्थ :** तब शिवजी ने प्रभु श्री रामचंद्रजी के चरण कमलों में सिर नवाया और श्री रामजी का स्मरण करते ही उनके मन में यह आया कि सती के इस शरीर से मेरी (पति-पत्नी रूप में) भेंट नहीं हो सकती और शिवजी ने अपने मन में यह संकल्प कर लिया॥

### सी-लाइफ

# आलसी जीव होता है शैल कृमि

**के. पी. सिंह**

शैल कृमि एक समुद्री कृमि है। इसे अंग्रेजी में एकार्न वार्म कहते हैं। यह एक आलसी जीव है तथा एक ही स्थान पर झुंड बनाकर रहता है। कभी-कभी इसके बहुत बड़े-बड़े झुंड भी देखने को मिल जाते हैं। शैल कृमि सागरों और महासागरों के उथले तटों पर पाया जाता है। यह सागर तल की रेत अथवा कीचड़ में मांद बनाता है एवं अपना अधिकांश समय इसी मांद में व्यतीत करता है। शैल कृमि अंग्रेजी के यू के आकार की ऐसी मांद तैयार करता है, जिसमें कम से कम दो प्रवेशद्वार हों सामान्यतया इसकी मांद 25-30 सेंटीमीटर लंबी होती है, किंतु ब्राजील के सागर तटों पर पाया जाने वाला शैल कृमि कई मीटर लंबी मांद बनाता है। शैल कृमि की शारीरिक संरचना अन्य समुद्री कृमियों से भिन्न होती है। इसकी अनेक जातियां हैं तथा प्रत्येक जाति के कृमि की शारीरिक संरचना में भी आपस में कुछ भिन्नताएं होती हैं। सामान्यतया शैल कृमि की लंबाई 10 सेंटीमीटर से लेकर 20 सेंटीमीटर तक होती है। किंतु ब्राजील के सागर तटों पर पाया जाने वाला बैलेनोक्लासस गिगास नामक कृमि एक मीटर से भी अधिक लंबा होता है। इसी प्रकार की भिन्नता इसके रंगों में भी देखने को मिलती है। इसके सिर और आसपास का भाग हल्का नीला और सफेद होता है तथा शरीर लाल पीला एवं कत्थई होता है। कभी-कभी कुछ अन्य रंगों के शैलकृमि भी देखने को मिल जाते हैं। शैल कृमि के शरीर को तीन भागों में विभाजित किया जा सकता है। इसके शरीर के सबसे आगे के भाग में सिर होता है एवं सिर का आगे का भाग सूंड की तरह निकला हुआ होता है। इसके बाद मध्य में पतली सी गर्दन होती है, अंत में तीसरा भाग होता है। यह भाग सबसे बड़ा होता है और ऊपर से नीचे की ओर लगातार पतला हो जाता है तथा अंत में सांप की पूंछ की तरह नुकीला सा हो जाता है। शैल कृमि का मुंह इसके शरीर के पहले और दूसरे भाग के मध्य में होता है। इसके अन्य प्रमुख अंग शरीर के तीसरे भाग में होते हैं। शैल कृमि के शरीर पर जोड़ेदार गलफड़ों वाले छिद्र होते हैं, जिनसे यह सांस लेता है। इसकी अलग-अलग जातियों में गलफड़ों वाले छिद्रों की संख्या अलग-अलग होती है। सामान्यतया बड़े आकार के शैल कृमियों के गलफड़े वाले छिद्रों की संख्या छोटे शैल कृमियों के गलफड़ों के छिद्रों से अधिक होती है। इसके साथ ही कृमि की आयु से भी इसका सीधा संबंध होता है। शैल कृमि की जैसे-जैसे आयु बढ़ती है, इसके गलफड़े वाले छिद्रों की संख्या भी बढ़ती जाती है। शैल कृमि के शरीर में रक्त नलिकाएं होती हैं एवं इनमें रक्त संचार भी होता है, किंतु इसका रक्त पानी की तरह रंगहीन होता है।

### तिथि विशेष

## राष्ट्रीय पर्वतारोहण दिवस



हर वर्ष 1 अगस्त को राष्ट्रीय पर्व तारोहण दिवस मनाया जाता है। यह दिन साहस, धैर्य और आत्मविश्वास का प्रतीक है, जो पर्वतारोहण जैसी चुनौ तीपूर्ण गतिविधि के मा ध्य म से व्यक्त होता है। पर्वतारोहण केवल एक खेल न हीं, बल्कि यह मानसिक और शारीरिक क्षमता की परीक्षा लेने वाला एक रोमांचक अनुभव है, जो व्यक्ति को कठिन परिस्थितियों में भी दृढ़ रहने की प्रेरणा देता है। भार त जैसे विविध भौगोलिक संरचना वाले देश में प र्वतारोहण का विशेष महत्व है। हिमालय की ऊंची चोटियां न केवल प्राकृतिक सौंदर्य का प्रतीक हैं, बल्कि साहसिक गतिविधियों के लिए भी विश्वभर में प्रसिद्ध हैं। भारती य पर्वतारोहियों ने अनेक बार दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट सहित कई दुर्गम शिखरों पर विजय प्राप्त कर देश का नाम रोशन किया है। यह दिन ऐसे साहसी लोगों के योगदान को याद करने और उन्हें सम्मान देने का अवसर भी प्रदान करता है। राष्ट्रीय पर्वतारोहण दिवस का उद्देश्य युवाओं को एडवेंचर स्पोर्ट्स की ओर आकर्षित करना और उन्हें प्रकृति के करीब लाना है। इस दिन विभिन्न संस्थाओं द्वारा ट्रेकिंग, रॉक क्लाइम्बिंग और जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिससे लोगों में साहसिक खेलों के प्रति रुचि बढ़े। इसके साथ ही यह दिन पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देता है, क्योंकि पर्वतों और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। आज के दौर में, जब जीवन भागदौड़ और तनाव से भरा हुआ है, पर्वतारोहण जैसे गतिविधियां मानसिक संतुलन बनाए रखने में भी सहायक साबित होती हैं। यह हमें सिखाता है कि कठिनाइयों का सामना कैसे किया जाए और हर चुनौती को अवसर में कैसे बदला जाए।

### सावन पर विशेष : संस्कृति

# सावन की फुहारों में जब झूम उठती लोक संस्कृति

**धीरज बसाक**

भारत की सांस्कृतिक परंपरा में ऋतुओं का विशेष महत्व है। हर ऋतु अपने कुछ नये रंग, नये पर्व और लोक परंपराएं लेकर आती है। सावन सबसे अधिक भावनात्मक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध महीना माना जाता है। यह प्रकृति, आध्यात्म, संगीत, लोककला और भारतीय मेल-मिलाप का ऐसा संगम है, जो सदियों से भारतीय समाज को जोड़ता रहा है। सावन का हमारी आत्मीयता और उमंगों के साथ गहरा रिश्ता है।

सावन में हर तरफ हरियाली होती है, खरीफ की फसल अब काफी बड़ी हो चुकी होती है और किसानों में नई उमंगें तथा उम्मीदें जगा रही होती है। सावन की हरियाली लोकगीतों, चित्रकला और हमारे कपड़ों व उत्सवों में भी बढ़-चढ़कर दिखती है। महिलाओं की हरी चूड़ियां, मेहंदी, लहरिया और हरे वस्त्र केवल श्रृंगार नहीं बल्कि प्रकृति के प्रेम और जीवन के उत्साह का प्रतीक होते हैं। सावन का नाम आते ही सबसे पहले झूलों और कजरी की याद आती है। गांव में आज भी बरगद, पीपल और आम के पेड़ों में झूले डाले जाते हैं। युवतियां झूला झूलते हुए लोकगीत गाती हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य भारत में सावनी गीतों की सदियों पुरानी समृद्ध परंपरा है, जो झूला झूलते हुए अपने पूरे शबाब में होती है। इन गीतों में वर्षा, विरह, प्रेम, मिलन और प्रकृति के अनेक रंग दिखाई देते हैं। इसी प्रकार राग मल्हार, भारतीय शास्त्रीय संगीत में वर्षा ऋतु का भाव जगाने वाला प्रमुख राग होता है। यह परंपरा बताती है कि भारतीय संस्कृति ने मौसम को केवल देखा नहीं बल्कि उसे संगीत और साहित्य में भी अमर कर दिया है। भारतीय लोकसंस्कृति परंपरा की सबसे बड़ी विशेषता इसकी सामूहिकता में होती है। सावन के दौरान गांवों में मेले लगते हैं, मंदिरों में भजन-कीर्तन होते हैं और परिवारों में रिश्तेदारों का आना-जाना बढ़ जाता है। तीज जैसे पर्व महिलाओं को सामाजिक मेल-मिलाप का अवसर देते हैं। यह समय केवल पूजा आदि का नहीं बल्कि रिश्तों को मजबूत करने का भी होता है। लोकजीवन में गीत, सामूहिक नृत्य और उत्सव सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। हालांकि सावन की परंपराएं अब धीरे-धीरे सिमटती जा रही हैं। महानगरों में न तो झूले दिखायी देते हैं, न ही कजरी की सामूहिक स्वरलहरियां ही सुनने को मिलती हैं। डिजिटल मनोरंजन ने लोकगीतों और सामुदायिक उत्सवों की जगह काफी हद तक ले ली है। फिर भी यह सुखद है कि अनेक सांस्कृतिक संस्थाएं, विद्यालय और युवा समूह सावन महोत्सव, लोकसंगीत समारोह और वृक्षारोपण अभियानों के माध्यम से इन परंपराओं को जीवित रखने का प्रयास कर रहे हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि सावन को केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित न रखा जाए बल्कि इसे भारतीय सांस्कृतिक विरासत, लोककला और पर्यावरण चेतना के उत्सव के रूप में देखा जाए। यदि नई पीढ़ी को कजरी, मल्हार, लोकनृत्य, झूले और पारंपरिक मेलों से जोड़ा जाए, तो इससे संस्कृति का संरक्षण भर नहीं होगा बल्कि समाज में अपनापन और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता भी बढ़ेगी। सावन हमें सिखाता है कि जीवन की सबसे बड़ी खुशियां प्रकृति के साथ ताल-मेल, रिश्तों की मिठास और सामूहिक उत्सवों में छिपी होती हैं। जब बादलों की गड़गड़ाहट के बीच कजरी गूंजती है, झूले हवा में लहराते



हैं और मंदिरों की घंटियां बजती हैं, तब महसूस होता है कि भारतीय संस्कृति की जड़ें आज भी इतनी हरी-भरी हैं, जितनी सावन में भीगी धरती। सावन का वास्तविक संदेश भी यही है कि मनुष्य प्रकृति से जितना जुड़ा रहेगा, उसकी संस्कृति उतनी ही समृद्ध होगी। यदि आज की पीढ़ियां, पुरानी पीढ़ियों की तरह सावन की संस्कृति का आनंद लेना सीख जाएं, तो निश्चित रूप से भारतीय लोकसंस्कृति की अमूल्य धरोहर आने वाले समय में भी उतनी ही हरी-भरी रहेगी, जितनी सावन की भीगी धरती। क्योंकि सावन कैलेंडर का एक महीनाभर नहीं होता। यह भारतीय जीवन का वह राग है, जो हर वर्ष हमें याद दिलाता है कि सभ्यता की सबसे गहरी जड़ें प्रकृति, लोकजीवन और सामूहिक उत्सवों में ही होती हैं।

इमेज

### वायरल

## 66 लाख का पैकेज छोड़ा और मानसिक शांति पाने बन गई रिसेप्शनिस्ट

ऑस्ट्रेलिया की ग्रेस मैक्लेलैंड ने पूरी दुनिया में 'वर्क-लाइफ बैलेंस' पर एक नई बहस छेड़ दी है। ग्रेस ने करीब 66 लाख रुपए सालाना पैकेज वाली अपनी



हाई-प्रोफाइल लीडरशिप की नौकरी को लात मारकर एक रिसेप्शनिस्ट की नौकरी अपना ली। इस फैसले से उनकी कमाई में सीधा 40% का घाटा हुआ, लेकिन बदले में उन्हें जो मिला, वह पैसों से बहुत ज्यादा कीमती था, और वो है मानसिक शांति। ग्रेस ने अपने करियर की शुरुआत एक सेल्स एसोसिएट के तौर पर की थी। मेहनत के दम पर उन्होंने जल्दी ही तरक्की की और एक बड़े स्टोर की मैनेजर बन गईं। बाहर से देखने पर ये एक बहुत बड़ी कामयाबी लगती थी। लेकिन रोज दफ्तर तक का लंबा सफर, सिर पर काम का बोझ और हर दिन और बेहतर करो का प्रेशर। कुछ समय बाद हालत ये हो गई कि ऑफिस से लौटने के बाद ग्रेस में अपने लिए कुछ करने की भी ताकत नहीं बचती थी। ना शरीर साथ देता था, ना दिमाग। आखिरकार एक दिन वो तंग आ गईं और बिना कोई दूसरी नौकरी देखे उन्होंने इस्तीफा दे दिया।




### X का एक्सरे

मुझे मीडिया का ध्यान खींचने के बजाय मीनिंगफुल आउटकम में ज्यादा दिलचस्पी है। एग्जामिनेशन सिस्टम को मजबूत करने के लिए सुधार पर चर्चा करने के लिए संसद ही सही जगह है। मैं नीट पेपर लीक से प्रभावित छात्रों और उनके परिवारों की कड़ी मेहनत, कुर्बानियां और उठाए गए वित्तीय बोझ को स्वीकार करता हूं।



राघव चड्ढा

शांति बोर्ड ने गाजा में हमास और अन्य आतंकी संगठनों के पूर्ण निरस्त्रीकरण के लिए ऐतिहासिक समझौता किया है, जो गाजा में शांति और सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। समझौते के तहत गाजा में फिलिस्तीन की नई सरकार गाजा में शांति स्थापना के पीस बोर्ड के साथ मिलकर काम करेगी। इजरायल को भी सिक्योरिटी मिलेगी।



डोनाल्ड ट्रंप

लंबे समय से चल रहे शो में महिलाओं के योगदान और उनके काम को वो पहचान आज भी नहीं मिली है, जो मिलनी चाहिए थी। मैं लड़कियों का साथ देने वाली और पुरानी ख्यालों वाली इंसान हूं। मैं एक मजबूत फेमिनिस्ट हूं। मुझे यहां किसी से भी कोई भी इनसिक्योरिटी फील नहीं होती है।



मुनमुन दत्ता

यदि वंदे मातरम का गायन अनिवार्य बनाया जाता है, तो यह संविधान के तहत नागरिकों को प्राप्त धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकारों से जुड़ा गंभीर सवाल खड़ा करता है। मैं एक मुस्लिम हूं और इस्लाम केवल अल्लाह की इबादत करने की शिक्षा देता है। मैं अल्लाह के सिवा किसी की इबादत मेरे मजहब की शिक्षाओं के खिलाफ होगा।



असदुद्दीन ओवैसी

**एक नजर**

### अवध बस अड्डे पर आज से 16 जगहों के लिए बनेगी एमएसटी

**लखनऊ।** आसपास के जिलों से नौकरी और पढ़ाने के लिए नियमित लखनऊ आने वाले लोगों के लिए अवध बस स्टेशन से मासिक सीजनल टिकट (एमएसटी) सुविधा शुरू की जा रही है। एक अगस्त शनिवार से लोग एमएसटी बनवा सकते हैं। अभी तक ये सुविधा कैसरबाग बस अड्डे पर ही मिलती थी। क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन ने बताया कि अवध बस अड्डे से 16 रूटों के लिए एमएसटी बनाई जाएंगी। 30 दिन यात्रा करने पर यात्रियों को सिर्फ 18 दिन का किराया देना होगा। एमएसटी काउंटर सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक खुलेगा। पहली बार कार्ड बनवाने पर 50 रुपये रजिस्ट्रेशन शुल्क लगेगा। यात्रियों को आधार कार्ड, एक फोटो और ओटीपी के लिए मोबाइल नंबर देना होगा। छात्रों को स्कूल फीस की रसीद और हाईस्कूल की मार्कशीट भी लानी होगी। दस्तावेज जमा करने के बाद एक महीने की वैधता वाला एमएसटी स्मार्ट कार्ड जारी कर दिया जाएगा।

# खटीमा में सीएम धामी ने सुनीं जनसमस्याएं अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

## जनसेवा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : खटीमा शिविर में बोले मुख्यमंत्री धामी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र की जनता के हाल जाने और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने यहां मौजूद अधिकारियों को आम जनता की समस्याओं को तत्काल हल करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जन सेवा ही सरकार का उद्देश्य है। आम जनता की प्रमुखता से समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ताकि लोगों को सरकारी कार्यालय एवं अधिकारियों के चक्कर न काटने पड़े। इस दौरान सीएम धामी ने क्षेत्र के विकास संबंधी आवश्यकताओं एवं जनहित के मुद्दों पर चर्चा की और आश्वस्त किया कि जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्य को गति देने और नागरिक सुविधाओं को और सुलभ बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। कैंप कार्यालय पर आयोजित शिविर में मुख्यमंत्री धामी ने 27 दिव्यांगों को 77 सहायक उपकरण, 22 वरिष्ठ नागरिकों को 113 सहायक उपकरण, 11 बैटरी रिक्शें, 14 व्हीलचेयर, 18 कमोड चेयर, 6 ट्राई साइकिल, 24 हियरिंग मशीन, 40 नि ब्रेस, 13 बैसाखी के अतिरिक्त वाकर, वॉकिंग स्टिक, सिलिकॉन आदि सामग्री वितरित की। इस अवसर पर दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू , किशन सिंह किन्ना, गंभीर सिंह धामी, रंजीत सिंह नामधारी, मोहनी पोखरिया, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश जोशी, हिमांशु बिष्ट, रंदीप पोखरिया, प्रकाश तिवारी, अचल शर्मा, नवीन बोरा, भवानी भंडारी, नितिन भदौरिया डीएम, अजय गणपति एस एसपी, वीसी जयकिशन, दिवेश शासनी सीडीओ, कौस्तुभ मिश्र एसडीएम, अमन अनिरुद्ध, पूरन जोशी, नरेंद्र बिष्ट, किशन चंद कुक्कू, एसडीम तुषार सैनी, तहसीलदार वीरेन्द्र सजवाण, खंड विकास अधिकारी संजय कुमार गांधी आदि मौजूद रहें।


दिव्यांगों व वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण वितरित करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। -जागरण मोर्चा


सीएम धामी ने सुनीं जनसमस्याएं, अधिकारियों को त्वरित समाधान के दिए निर्देश।

**संक्षेप समाचार**

### सूबेदार स्व. विशन दत्त कापड़ी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर दी श्रद्धांजलि


सूबेदार स्व. विशन दत्त कापड़ी के परिजन को सांत्वना देते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। -जागरण मोर्चा

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को 1971 के पाक युद्ध के जांबाज स्वर्गीय विशन दत्त कापड़ी वार्ड नंबर– 14 के निधन पर दुख व्यक्त करने उनके आवास पर पहुंचे। उन्होंने दिवंगत सूबेदार स्वर्गीय विशन दत्त कापड़ी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने सूबेदार स्वर्गीय कापड़ी की पत्नी हीरा देवी, पुत्र बीसी कापड़ी, एचएन कापड़ी, दिनेश कापड़ी व पूरन कापड़ी को सांत्वना दी और कहा कि इस दुख की घड़ी में वह उनके साथ खड़े हैं। इस अवसर पर राजू कापड़ी, के.एन. शर्मा, रमेश चंद्र जोशी, महानंद जोशी, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, सभासद विश्वनाथ यादव, डॉ. नवीन भट्ट, अनुपम शर्मा आदि मौजूद रहे।

### पीईटी का विज्ञापन जारी, जानें कब से होंगे आवेदन, अंतिम तिथि क्या है; पूरा अपडेट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (UPSSSC) ने प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (PET)-2026 का विज्ञापन जारी कर दिया है। आयोग ने आवेदन, शुल्क जमा करने और आवेदन में संशोधन की पूरी समय-सारिणी जारी कर दी है। सरकारी नौकरियों की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए PET अनिवार्य परीक्षा है, इसलिए समय-सीमा और नियमों को ध्यान से समझना जरूरी है। **महत्वपूर्ण तिथियां-** विज्ञापन जारी : 1 अगस्त 2026, ऑनलाइन आवेदन शुरू : 3 अगस्त 2026, शुल्क जमा करने और आवेदन की अंतिम तिथि : 1 सितंबर 2026, शुल्क समायोजन एवं आवेदन में संशोधन (Correction) की अंतिम तिथि : 8 सितंबर 2026। PET-2026 उन सभी अभ्यर्थियों के लिए है जो भविष्य में UPSSSC के विभिन्न विभागों में निकलने वाली ग्रुप-सी स्तर की भर्तियों में आवेदन करना चाहते हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि विभिन्न पदों पर चयन के लिए PET में शामिल होना अनिवार्य होगा। सबसे पहले अपना OTR (One Time Registration) पूरा करें। जिन अभ्यर्थियों का OTR पहले से बना है, वे उसी के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। OTR पूरा होने के बाद PET-2026 का ऑनलाइन आवेदन भरें। निर्धारित शुल्क जमा कर आवेदन फाइनल सबमिट करें। आवेदन सबमिट करने के बाद उसकी प्रति सुरक्षित रखें। PET-2026 की पंजीकरण संख्या के माध्यम से OTR पूरा करने वाले अभ्यर्थियों का नाम, जन्मतिथि और मोबाइल नंबर अपरिवर्तनीय (बदले नहीं जा सकेंगे) रहेंगे।

### अगस्त और सितंबर में जुलाई से भी कम हो सकती है प्रदेश में बारिश, बढ़ सकता है अधिकतम और न्यूनतम तापमान

**लखनऊ।** मौसम विभाग ने यूपी के मौसम को लेकर एक डराने वाली चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार अगस्त और सितंबर में जुलाई से भी कम बारिश हो सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दक्षिण-पश्चिम मानसून के दूसरे चरण (अगस्त-सितंबर) के लिए वर्षा और तापमान का पूर्वानुमान जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, अगस्त और सितंबर के दौरान प्रदेश सहित देश भर में सामान्य से कम बारिश का आसार है। वर्षा दीर्घकालिक औसत के 94 प्रतिशत से कम रहने की संभावना है। इसकी वजह से अधिकांश हिस्सों में बारिश कम हो सकती है। हालांकि, उत्तरी हिस्सों और पूर्वी व पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों में सामान्य या सामान्य से अधिक बारिश की उम्मीद है। अगस्त महीने के दौरान भी कुल बारिश सामान्य से कम रहने का अनुमान है। पूर्वोत्तर के सीमित इलाकों को छोड़कर ज्यादातर जगहों पर बारिश की कमी महसूस की जा सकती है। इसकी वजह से अधिकांश हिस्सों में अगस्त के दौरान मासिक औसत अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहेगा।

## प्रदेश में सरकारी नौकरी पाने का बड़ा मौका, समूह ग की परीक्षाओं की आर्हता के लिए आवेदन सोमवार से होंगे शुरू

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** प्रदेश में विभिन्न विभागों की समूह ग की भर्तियों के लिए प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) 2026 का विज्ञापन शनिवार को जारी कर दिया गया है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन तीन अगस्त से एक सितंबर तक होंगे। शुल्क समायोजन व आवेदन में संशोधन आठ सितंबर तक किए जा सकेंगे।

अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने पीईटी से पहले अभ्यर्थियों को वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) अवश्य कराने को कहा है। ओटीआर के बाद ही वे आवेदन कर सकेंगे। अभ्यर्थी पीईटी के आवेदन से पहले ओटीआर में आवश्यक संशोधन भी कर सकते हैं। कि पीईटी पंजीकरण नंबर जारी होने के बाद ओटीआर व पीईटी आवेदन में संशोधन नहीं होगा।

आयोग के सचिव हरिकेश चौरसिया ने बताया कि सामान्य व ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थी को आवेदन के लिए 185, एससी व एसटी वर्ग के अभ्यर्थी को 95-95 रुपये व दिव्यांगजन के लिए 25 रुपये शुल्क देना होगा। अभ्यर्थी आवेदन पूरा करने के बाद उसका प्रिंट आउट अवश्य ले लें। बता दें, पीईटी 2025 के लिए 25.31 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था और 19.43 लाख से अधिक अभ्यर्थी इसमें शामिल हुए थे।

विभिन्न विभागों की समूह ग की प्रदेश में भर्तियों के लिए पीईटी में शामिल होना अनिवार्य है। पीईटी का आयोजन सालाना होता है। परीक्षा में मिले नंबर अगले तीन साल तक मान्य होंगे। पीईटी स्कोर के आधार पर ही अभ्यर्थी लिखित परीक्षा के लिए शॉर्टलिस्ट किए जाएंगे। अभ्यर्थी अपने ओटीआर नंबर या इसके सापेक्ष दर्ज पंजीकृत मोबाइल नंबर से भी आवेदन के लिए लॉगिन कर सकते हैं।

### केजीएमयू में ऑपरेशन ऑडिट : वित्तीय फैसलों की खुलेंगी परतें

**लखनऊ।** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) की वित्तीय और प्रशासनिक कार्यप्रणाली अब भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) के रडार पर है। फोकस आधारित कंप्लायंस ऑडिट के तहत विश्वविद्यालय में पहुंची चार सदस्यीय कैग टीम मशीनों की खरीद, टेंडर प्रक्रिया, भुगतान, आय-व्यय, प्रशासनिक स्वीकृतियों और वित्तीय निर्णयों की परत-दर-परत जांच कर रही है। ऑडिट के दायरे में आए दस्तावेजों की व्यापक मांग ने विश्वविद्यालय के प्रशासनिक और वित्तीय महकमे में हलचल तेज कर दी है। सूत्रों के मुताबिक, कैग टीम 15 जुलाई से विश्वविद्यालय में मौजूद है और चार अगस्त तक विभिन्न विभागों के रिकॉर्ड का मिलान करेगी। खरीद संबंधी फाइलें, टेंडर दस्तावेज, भुगतान के ब्योरे, स्वीकृति आदेश, वित्तीय अभिलेख और अन्य महत्वपूर्ण रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं।

## उत्तराखंड संस्कृति विभाग की बी श्रेणी लोक गायकों की सूची में शामिल हुई रेनू उपाध्याय, खटीमा का बढ़ाया मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** सीमांत क्षेत्र खटीमा की सुप्रसिद्ध लोक गायिका एवं संगीत शिक्षिका रेनू उपाध्याय को उत्तराखंड संस्कृति विभाग द्वारा प्रदेश के बी श्रेणी लोक गायकों की सूची में शामिल किया गया है। संस्कृति विभाग के उपनिदेशक द्वारा जारी पत्र के अनुसार कंजाबाग निवासी रेनू उपाध्याय को यह मान्यता स्वर परीक्षा एवं मंचीय प्रस्तुति के आधार पर प्रदान की गई है। जानकारी के अनुसार रेनू उपाध्याय ने 5 और 6 जनवरी को देहरादून में आयोजित स्वर परीक्षा एवं मंचीय प्रस्तुति में प्रतिभाग किया था। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर संस्कृति विभाग ने उन्हें बी श्रेणी के लोक गायकों की सूची में स्थान दिया है। रेनू उपाध्याय की इस उपलब्धि से खटीमा सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। शिक्षक, संस्कृति कर्मियों, सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उत्तराखंड लोक कलाकार महासंघ के अध्यक्ष सुंदर सिंह लटवाल ने भी शुभकामनाएं देते हुए इसे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। रेनू उपाध्याय लंबे समय से डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी, खटीमा में संगीत शिक्षिका के रूप में सेवाएं दे रही हैं। इसके साथ ही वे लोक संगीत के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर कार्यरत हैं। विभिन्न सांस्कृतिक आयोजनों, लोक मंचों एवं रामलीला कार्यक्रमों में उनकी प्रभावशाली प्रस्तुतियों ने उन्हें क्षेत्र की अग्रणी लोक कलाकारों में पहचान दिलाई है। उनकी उपलब्धि पर डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी के प्रबंध निदेशक धीरेंद्र भट्ट, डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरू, विक्टर आईवान, नर सिंह, शंभू, सोनू पांडे, सुरेश ओली, मनोज जोशी, मनीष चंद, उत्तराखंड सांस्कृतिक उत्थान मंच खटीमा के सचिव भुवन भट्ट, बी.एस. मेहता, शांति पांडे, लोक कलाकार नवीन कापड़ी सहित अनेक शिक्षकों, सांस्कृतिक, सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।


रेनू उपाध्याय। -जागरण मोर्चा

# छोटे दलों ने शुरू की चुनावी तैयारियां

जागरण मोर्चा कार्यालय




**लखनऊ।** आजाद समाज पार्टी ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों को तेज करते हुए 45 विधानसभा सीटों के प्रभारियों की पहली सूची जारी की है। पार्टी अध्यक्ष और सांसद चंद्रशेखर ने अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, मुस्लिम और सिख समाज से जुड़े नेताओं को जिम्मेदारी देकर संगठन मजबूत करने और व्यापक सामाजिक समीकरण साधने पर जोर दिया।उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव-2027 की तैयारियों को लेकर आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने चुनावी अभियान को गति दे दी है।

पार्टी की पहली सूची में अनुसूचित जाति (एससी), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), मुस्लिम और सिख समाज से जुड़े नेताओं को प्रमुख जिम्मेदारियां दी गई हैं। पार्टी का कहना है कि सूची में बहुजन समाज के विभिन्न वर्गों को प्रतिनिधित्व देने का प्रयास किया गया है। सीतापुर की सेवता विधानसभा सीट के लिए अम्बिका मौर्य,मिश्रिख के लिए सौरभ किशोर और हरगांव के लिए विनीता राजवंशी को जिम्मा सौंपा गया है। लखनऊ कैंट का जिम्मा अनिकेत धानुक, कुर्सी विधानसभा बाराबंकी का जिम्मा ज्ञानेंद्र वर्मा को दिया गया है। प्रदेश विधानसभा चुनाव-2027 की तैयारियों के बीच शनिवार को भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के बीच संगठनात्मक समन्वय को लेकर अहम बैठक हुई। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और रालोद के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अनुपम मिश्रा के बीच हुई बैठक में एनडीए को और अधिक मजबूत बनाने की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में दोनों नेताओं ने प्रदेश के साथ-साथ जिला स्तर पर भी दोनों दलों के पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों के बीच नियमित संवाद और बेहतर समन्वय स्थापित करने पर सहमति जताई।

# थारू समाज के साथ संवाद में सीएम धामी ने सुनीं समस्याएं, विकास को बताया सर्वोच्च प्राथमिकता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** दो दिवसीय क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को थारु जनजाति संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित एवं राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के सामूहिक गायन से हुआ। इस दौरान थारू जनजाति समाज के प्रतिनिधियों ने अंग वस्त्र व पुष्प गुच्छ भेंट कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का स्वागत किया। धानी रिसोर्ट में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बीएसएफ के एवरेस्ट विजेता मोहन सिंह राणा व आईटीबीपी की एवरेस्ट विजेता तिला सेन को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि दोनों विजेताओं ने उत्तराखंड ही नहीं बल्कि पूरे देश को गौरवान्वित किया है।



महाराणा प्रताप के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। -जागरण मोर्चा

जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र सिंह राणा ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशन में हो रहे उत्तराखंड के विकास पर चर्चा की। उन्होंने प्रदेश के साथी ही क्षेत्र के विकास में निरंतर हो रहे विकास कार्य गिनाए। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य उपचार, मुख्य एवं सहमार्गों के बिछाए गए जाल, धर्मांतरण, लव व थूक जेहाद, नकल विरोधी कानून सहित माफियाओं की कसी नकेल के प्रति सीएम धामी का आभार जताया और कहा कि यह सीएम धामी की ही सूझबूझ का परिणाम है कि आज प्रदेश व क्षेत्र का उत्तरोत्तर विकास हो रहा है। इस दौरान ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष मनजीत सिंह राणा ने धर्मांतरण के बाद वापस सनातन धर्म अपनाने वालों की सुरक्षा तथा अन्य धर्म अपनाने वालों को अनुसूचित जाति जनजाति कोटे के लाभ से वंचित करने व धर्मांतरण रोकने के लिए सख्त कानून बनाने की मांग की। विपिन सिंह राणा ने बढ़ते नशा प्रचलन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने, शिक्षा के स्तर को बढ़ाने की मांग की। गोपाल सिंह चांदा ने वर्षों से दसवीं कक्षा तक चल रहे राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय के उच्चीकरण न हो पाने का मामला उठाया। ध्यान सिंह राणा ने गांगी गिधौर में वर्ष 1962– 63 के दौर से स्थापित किसानों को भूमिधरी अधिकार दिलाने, रमेश राणा ने अनुसूचित जाति जनजाति के बच्चों को हायर एजुकेशन के लिए निशुल्क कोचिंग व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने रोस्टर प्रणाली को कम करने की मांग की। हरीश राणा ने धर्मांतरण पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की। ताकि थारू जनजाति समाज का विघटन रोका जा सके। थारू राणा परिषद अध्यक्ष दान सिंह राणा ने थारु जनजाति के उत्थान हेतु उठाए गए मामलों पर उचित कार्रवाई की मांग की।

थारु जनजाति संवाद के दौरान थारु जनजाति के जनप्रतिनिधियों ने थारु समाज के साथ बैठकर उनकी समस्याएं सुनने व उनके निस्तारण की कार्रवाई पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि वह पिछले चुनाव के दौरान हुई चूक का आने वाले चुनाव में जवाब देंगे। थारू समाज ने उत्तराखंड में केंद्र सरकार की तर्ज पर पृथक जनजाति कार्य मंत्रालय गठित करने का सुझाव दिया। सीएम धामी ने संवाद के दौरान उठाई गई समस्या व दिए गए सुझावों के प्रति आभार जताते हुए उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

**दिक्कत** खुशबू मैरिज हॉल से जानकी मंडप व बगिया तक सड़क किनारे खड़े वाहनों से जाम और गंदगी की समस्या

# मुख्य मार्ग पर वाहनों की अवैध पार्किंग से लोग परेशान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** नगर के खुशबू मैरिज हॉल से जानकी मंडप एवं बगिया क्षेत्र तक मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे वाहनों की अवैध पार्किंग से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में सभासद एवं क्षेत्रवासियों ने शनिवार को उपजिलाधिकारी खटीमा को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि मुख्य मार्ग पर दिनभर बड़े वाहनों को खड़ा कर उनमें भैंसों सहित अन्य सामान की लोडिंग-अनलोडिंग की जाती है, जिससे सड़क पर यातायात बाधित होता है और लोगों को जाम की समस्या झेलनी पड़ती है। कई बार स्थानीय लोगों द्वारा विरोध करने पर वाहन चालक अभद्रता पर उतर आते हैं। क्षेत्रवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि सड़क किनारे वाहन खड़े करके उन्हें धोया जाता हैं। जिससे नालियों में गंदगी भर जाती है। और वे चोक होती है और नाली में से बदबू आती है। इसके कारण बरसात के दौरान जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती है। साथ ही सड़क पर पशुओं को वाहन स्वामी द्वारा सड़क पर वाहन खड़ा कर भैंस गाड़ियों में उतारी व चढ़ाई जाती है। आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन में प्रशासन से मांग की गई है कि सड़क पर अवैध रूप से वाहन खड़े करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए तथा मुख्य मार्ग को अतिक्रमण और अवैध पार्किंग से मुक्त कराया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। ज्ञापन सभासद गोकुल दत्त ओली के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों द्वारा उपजिलाधिकारी को सौंपा गया।


एसडीएम के स्टेनो को ज्ञापन सौंपते वार्डवासी। -जागरण मोर्चा

### सुसाइड की धमकी देकर मोबाइल टावर पर चढ़ी महिला

**लखनऊ।** आगरा की रहने वाली तुलसा देवी शुक्रवार को हजरतगंज पार्क रोड पहुंची। वह मोबाइल टॉवर पर चढ़ गई। टॉवर के प्लेटफार्म पर खड़ी होकर वहां से कूदकर खुदकुशी की धमकी देने लगी। जानकारी होने पर पहुंची पुलिस ने समझाकर नीचे उतारा। पीड़िता ने आगरा के कैंट रेलवे स्टेशन की पुलिस पर नाबालिग बेटे को बंधक बनाकर पीटने व चोरी के मामले में फंसाने का आरोप लगाया। आरोप है कि इस दौरान पुलिसकर्मियों ने उनके नाबालिग बेटे को मूत्र पिलाने का प्रयास किया। पुलिस ने काउंसिलिंग कर परिजन को सुपुर्द कर दिया है। आगरा के कैंट स्थित श्यामनगर छोटी कॉलोनी निवासी तुलसा देवी शुक्रवार को हजरतगंज इलाके में मोबाइल टावर पर चढ़ गई। वहां से शोर मचाकर कूदने की कोशिश कर रही थी।

# आपदा प्रभावित व्यापारियों को शीघ्र मुआवजा देने की मांग, कांग्रेस ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** नगर कांग्रेस कमेटी खटीमा ने वर्ष 2024 में आई भीषण आपदा से प्रभावित व्यापारियों को अब तक मुआवजा न मिलने पर नाराजगी जताते हुए शनिवार को तहसीलदार वीरेंद्र सजवाण को उपजिलाधिकारी (एसडीएम) खटीमा को प्रेषित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में 8 जुलाई 2024 की आपदा से प्रभावित सभी व्यापारियों को शीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि 8 जुलाई 2024 को आई भीषण आपदा से नगर के अनेक व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा था। उस समय प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन कर जल्द मुआवजा देने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद कई प्रभावित व्यापारियों को अब तक मुआवजा नहीं मिल पाया है। इससे व्यापारी आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं और उनमें निराशा व्याप्त है। कांग्रेस ने प्रशासन से मांग की है कि सभी प्रभावित व्यापारियों को तत्काल मुआवजा दिया जाए, लंबित मामलों का शीघ्र सत्यापन एवं निस्तारण किया जाए तथा मुआवजा वितरण की प्रक्रिया समयबद्ध ढंग से पूरी कर पात्र व्यापारियों को राहत प्रदान की जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष अमन अरोड़ा, पीसीसी सदस्य उमेश राठौर, विनोद चंद, अमित अरोड़ा, रवि अग्रवाल, नरेंद्र आर्य, सतपाल राणा, नासिर खान, रमेश रौतेला, मान सिंह सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं व्यापारी मौजूद रहे।


तहसीलदार वीरेंद्र सजवाण को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी। -जागरण मोर्चा

# भैंस नहलाने गया युवक नहर में समाया पुलिया के पास मिला शव, मचा कोहराम

## ग्रामीणों की मदद से घंटों चली तलाश के बाद मिली सफलता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिले में शनिवार को एक दर्दनाक हादसे में भैंस को नहर में नहलाने गया युवक गहरे पानी में डूब गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए तथा उसकी तलाश शुरू की गई। काफी देर तक चले खोज अभियान के बाद युवक का शव नहर में एक पुलिया के समीप पानी में उतराता हुआ मिला। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक रोज की तरह भैंस को नहलाने के लिए नहर पर गया था। इसी दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और तेज बहाव के कारण संभल नहीं सका। देखते ही देखते वह पानी में लापता हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। पुलिस भी तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से नहर में तलाश अभियान शुरू कराया। काफी मशक्कत के बाद पुलिया के निकट युवक का शव बरामद कर लिया गया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। गांव में मातम का माहौल छा गया और बड़ी संख्या में लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना देने पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि नहरों और गहरे जल स्रोतों के आसपास विशेष सतर्कता बरतें तथा पशुओं को नहलाते समय सुरक्षा का पूरा ध्यान रखें, ताकि इस प्रकार की दुखद घटनाओं से बचा जा सके।



नहर में डूबे युवक की तलाश के दौरान मौके पर जुटे ग्रामीण एवं पुलिस।

# केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद व झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने अर्बन कोऑपरेटिव बैंक का उद्घाटन किया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** नगर के बीसलपुर पीलीभीत मार्ग स्थित अर्बन कोऑपरेटिव बैंक शाखा का केंद्रीय मंत्री जितेंद्र प्रसाद व झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने फीता काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम से पहले डॉक्टर रत्नेश गंगवार ने अपने कार्यालय पर राज्यपाल संतोष गंगवार का भव्य स्वागत किया एवं क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि बीसलपुर तहसील क्षेत्र में अर्बन कोऑपरेटिव बैंक शाखा का शुभारंभ होने से क्षेत्र के लोगों को आर्थिक रूप से काफी लाभ मिलेगा झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि अर्बन कोऑपरेटिव बैंक शाखा बीसलपुर में खुलने से क्षेत्र के किसानों को अधिक लाभ मिलेगा। व्यापारी भी इस बैंक शाखा से जुडकर अधिक से अधिक लाभ पा सकेंगे।



अर्बन कोऑपरेटिव बैंक का फिता काटकर उद्घाटन करते केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद व झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार।

अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की अध्यक्ष श्रुति गंगवार ने बैंक शाखा के लाभों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस बैंक शाखा में स्थानीय स्तर पर वित्तीय समावेश, आसान ऋण प्रक्रिया और बेहतर ब्याज दरें उपलब्ध कराई जाएगी । बैंक शाखा शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के आम लोगों, छोटे व्यापारियों और मध्यम वर्ग की आर्थिक जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। छोटे दुकानदारों, कारीगरों और सूक्ष्म उद्योगों को बिना किसी जटिल प्रक्रिया के आसानी से ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। ये बैंक पारंपरिक वाणिज्यिक बैंकों की तुलना में जमा राशि पर थोड़ा अधिक ब्याज देगा । जरूरतमंदों और छोटे कर्जदारों को अपेक्षाकृत किफायती दरों पर ऋण उपलब्ध कराने का प्रयास किया जायेगा। बैंक शाखा छोटे व्यवसायों को वित्तीय मदद देकर रोजगार के नए अवसर प्रदान किए जाएंगे। इस मौके पर विधायक विवेक वर्मा, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, पूरनपुर के विधायक बाबूराम पासवान, डॉ रत्नेश गंगवार, डॉक्टर तौले राम गंगवार, पीलीभीत पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख अशोक शर्मा, ऋतिक गंगवार, सुरेश गंगवार, किसान नेता देव स्वरूप पटेल शाखा प्रबंधक पवन बंसल सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विश्व स्कार्फ दिवस पर स्काउट-गाइड ने दिया सेवा और अनुशासन का संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद पीलीभीत के तत्वावधान में शनिवार को विश्व स्कार्फ दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। आर्य कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में स्काउट-गाइड की पहचान माने जाने वाले स्कार्फ के महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा छात्राओं को सेवा, अनुशासन और मानवता के मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला आयुक्त (गाइड) एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या सुमन देवी ने किया। उन्होंने कहा कि स्काउट-गाइड केवल एक संगठन नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और समाजसेवा की प्रभावी पाठशाला है। स्काउट-गाइड की गतिविधियां विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और सेवा भावना का विकास करती हैं। इस अवसर पर जिला संगठन आयुक्त (गाइड) शालिनी पांडे ने स्कार्फ के महत्व पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि स्काउट-गाइड का स्कार्फ केवल एक वेशभूषा का हिस्सा नहीं, बल्कि संगठन की पहचान, एकता और सेवा के संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर स्कार्फ का उपयोग प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) में भी किया जा सकता है, इसलिए इसका व्यावहारिक महत्व भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के अंतर्गत गाइड कैप्टन गुंजन पांडे के निर्देशन में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने स्कार्फ दिवस, सेवा, अनुशासन और स्काउट-गाइड की भावना पर आधारित आकर्षक पोस्टर बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



विश्व स्कार्फ दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित स्काउट-गाइड पदाधिकारी एवं छात्राएं। -जागरण मोर्चा

# उधार में पेट्रोल नहीं मिला तो खोया आपा रिटायर्ड फौजी ने सेल्समैन पर बरसाई लाठी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** गजरौला थाना क्षेत्र के सकरिया गांव स्थित एक पेट्रोल पंप पर शुक्रवार को उधार में पेट्रोल न मिलने पर एक रिटायर्ड फौजी ने जमकर हंगामा कर दिया। आरोप है कि पहले उसने पेट्रोल पंप के सेल्समैन के साथ लाठी-डंडे से मारपीट की और बाद में अपनी लाइसेंसी दो नाली बंदूक लेकर दोबारा मौके पर पहुंच गया। इस दौरान कर्मचारी को जान से मारने की धमकी देने से पेट्रोल पंप पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, दोपहर के समय आरोपी अपनी बाइक लेकर पेट्रोल पंप पहुंचा और उधार में पेट्रोल भरवाने की मांग की। सेल्समैन ने उधार देने से इनकार कर दिया, जिससे वह नाराज होकर वहां से चला गया। कुछ देर बाद वह लाठी लेकर वापस लौटा और पेट्रोल पंप कर्मचारी के साथ मारपीट शुरू कर दी। मौके पर मौजूद अन्य कर्मचारियों ने किसी तरह बीच-बचाव कर सेल्समैन को बचाया और आरोपी को वहां से हटाया। बताया जा रहा है कि मामला यहीं शांत नहीं हुआ। करीब आधे घंटे बाद आरोपी अपनी लाइसेंसी दो नाली बंदूक लेकर फिर पेट्रोल पंप पहुंच गया। आरोप है कि उसने कर्मचारी को जान से मारने की धमकी दी, जिससे वहां मौजूद कर्मचारियों और ग्राहकों में दहशत फैल गई।

# कांवड़ यात्रा के लिए 24 घंटे सक्रिय रहेगा कंट्रोल रूम, एक कॉल पर मिलेगी त्वरित सहायता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा-2026 को सुरक्षित, सुचारु और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह के निर्देश पर ठेका पुलिस चौकी में 24 घंटे संचालित होने वाला कांवड़ कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जहां से यात्रा मार्ग से जुड़ी प्रत्येक समस्या की निगरानी की जाएगी और संबंधित विभागों के समन्वय से त्वरित समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा।

प्रशासन के अनुसार श्रावण मास 30 जुलाई से शुरू होकर 28 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान कांवड़ यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नियंत्रण कक्ष को चौबीसों घंटे सक्रिय रखा जाएगा। प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक 8218573220 तथा रात्रि 8 बजे से प्रातः 8 बजे तक 7500396062 नंबरों पर श्रद्धालु एवं आम नागरिक अपनी शिकायत या समस्या दर्ज करा सकेंगे। कंट्रोल रूम में पुलिस, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, नगर पालिका, पंचायती राज, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, आबकारी तथा पशुपालन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की अलग-अलग पालियों में ड्यूटी लगाई गई है।

प्रत्येक विभाग अपने क्षेत्र से संबंधित शिकायतों का तत्काल निस्तारण करेगा। पुलिस विभाग कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था पर नजर रखेगा। लोक निर्माण विभाग यात्रा मार्गों पर गड्ढों, क्षतिग्रस्त एवं अस्थायी सड़कों की मरम्मत संबंधी शिकायतों का समाधान करेगा। विद्युत विभाग बिजली आपूर्ति, खराब ट्रांसफार्मर, खुले तार, स्ट्रीट लाइट और ब्लैक स्पॉट से जुड़ी समस्याओं का तत्काल निस्तारण करेगा। नगर पालिका एवं पंचायती राज विभाग को साफ-सफाई, कूड़ा निस्तारण, शौचालयों की स्वच्छता, पेयजल उपलब्धता और आवश्यकतानुसार फॉगिंग कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। स्वास्थ्य विभाग चिकित्सा शिविरों में चिकित्सकीय स्टाफ, दवाओं तथा एम्बुलेंस सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। खाद्य सुरक्षा विभाग कांवड़ मार्ग पर खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम तथा भोजनालयों में स्वच्छता की निगरानी करेगा।

# अगेती गन्ने की खेती से बढ़ेगी पैदावार, लाल सड़न रोग से बचाव के बताए असरदार उपाय

## ग्राम स्तरीय सर्वे एवं सट्टा प्रदर्शन के निरीक्षण में किसानों को दिए वैज्ञानिक खेती के गुर, रोग नियंत्रण और जल प्रबंधन पर रहा विशेष जोर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** गन्ना विकास समिति पूरनपुर के अंतर्गत ग्राम खासपुर एवं आसपुर में आयोजित ग्राम स्तरीय सर्वे एवं सट्टा प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान जिला गन्ना अधिकारी ने किसानों से सीधे संवाद कर गन्ना उत्पादन बढ़ाने और फसल को रोगों से सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक तकनीकी जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने खेतों की स्थिति का जायजा लेते हुए किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान जिला गन्ना अधिकारी ने किसानों से गन्ने की विभिन्न प्रजातियों, उत्पादन क्षमता तथा मौजूदा फसल की स्थिति के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर किसान प्रेमपाल ने बताया कि वे लगातार अगेती गन्ना किस्मों की खेती कर रहे हैं, जिससे उन्हें बेहतर उत्पादन और आर्थिक लाभ मिल रहा है। गांव के अन्य किसानों ने भी बताया कि इस बार उन्होंने कोशा-18231 प्रजाति की बुवाई की है, जो अधिक उपज देने के साथ-साथ लाल सड़न रोग के प्रति भी अपेक्षाकृत अधिक सहनशील मानी जाती है। किसानों को संबोधित करते हुए जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि वर्तमान मौसम में गन्ने में लाल सड़न रोग तेजी से फैलने की आशंका रहती है। इसके अलावा पोक्का बोइंग, बैक्टीरियल टॉप रॉट तथा विल्ट रोग भी फसल को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि जिस खेत में लाल सड़न रोग दिखाई दे, वहां का पानी दूसरे खेतों में न जाने दें तथा जल निकासी और सिंचाई प्रबंधन पर विशेष ध्यान रखें। उन्होंने बताया कि यदि गन्ने में पोक्का बोइंग रोग के लक्षण दिखाई दें तो 0.1 प्रतिशत बाविस्टीन घोल बनाकर 15 दिन के अंतराल पर दो बार छिड़काव करना चाहिए। वहीं विल्ट रोग की रोकथाम के लिए सल्फर, जिंक सल्फेट और बोरेक्स का संतुलित उपयोग लाभदायक रहेगा। उन्होंने किसानों से किसी भी प्रकार की समस्या होने पर गन्ना विकास विभाग अथवा संबंधित चीनी मिल के विशेषज्ञों से संपर्क करने की अपील की। निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारियों ने किसानों को समय पर सर्वे, सट्टा प्रदर्शन, रोग पहचान, उन्नत बीज, संतुलित उर्वरक प्रबंधन और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी भी दी। अधिकारियों ने कहा कि वैज्ञानिक सलाह का पालन करने से उत्पादन लागत कम होगी और प्रति हेक्टेयर उपज में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। इस अवसर पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मनीष सिंह, सर्किल प्रभारी रणविजय भारती, सोनित, दिग्विजय, सहकारी गन्ना विकास समिति पूरनपुर के उपाध्यक्ष प्रेमपाल सहित किसान मेवाराम, हरिओम, नरेंद्र, हरीश, काशीराम तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय गन्ना किसान उपस्थित रहे।





पूरनपुर क्षेत्र के ग्राम खासपुर एवं आसपुर में किसानों के साथ संवाद करते जिला गन्ना अधिकारी एवं विभागीय अधिकारी। -जागरण मोर्चा

# 13 अगस्त को गांधी स्टेडियम में होगा खिलाड़ियों का महाकुंभ, विभिन्न खेलों के चयन ट्रायल की तिथि घोषित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिले के उभरते खिलाड़ियों के लिए अच्छी खबर है। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के संशोधित कार्यक्रम के तहत वर्ष 2026-27 की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के लिए जिला, मंडल एवं प्रदेश स्तरीय चयन ट्रायल आगामी 13 अगस्त को गांधी स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। जिला क्रीड़ा विभाग ने सभी खिलाड़ियों से समय पर पहुंचकर प्रतिभाग करने की अपील की है। जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि खेल निदेशालय, लखनऊ के निर्देशानुसार चयन प्रक्रिया का संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। इसके तहत टेनिस, वॉलीबॉल, तैराकी, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कबड्डी, शतरंज, भारोत्तोलन, वेस्टलिफ्टिंग,

**जिला, मंडल और प्रदेश स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए प्रतिभाओं को मिलेगा मौका, खिलाड़ी समय पर पहुंचकर लें भाग**

एथलेटिक्स, फुटबॉल, कैरम, ब्रिज, कुश्ती, पावर लिफ्टिंग, क्रिकेट और हॉकी सहित अनेक खेलों के चयन ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सभी ट्रायल 13 अगस्त 2026 को प्रातः 10 बजे से गांधी स्टेडियम, पीलीभीत में शुरू होंगे। खिलाड़ियों को निर्धारित समय से पहले आवश्यक दस्तावेजों और खेल सामग्री के साथ उपस्थित होना होगा, ताकि चयन प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न कराई जा सके। जिला क्रीड़ा अधिकारी ने कहा कि चयनित खिलाड़ियों को आगामी जिला, मंडल और प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने जिले के सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों, खेल संस्थानों और खेल प्रेमियों से अधिक से अधिक खिलाड़ियों को ट्रायल में भाग लेने के लिए प्रेरित करने की अपील की है। उन्होंने यह भी बताया कि चयन ट्रायल से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए खिलाड़ी कार्यालय समय में जिला क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। जिला क्रीड़ा विभाग ने खिलाड़ियों से समय की पाबंदी बनाए रखने और निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया है।

# हाईकोर्ट के निर्णय के बाद प्रधानाचार्य डॉ. सुरेंद्र गंगवार का हुआ सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** माननीय हाईकोर्ट द्वारा वर्ष 2013 की भर्ती से जुड़े प्रकरण में स्थिति स्पष्ट किए जाने के बाद शनिवार को प्रधानाचार्य परिषद, पीलीभीत ने सनातन धर्म बांके बिहारी राम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. सुरेंद्र गंगवार का सम्मान किया। परिषद के पदाधिकारियों ने उन्हें माल्यार्पण कर बधाई दी तथा मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि न्यायालय के निर्णय से संबंधित पक्ष की स्थिति स्पष्ट होने के बाद शिक्षा जगत में सकारात्मक संदेश गया है। उन्होंने डॉ. सुरेंद्र गंगवार के शैक्षिक योगदान और विद्यालय के विकास में निभाई जा रही उनकी भूमिका की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी, जिलाध्यक्ष अखलाक हसन खां, जिला मंत्री डॉ. योगेश गंगवार, जिला उपाध्यक्ष रोहतास गंगवार, नरेंद्र सिंह, राजेश गंगवार, डॉ. जावेद अहमद, फिरोज खान, श्रीमती सुमन देवी तथा आशीष गंगवार सहित अनेक शिक्षाविद एवं प्रधानाचार्य मौजूद रहे। समारोह के दौरान उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने डॉ. सुरेंद्र गंगवार को शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उनके निरंतर योगदान की सराहना की और भविष्य में भी विद्यार्थियों के हित में इसी प्रकार कार्य करते रहने की अपेक्षा व्यक्त की।



प्रधानाचार्य परिषद के पदाधिकारी सनातन धर्म बांके बिहारी राम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. सुरेंद्र गंगवार का सम्मान करते हुए। -जागरण मोर्चा

**निरीक्षण** जल संरक्षण के साथ विकसित होगा आकर्षक सार्वजनिक स्थल, सौंदर्यीकरण और सुरक्षा व्यवस्था पर रहेगा विशेष फोकस

# चुर्रासकतपुर तालाब का होगा कायाकल्प, डीएम-एसपी ने मौके पर पहुंचकर परखी तैयारियां

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिले में जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में प्रशासन ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। शनिवार को जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने पुलिस चौकी चुर्रासकतपुर के निकट स्थित तालाब का संयुक्त निरीक्षण कर इसके कायाकल्प की कार्ययोजना का जायजा लिया। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को तालाब को आधुनिक सुविधाओं से युक्त आकर्षक सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि तालाबों का संरक्षण केवल जल संचयन तक सीमित नहीं है, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और स्थानीय लोगों को स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण उपलब्ध कराने में भी इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने जिला पंचायत विभाग को निर्देशित किया कि तालाब के तटबंधों को मजबूत कराया जाए, किनारों पर इंटरलॉकिंग पैदल पथ का निर्माण कराया जाए तथा समुचित प्रकाश व्यवस्था के साथ व्यापक पौधरोपण कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि तालाब की नियमित साफ-सफाई कराई जाए और उसमें जमी गाद व अन्य अवरोधों को हटाकर उसकी जलधारण क्षमता बढ़ाई जाए, जिससे वर्षा जल का अधिकतम संरक्षण हो सके और आसपास का वातावरण स्वच्छ एवं हरित बना रहे। पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए तालाब के चारों ओर मजबूत फेंसिंग अथवा रेलिंग लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भविष्य में यहां लोगों की आवाजाही बढ़ेगी, इसलिए सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। प्रशासन का उद्देश्य इस तालाब को जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन और जनसुविधाओं का एक आदर्श मॉडल विकसित करना है, जिससे क्षेत्र के लोगों को दीर्घकालिक लाभ मिल सके।



पुलिस चौकी चुर्रासकतपुर के समीप स्थित तालाब का निरीक्षण करते जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव, साथ में मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारी। -जागरण मोर्चा

# पत्नी ने गला घोंटकर कर पति को मौत के घाट उतारा

## पहले कोल्डड्रिंक पिलाकर किया वेहोश, फिर दिया घटना को अंजाम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** रात में एक महिला ने अपने पति को नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर बेहोश कर दिया। आधी रात के दौरान साड़ी से गला घोंटकर पति की हत्या कर दी। आहट पाकर बच्चे जाग गए। बच्चों ने छत पर जाकर देखा तो ग्रामीण बेसुध पड़ा था। चीख-पुकार के बीच पड़ोसी पहुंच गए। उनके साथ में बेटा रात में ही पुलिस के पास पहुंचा। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव लोहरपुरी निवासी उमाशंकर (42) बर्ष खेती करता था। बीस साल पहले उन्होंने ममता के साथ कोर्ट मैरिज की था। उसके दो बच्चे है। जिसमे 18 साल का बेटा है और 12 साल की बेटी है। मृतक की बेटी गीता ने बताया कि शुक्रवार की शाम मां ममता देवी ने कोल्ड ड्रिंक मंगाई थी। सभी को पीने के लिए कोल्ड ड्रिंक दी। लेकिन बच्चों


उमाशंकर का फाइल फोटो।


आरोपी ममता देवी। -जागरण मोर्चा

ने पीने से मना कर दिया। इसके बाद महिला छत पर गईं और उमाशंकर को कोल्ड ड्रिंक पिलाई। छत पर ही बिस्तर लगाकर वह भी वहीं रुक गईं। बच्चे छत से नीचे आकर सो गए।

आरोप है कि उमाशंकर के वेहोश होने के बाद महिला ने साडी से गला घोंटकर कर पति की हत्या कर दी। रात में अचानक से खटपट की आवाज हुई। जिस पर दोनो बच्चे जाग गए। दोनों बच्चे छत पर पहुंचे तो महिला मौके पर नही मिली। बच्चों ने जब उसको जगाया,लेकिन तब तक उमाशंकर की मौत हो चुकी थी। इस पर बच्चों ने शोर मचाकर पड़ोसियों को बुलाया। लोग मौके पर पहुंचे तो मृत मिला। रात को ही भाई पुलिस थाने गए। और सूचना पुलिस को दी। इससे खलवली मच गई। माधोटांडा पुलिस मौके पर पहुंची। कुछ देर बाद फारेंसिक टीम भी पहुंच गई। फारेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। घटना की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। भारी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। पुलिस ने मृतक के बच्चों व आस पास लोगों से जानकारी जुटाई। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी,पुलिस ने महिला की तलाश शुरू की। वह घर से करीब 300 किलोमीटर की दूरी पर पकड़ी गई। पुलिस ममता को हिरासत में लेकर थाने पहुंची। पूछताछ में उसने अपना पति की हत्या की बात स्वीकार कर ली है।

पूछताछ में सामने आया कि उमाशंकर गुजरात में काम करते थे। वर्ष 2024 में उनकी तबीयत खराब हो गई थी। तब उन्होंने पत्नी ममता को गुजरात बुलाया था। गुजरात में रहने के दौरान ममता का नकुम भावेश नाम एक व्यक्ति से अफेयर हो गया। बाद में उमाशंकर परिवार के साथ वापस पीलीभीत आ गए। लेकिन ममता नकुम से फोन पर बातचीत करती रही।

> थाना माधो टांडा क्षेत्र के ग्राम लौहरपुरी पुलर युवक ने रात करीब 2 :30 बजे सूचना दी कि उसकी मां ने उसके पिता की गला दबाकर हत्या कर दी है। थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लिया। युवक की तहरीर पर में मुकदमा दर्ज कर आरोपित महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।
>
> –विधिक भूषण मौर्य, सीओ पूरनपुर

इसी को लेकर घर में अक्सर कलह भी होने लगी। पूछताछ में पता चला कि ममता गुजरात में नकुम भावेश के साथ कोर्ट मैरिज कर चुकी है। पीलीभीत में लौटने के बाद से ही वत प्रेमी के साथ जाने की जिद पकड़े थी। कई बार इस बात को लेकर पति-पत्नी में झगड़ा हुआ। आखिर में ममता ने उमाशंकर को रास्ते से हटाने के लिए उसकी हत्या का प्लान बनाया और मौत के घाट उतार दिया। हादसे से परिवार में चीत्कार मची हुई है। मामला जिले मैं चर्चा का विषय वना हुआ है। बच्चों के सिर से पिता का साया हट जाने से बच्चो का रो रो कर बुराहाल है।

# गौशाला में घुसा तेंदुआ, बछड़े को बनाया निवाला

## कर्मचारी की चीख-पुकार सुनकर भागा तेंदुआ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र की कजरी निरंजनपुर गौशाला में शुक्रवार देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब एक तेंदुआ गौशाला परिसर में घुस आया। तेंदुए ने गौशाला में बंधे एक छोटे गौवंश (बछड़े) पर हमला कर उसे मार डाला। घटना के समय पास में सो रहा कर्मचारी जाग गया। उसकी चीख-पुकार और डंडा लेकर शोर मचाने पर तेंदुआ दीवार फांदकर जंगल की ओर भाग निकला। रात के समय गौशाला में अधिकांश पशु विश्राम कर रहे थे। इसी दौरान तेंदुआ किसी तरह परिसर में प्रवेश कर गया और एक छोटे गौवंश को अपना शिकार बना लिया। पशु के चिल्लाने की आवाज



सुनकर पास में सो रहे कर्मचारी अश्वनी कुमार की नींद खुल गई। उन्होंने तुरंत डंडा लेकर शोर मचाया, जिसके बाद तेंदुआ दीवार कूदकर फरार हो गया। शनिवार को सुबह घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों और गौशाला से जुड़े लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। गौवंश का शव गौशाला परिसर में पड़ा मिला। घटना के बाद कर्मचारियों और ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। उनका कहना है कि यदि तेंदुआ दोबारा गौशाला में घुसा तो अन्य पशुओं के साथ-साथ कर्मचारियों की जान को भी खतरा हो सकता है। घटना की सूचना मिलने पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गौशाला पहुंचकर हालात का जायजा लिया। संगठन के पदाधिकारियों ने ब्लॉक विकास अधिकारी (बीडीओ) और उपजिलाधिकारी (एसडीएम) से गौशाला की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि गौशाला की चारदीवारी के ऊपर कांटेदार तार या जाली लगाई जाए, ताकि जंगली जानवर परिसर में प्रवेश न कर सकें,साथ ही रात्रि में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की भी मांग की गई। खुटार वन विभाग की टीम ने पहुंच कर जानकारी जुटाई।

# अंगूरी देवी सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में तीन दिवसीय प्रश्नपत्र निर्माण कार्यशाला संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** अंगूरी देवी सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में 29 जुलाई से 31 जुलाई 2026 तक भारतीय शिक्षा परिषद की ओर से तीन दिवसीय प्रश्नपत्र निर्माण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य आगामी शैक्षणिक सत्र की परीक्षाओं के लिए उच्च गुणवत्ता एवं मानकों के अनुरूप प्रश्नपत्र तैयार करना रहा।कार्यशाला में जनपद सहित विभिन्न विद्यालयों से आए अनुभवी शिक्षकों ने सहभागिता करते हुए विषयवार प्रश्नपत्रों का निर्माण किया। इस दौरान प्रश्नपत्र निर्माण की नवीन पद्धतियों, पाठ्यक्रम के अनुरूप प्रश्नों के चयन, मूल्यांकन प्रणाली तथा गुणवत्तापूर्ण परीक्षा व्यवस्था पर भी विस्तार से चर्चा



कार्यशाला में जनपद सहित विभिन्न विद्यालयों से आए अनुभवी शिक्षकों ने सहभागिता करते हुए। -जागरण मोर्चा

की गई।कार्यशाला भारतीय शिक्षा परिषद की प्रदेश निरीक्षक प्रेमा पानू, प्रांतीय परीक्षा संयोजिका डॉ. सोमवती शर्मा तथा प्रांतीय परीक्षा सह संयोजिका अर्चना गहलोत के निर्देशन में संपन्न हुई। उन्होंने शिक्षकों का मार्गदर्शन करते हुए निष्पक्ष, संतुलित एवं विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता का समुचित मूल्यांकन करने वाले प्रश्नपत्र तैयार करने पर बल दिया। समापन अवसर पर कार्यशाला की संयोजिका एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या उपासना शर्मा ने सभी अतिथियों, विषय विशेषज्ञों एवं सहभागी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं शिक्षकों की शैक्षणिक दक्षता बढ़ाने के साथ-साथ परीक्षा प्रणाली को अधिक प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ।

## फोन पर जान से मारने की धमकी देने वाले अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

**बीसलपुर।** नगर के मोहल्ला दुबे रामलीला रोड निवासी एक युवती को अज्ञात नंबर से कॉल कर गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बीसलपुर निवासी अहिंसा पाठक पुत्री सुशील कुमार के मोबाइल पर काफी समय से एक अज्ञात नंबर (9105318795) से कॉल आ रही थी। आरोप है कि जब उसने उक्त नंबर से दोबारा कॉल न करने को कहा, तो आरोपी ने उसके तथा उसके परिवार के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। परेशान होकर पीड़िता ने कोतवाली बीसलपुर में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच उप-निरीक्षक विपिन कुमार को सौंपी है।

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग से भैंस की जलकर मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव हमीरपुर निवासी नरेश कुमार ने वताया कि उसकी छप्परपोश पशुशाला है। शनिवार को बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। जिससे पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया, लेकिन तब तक आग ने घर में रखा सामान और पशुओं को अपनी चपेट में ले लिया। आग की चपेट में आने से घर में बंधी एक भैंस की मौके पर ही जलकर मौत हो गई, जबकि एक अन्य मवेशी गंभीर रूप से झुलस गया। पशुओं को बचाने और आग पर काबू पाने के प्रयास में एक युवक भी झुलस गया। परिजनों और ग्रामीणों ने उसे तत्काल उपचार के लिए भेजा। ग्रामीणों ने बाल्टियों और अन्य संसाधनों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जिससे आग आसपास के अन्य मकानों तक नहीं फैल सकी। यदि समय रहते ग्रामीण आग बुझाने में सफल नहीं होते, तो बड़ा हादसा हो सकता था। पीड़ित परिवार के अनुसार आग से घर में रखा अनाज, भूसा, घरेलू सामान, पशुओं का चारा तथा अन्य उपयोगी सामग्री जलकर राख हो गई। घटना में हजारों रुपये का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। सूचना मिलने पर स्थानीय प्रशासन को घटना की जानकारी दी गई। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से आर्थिक सहायता और मुआवजे की मांग की है।

## संक्षेप समाचार

### झांसा देकर मां-बेटी के सोने के कुंडल ठगे, दो अज्ञात बदमाशों पर मुकदमा दर्ज

**बीसलपुर।** नगर में ऑटो सवार दो अज्ञात ठगों द्वारा मां–बेटी को बातों के जाल में फंसाकर उनके सोने के कुंडल उतरवाकर फरार होने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू नगर के मोहल्ला पटेल नगर निवासी सुनीता देवी पत्नी सुरेश कुमार ने बताया कि गत 4 जून को शाम लगभग 5 :45 बजे वह अपनी मां चन्द्रकली के साथ बीसलपुर बाजार से वापस लौट रही थीं। डा0 सर्वेश की दुकान के पास दो अज्ञात युवकों ने उन्हें बातों में बहला–फुसलाकर एक ऑटो में बैठा लिया। इसके बाद आरोपी उन्हें ईदगाह की तरफ ले गए और बातों–बातों में उलझाकर सुनीता और उनकी मां के कान के कुंडल उतरवा लिए। कुंडल ठगने के बाद दोनों बदमाश मां–बेटी को वहीं छोड़कर रफूचक्कर हो गए। थाना प्रभारी संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य माध्यमों से अज्ञात ठगों की तलाश में जुट गई है।

### नाबालिक से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**बीसलपुर।** पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 29 जुलाई को पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने नाबालिक किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज किया था। इसके बाद पीड़िता के बयानों के आधार पर मुकदमे में नाबालिक के साथ बलात्कार करने की धारा की बढ़ोतरी की गई थी। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर शनिवार की सुबहे पुलिस ने खनंका तिराहा के पास से आरोपी इन्सार अली को धर दबोचा।पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है।

### विश्व हिन्दु रक्षा संगठन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**पूरनपुर।** विश्व हिन्दू रक्षा संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष मनोज कुमार के नेतृत्व में शनिवार को पूरनपुर तहसील पहुंच कर उपजिलाधिकारी मंयक गोस्वामी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने कांवड़ यात्रा मार्ग को दुरुस्त कराने, आवारा पशुओं के बढ़ते खतरे पर रोक लगाने सहित कई महत्वपूर्ण मांगों को प्रशासन के समक्ष रखा। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि सावन माह में हजारों की संख्या में श्रद्धालु कांवड़ यात्रा के लिए निकलते हैं। ऐसे में यात्रा मार्गों का सुरक्षित और व्यवस्थित होना बेहद जरूरी है। उन्होंने मांग की कि कांवड़ यात्रा वाले सभी प्रमुख मार्गों की तत्काल मरम्मत कराई जाए, सड़कों पर बने गड्ढों को भरवाया जाए और मार्गों पर साफ–सफाई की बेहतर व्यवस्था की जाए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। ज्ञापन में आवारा पशुओं की समस्या को भी प्रमुखता से उठाया गया। संगठन ने कहा कि सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर घूम रहे आवारा पशुओं के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। विशेषकर रात के समय सड़क पर बैठे पशुओं से वाहन चालकों और राहगीरों को खतरा बना रहता है। इसलिए प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर आवारा पशुओं को नियंत्रित किया जाए और उनके लिए उचित व्यवस्था की जाए। संगठन ने कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने,मार्गों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था कराने, पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने, सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक इंतजाम करने की मांग की।

### कुर्कशुदा भूमि पर कब्जे के मामले में पुलिस की भूमिका पर उठे सवाल, जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल ने दायर की आरटीआई

**पीलीभीत।** सूबे के राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जिला प्रतिनिधि एवं युवा व्यापार मंडल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल ने थाना न्यूरिया पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुर्कशुदा भूमि पर जबरन कब्जा करने के मामले में भूमाफियाओं के खिलाफ कार्रवाई न होना पुलिस की निष्क्रियता को दर्शाता है। इसी मामले में उन्होंने अपने अधिवक्ता नीलेश चतुर्वेदी के माध्यम से सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत अपर पुलिस अधीक्षक से विस्तृत जानकारी मांगी है।मामला थाना न्यूरिया क्षेत्र की एक कुर्कशुदा भूमि से जुड़ा है। आरोप है कि फर्जी वसीयत तैयार कर कुछ लोगों ने भूमि हड़पने का प्रयास किया तथा एक अनाथ बेटी को उसकी पैतृक संपत्ति से बेदखल करने की साजिश रची गई। भूमि विवाद के चलते उप जिलाधिकारी अमरिया ने 2 फरवरी 2026 को संबंधित भूमि को कुर्क कर दिया था। इसके बाद 4 अप्रैल 2026 को थाना न्यूरिया को न्यायालय द्वारा नियुक्त सरकारी रिसीवर को कब्जा दिलाने, भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित करने, अवांछित गतिविधियों पर रोक लगाने तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए थे।न्यायालय द्वारा नियुक्त सरकारी रिसीवर ग्राम प्रधान ममता देवी ने 11 जून 2026 को थाना न्यूरिया में लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया कि विपक्षी प्रणव भसीन सहित अन्य लोग कुर्कशुदा भूमि पर ट्रैक्टर चलाकर जबरन खेती कर रहे हैं तथा विरोध करने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया।इसके बाद 17 जुलाई 2026 को तहसीलदार अमरिया ने जिलाधिकारी को भेजी अपनी जांच रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया कि प्रणव भसीन द्वारा न्यायालय की अनुमति के बिना कुर्क की गई भूमि पर कृषि कार्य किया गया, जिससे आदेश का उल्लंघन हुआ। आरटीआई आवेदन में पुलिस प्रशासन से पूछा गया है कि जब शासकीय जांच रिपोर्ट में अवैध कब्जे की पुष्टि हो चुकी है तो आरोपियों के विरुद्ध अब तक एफआईआर क्यों दर्ज नहीं की गई। साथ ही यह भी पूछा गया है कि न्यायालय द्वारा नियुक्त रिसीवर को भूमि की सुरक्षा के लिए आवश्यक पुलिस संरक्षण क्यों नहीं दिया गया और पूर्व में पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं थाना स्तर पर दी गई शिकायतों पर क्या कार्रवाई हुई। आवेदन में संबंधित जांच आख्या और जनरल डायरी की प्रमाणित प्रतियां भी मांगी गई हैं।कपिल अग्रवाल ने कहा कि उन्होंने किसी प्रकार का दबाव बनाने के बजाय पूरी तरह संवैधानिक और कानूनी प्रक्रिया अपनाई है। उनका कहना है कि यदि जिम्मेदार अधिकारी अपने कर्तव्यों में लापरवाही बरतते हैं तो आरटीआई जैसे वैधानिक माध्यमों से उनकी जवाबदेही तय की जा सकती है।क्षेत्र के नागरिकों एवं व्यापारी वर्ग ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे कानून के दायरे में रहकर न्याय की लड़ाई लड़ने का उदाहरण बताया है। वहीं सूत्रों के अनुसार, मामले को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर करने की तैयारी भी की जा रही है।

# मध्यस्थता से मिलेगा त्वरित न्याय, स्तनपान से स्वस्थ होगा भविष्य

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** गजरौला थाना क्षेत्र के कंजा हरैया स्थित संजय गांधी मेमोरियल उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा "राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान-2.0" के अंतर्गत विधिक जागरूकता शिविर एवं विश्व स्तनपान सप्ताह पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, महिलाओं एवं ग्रामीणों को कानूनी अधिकारों, मध्यस्थता की प्रक्रिया तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल जज (सीनियर डिवीजन) एवं पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अरुण क्रांति यशोदास ने की। उन्होंने कहा कि न्यायालयों में लंबित अनेक मामलों का समाधान मध्यस्थता के माध्यम से कम समय, कम खर्च और आपसी सहमति के साथ किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि वैवाहिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, उपभोक्ता विवाद, संपत्ति बंटवारा, ऋण वसूली, सेवा संबंधी प्रकरण और कई अन्य सिविल मामलों में मध्यस्थता प्रभावी विकल्प बन रही है।

उन्होंने कहा कि यदि कोई मामला न्यायालय में विचाराधीन है तो संबंधित पक्ष न्यायालय के माध्यम से मध्यस्थता का अनुरोध कर सकते हैं। प्रशिक्षित मध्यस्थों द्वारा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से प्रक्रिया संचालित की जाती है। यदि दोनों पक्षों में सहमति बन जाती है तो उसी आधार पर विवाद का निस्तारण हो जाता है, जबकि सहमति न बनने की स्थिति में नियमित न्यायिक प्रक्रिया पूर्ववत जारी रहती है। कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने शिक्षा के महत्व पर विशेष बल दिया।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बेटियां प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परिचय दे रही हैं, इसलिए उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समान अवसर उपलब्ध कराना समाज की जिम्मेदारी है। विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जन्म के तुरंत बाद मां का पहला दूध शिशु के लिए सबसे सुरक्षित और पौष्टिक आहार होता है। जीवन के पहले छह माह तक केवल मां का दूध ही शिशु के समुचित शारीरिक और मानसिक विकास के लिए पर्याप्त माना जाता है।

# कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए हाईवे के मोड़ों पर चमकेंगे रिफ्लेक्टर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर/घुंघचाई।** सावन के महीने में घुंघचाई-बंडा हाईवे से गुजरने वाले कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने विशेष इंतजाम किए हैं। कांवड़ यात्रा के दौरान रात में भी श्रद्धालुओं की आवाजाही लगातार बनी रहती है। ऐसे में हाईवे के तीव्र और दुर्घटना संभावित मोड़ों को सुरक्षित बनाने के लिए शनिवार को घुंघचाई पुलिस ने यातायात पुलिस के निर्देश पर कबीरपुर-कसगंजा और घुंघचाई-उदरहा के तीव्र मोड़ों पर बैरियर लगाकर उन पर रिफ्लेक्टर स्थापित किए। इन रिफ्लेक्टरों की चमक रात के अंधेरे में दूर से ही वाहन चालकों को मोड़ का संकेत देगी। इससे चालक समय रहते वाहन की गति कम कर सकेंगे और कांवड़ियों के साथ किसी भी संभावित हादसे की आशंका कम



हाईवे सुरक्षा वैरियर लगाती पुलिस। -जागरण मोर्चा

होगी। साथ ही वाहनों चालको को भी परेशानी दूर हो जाएंगे। पुलिस का मानना है कि सावधानी के ये छोटे-छोटे कदम बड़ी दुर्घटनाओं को टालने में अहम भूमिका निभाते हैं। दिन के साथ-साथ रात में भी श्रद्धालुओं के जत्थे 'बोल बम' के जयघोष के साथ अपने गंतव्य की ओर बढ़ते रहते हैं। इसी वजह से पुलिस ने पहले से ही उन स्थानों को चिन्हित किया, जहां मोड़ अधिक तीखे हैं और हादसे की संभावना बनी रहती है। लगातार गश्त भी कराई जा रही है। अधिकारियों ने वाहन चालकों से अपील की है कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर धीमी गति से वाहन चलाएं, ओवरटेक करने से बचें और यातायात नियमों का पालन करें। पुलिस ने बताया कि कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से सुरक्षा व्यवस्था को लगातार मजबूत किया जा रहा है।

**आक्रोश** ठेलों को लेकर अभद्रता करने पर भड़के भाजपा कार्यकर्ता

# नायब तहसीलदार ने भाजपा मंडल उपाध्यक्ष से की अभद्रता, एसडीएम से शिकायत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** नायब तहसीलदार द्वारा भाजपा मंडल उपाध्यक्ष से मार्ग पर खड़े ठेलों को लेकर अभद्रता करने पर भाजपा कार्यकर्ता भड़क गए। उन्होंने तहसील में हंगामा किया तथा एसडीएम से मामले की शिकायत की। नयाव तहसीलदार पर कार्यवाही न होने पर मुख्यमंत्री से शिकायत करने की चेतावनी दी। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र गंगवार का मेडिकल स्टोर तहसील रोड पर स्थित है। शनिवार को वह अपनी मेडिकल स्टोर पर बैठे-हुए थे। मेडिकल स्टोर के बाहर सड़क पर फल वालों ने अपने ठेले खड़े कर रखे थे। इस दौरान नायब तहसीलदार बीर पाल यादव की गाड़ी मार्ग से गुजरी। आरोप है कि नायब तहसीलदार


उप जिलाधिकारी नागेंद्र पांडे से शिकायत करते भाजपा के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

सड़क पर खड़े ठेलों को लेकर नरेंद्र गंगवार से काफी नाराजगी जाहर की। मामले की जानकारी होने पर नगर अध्यक्ष उमाकांत मिश्रा तमाम कार्यकर्ताओं के साथ तहसील मुख्यालय पहुंच गए। कार्यकर्ताओं ने हंगामा करना शुरू कर दिया बाद में एसडीएम नागेंद्र पांडे से भट कर नायब तहसीलदार द्वारा मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र गंगवार से अभद्रता करने की शिकायत की। एसडीएम ने आश्वासन दिया कि जांच कर कर नया तहसीलदार के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। उनके समझाने पर कार्यकर्ता व मुश्किल शांत हुए। इस घटना को लेकर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में भारी नाराजगी व्याप्त है। बड़ी संख्या में आक्रोशित भाजपाइयों ने एसडीएम के कार्यालय में पहुंचकर नायब तहसीलदार की शिकायत कर कार्रवाई करने को कहा। मंडल उपाध्यक्ष से नायब तहसीलदार द्वारा अभद्रता करने के बाद भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी आक्रोशित हो गए। इसके बाद उप जिलाधिकारी नागेंद्र पांडे ने भाजपा के पदाधिकारी से वार्ता कर उन्हें अस्वस्थ किया कि मामले की जांच करने के बाद दोषी पाए जाने पर कार्रवाई कराई जाएगी। शिकायत करने वालों में पूर्व जिला महामंत्री अमित अग्रवाल, शिवम शुक्ला, विकेश गुप्ता, नितिन कुमार, उज्जवल अग्रवाल, आनंद गुप्ता, अजय गुप्ता, संजय भारती, उबैद, राकेश गंगवार, वाजिद खां सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे। उप जिलाधिकारी नागेंद्र पांडे ने बताया कि नायब तहसीलदार द्वारा भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष से अभद्रता करने की शिकायत मिली है। मामले की जांच करने के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी के आधार पर कार्रवाई कराई जाएगी।

# बिना लाइसेंस चल रही नकली और अवैध खाद-बीज दुकान सील, संचालक फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जनपद में अवैध रूप से खाद और बीज की बिक्री करने वालों के खिलाफ कृषि विभाग ने सख्त अभियान छेड़ दिया है। इसी क्रम में जिला कृषि अधिकारी के नेतृत्व में अमरिया तहसील क्षेत्र के भिखारीपुर स्थित शाहजी खाद भंडार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिष्ठान को सील कर दिया गया। जांच में दुकान बिना वैध लाइसेंस संचालित पाई गई तथा गैर-पंजीकृत उर्वरकों की बिक्री, उर्वरक नियंत्रण आदेश-1985 के उल्लंघन और विभाग द्वारा जारी बिक्री प्रतिबंध नोटिस की अवहेलना सामने आई।कार्रवाई के दौरान प्रतिष्ठान संचालक मो. गुड्डू उर्फ मुस्तफा रजा मौके से फरार हो गया। इसके बाद विभागीय अधिकारियों ने उसके भाई मुशाहिद की मौजूदगी में दुकान खुलवाकर पूरे सामान की इन्वेंट्री तैयार की। चूंकि संबंधित दुकान को सुरक्षित रूप से सील करना संभव नहीं था, इसलिए सामान को पास की दूसरी दुकान में स्थानांतरित कर सील किया गया तथा सील लगी चाबी मुशाहिद को सुपुर्द कर दी गई।जांच में यह भी सामने आया कि प्रतिष्ठान संचालक के पिता याकूब रिजवी के निधन के बाद भी बिना लाइसेंस के खाद और बीज का कारोबार लगातार जारी था। इतना ही नहीं, विभाग के अनुसार गैर-पंजीकृत उर्वरकों को अलग-अलग नामों की पैकिंग में तैयार कर व्हाट्सएप ग्रुप और अन्य माध्यमों से प्रचारित कर किसानों को बेचा जा रहा था। कृषि विभाग ने मो. गुड्डू उर्फ मुस्तफा रजा के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश-1985, बीज नियंत्रण आदेश-1983 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत मुकदमा दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

**रोहित टोकस को चुभ गई थी**

### स्कूल में सहपाठी से मिली हार, इंजरी भी नहीं तोड़ सकी हौसला

## कॉमनवेल्थ में लगाया ब्रॉन्ज मेडल पर 'पंच'

**नई दिल्ली** ।भारतीय बॉक्सर रोहित टोकस अब किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं।कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में ब्रॉन्ज मेडल पर 'पंच' लगाते हुए उन्होंने विश्व स्तर पर अपनी काबिलियत को साबित किया।हालांकि, रोहित ने बॉक्सिंग की रिंग में उतरने का फैसला स्कूल में सहपाठी के खिलाफ मिली हार के बाद किया।रोहित टोकस का जन्म 1 अगस्त, 1993 को दिल्ली के मुनीरका में हुआ। रोहित बचपन में अपने भाइयों संग लड़ते-झगड़ते रहते थे।रोहित के घर के पास ही एक बॉक्सिंग अकादमी थी, जहां बिना कोई पैसा लिए ट्रेनिंग दी जाती थी।रोहित के



पिता ने सभी भाइयों को इस अकादमी में ट्रेनिंग लेने के लिए प्रोत्साहित किया और उनकी यह पहल रंग भी लाई। रोहित ने अपने भाइयों के साथ अकादमी जाना शुरू कर दिया।हालांकि, एक से दो साल ट्रेनिंग करने के बाद उन्होंने बॉक्सिंग छोड़ तैराकी शुरू कर दी।रोहित का स्कूल बदला, तो कक्षा में उनकी मुलाकात एक सहपाठी से हुई, जो बॉक्सिंग की प्रैक्टिस किया करता था।रोहित ने अपने सहपाठी को 'शैडो बॉक्सिंग' करते देखा चैलेंज कर दिया।हालांकि, रोहित को इस मुकाबले में करारी हार मिली और यह हार उनको अंदर तक चुभ गई।रोहित अगले कुछ दिन स्कूल नहीं गए और उन्होंने दोबारा से बॉक्सिंग कोचिंग शुरू कर दी।रोहित ने सहपाठी बॉक्सर को बॉक्सिंग रिंग में हराने की ठानी।रोहित दिन-रात प्रैक्टिस करने में जुट गए और उन्होंने दिल्ली राज्य चैंपियनशिप में हिस्सा लिया।दो महीने जबरदस्त ट्रेनिंग करने के बाद रोहित अपने स्कूल के उसी सहपाठी को रिंग में हराकर चैंपियन बने।

साल 2010 में भारत में हुए कॉमनवेल्थ गेम्स के दौरान रोहित ने बॉक्सिंग में अपने करियर बनाने का फैसला किया।2011 में रोहित ने नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल अपने नाम किया, जिसके बाद उन्हें नेशनल शिविर में जगह मिल गई।

**कॉमनवेल्थ गेम्स**

## चार साल के बेटे की मां और पीएचडी स्कॉलर सीमा कालीरमन ने दिलाया ब्रॉन्ज मेडल

**नई दिल्ली** ।बड़ी पुरानी कहावत है, 'जहां चाह वहां राह'। यह लाइनें कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में महिला डिस्कस थ्रो में भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलाने वाली एथलीट सीमा कालीरमन पर फिट बैठती हैं।चार साल के बेटे की जिम्मेदारी, पीएचडी की पढ़ाई के साथ खेल के प्रति ऐसा जुनून उन्हें बाकी एथलीटों से अलग बनाता है।सीमा का सबसे बड़ा सहारा पति रविंदर भी बने, जिनकी कोचिंग में वह देश का नाम रोशन करने में कामयाब हो सकीं। हालांकि, सीमा का ब्रॉन्ज मेडल जीतने तक का सफर चुनौतियों से भरा रहा।चोट, प्रेग्नेंसी और तमाम तरह की चुनौतियों के बावजूद सीमा ने कभी अपना हौसला कम



नहीं होने दिया।जब-जब जिंदगी ने खेल को उनसे दूर करने की कोशिश की तो सीमा ने हर बार शानदार वापसी की।डिस्कस थ्रो के फाइनल में 27 साल की इस एथलीट के छह राउंड में से केवल दो ही थ्रो सही (वैलिड) हो पाए, क्योंकि बार-बार डिस्कस साइड नेटिंग में फंस जा रहा था।यह पोडियम सीमा के लिए पहला बड़ा इंटरनेशनल मेडल रहा।सीमा एक पीएचडी स्कॉलर भी हैं और चार साल के बेटे रुद्र की मां हैं।

असल में, मां बनने के साथ-साथ सीमा एक टॉप एथलीट के तौर पर भी आगे बढ़ीं।2022 में बेटे रुद्र के जन्म से पहले उनका पर्सनल बेस्ट 48.08 मीटर था। 2024 में 11 महीने के ब्रेक के बाद उन्होंने प्रतिस्पर्धी डिस्कस थ्रो में वापसी की और अपने पर्सनल बेस्ट को बेहतर करते हुए 57.19 मीटर तक पहुंचाया।




# वेटलिफ्टिंग में 8वां पदक

## लवप्रीत 1KG से गोल्ड से चूके, सीमा ने डिस्कस थ्रो में दिलाया कांस्य

**नई दिल्ली।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत को वेटलिफ्टिंग में गुरुवार (30 जुलाई) को 8वां पदक मिला। लवप्रीत सिंह ने 110+ किलोग्राम भारवर्ग में रजत पदक दिलाया। सीमा कालीरमन ने महिलाओं की डिस्कस थ्रो में कांस्य पदक जीता।

भारत ने अबतक 17 पदक अपने नाम किए हैं। वह 3 स्वर्ण, 10 रजत और 4 कांस्य के साथ पदक तालिका में 10वें नंबर पर है। ग्लासगो में भारत ने वेटलिफ्टिंग में अबतक एक गोल्ड,छह सिल्वर और एक ब्रॉन्ज जीता है। लवप्रीत ने अपने करियर का सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने 176 किलोग्राम स्नैच के साथ कॉमनवेल्थ गेम्स का रिकॉर्ड तोड़ा और कुल 388 किलोग्राम (176केजी+212केजी) उठाकर गोल्ड मेडल जीता। भारतीय एथलीट न्यूजीलैंड के डेविड एंड्रयू लिटी से सिर्फ एक किलोग्राम पीछे रहे, जिन्होंने कुल 389 किलोग्राम उठाकर गोल्ड मेडल जीता। स्नैच के बाद 10 किलोग्राम की बढ़त बनाने के बाद पंजाब के वेटलिफ्टर का पलड़ा भारी दिख रहा था।

**लवप्रीत लिफ्ट पूरी नहीं कर पाए**

लिटी ने क्लीन एंड जर्क में शानदार वापसी की और अंतिम प्रायस में 223 किलोग्राम का वजन उठाकर गेम्स का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

लवप्रीत को शीर्ष पर पहुंचने के लिए 217 किलोग्राम वजन उठाने की जरूरत थी।उन्होंने कोशिश की, लेकिन लिफ्ट पूरी नहीं कर पाए।बता दें कि बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में लवप्रीत के ब्रॉन्ज मेडल जीता था।

## भारत 10वें पर खिसका, ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर

- नाइजीरिया 5वें पर, पदक तालिका में 10वें नंबर पर खिसका

**नई दिल्ली।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत के 17 पदक हो गए हैं, लेकिन वह पदक तालिका में 10वें नंबर पर खिसक गया है। भारत ने अबतक 3 स्वर्ण, 10 रजत और 4 कांस्य पदक जीते हैं। ग्लासगो में आजोजित खेलों में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा बरकरार है। वह 51 स्वर्ण, 24 रजत और 35 कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर हैं। इंग्लैंड 65 पदकों के साथ दूसरे नंबर पर है। उसने 15 स्वर्ण, 30 रजत और 20 कांस्य पदक जीता है। कनाडा 45 पदकों के साथ तीसरे नंबर पर है। स्कॉटलैंड ने 25 पदक जीते हैं। उन्होंने 9 स्वर्ण, 7 रजत और 9 कांस्य पदक जीते हैं। नाइजीरिया ने 16 पदक जीते हैं। 8 स्वर्ण, 5 रजत और 3 कांस्य पदक जीते हैं। दक्षिण अफ्रीका के 23 पदक हैं। उन्होंने 6 स्वर्ण, 9 रजत और 8 कांस्य पदक जीता है। मलेशिया 12 पदकों के साथ 7वें नंबर पर है। उसने 6 स्वर्ण, 3 रजत और 3 कांस्य पदक जीते हैं।

### भारत नीचे क्यों

न्यूजीलैंड 21 पदकों के साथ 8वें नंबर पर है। 5 स्वर्ण, 9 रजत और 7 कांस्य पदक के साथ 8वें नंबर पर है। जमैका 8 पदकों के साथ 9वें नंबर पर है। 4 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य पदक हैं। पदक तालिका में स्थान स्वर्ण जीतने से तय होता है। यही कारण है के भारत 17 पदकों के बाद भी 8वें पर खिसक गया।

**क्रिकेट विश्व कप 2027**

### साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया होंगे मेजबान

## 12 शहरों में होंगे 54 मैच




**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने ऐलान किया है कि 2027 में होने वाले पुरुष वनडे वर्ल्ड कप 12 शहरों में खेले जाएंगे। यह वर्ल्ड कप 24 साल में पहली बार दक्षिणी अफ्रीकी देशों में होगा। दक्षिण अफ्रीका के आठ शहर, जिम्बाब्वे के तीन और नामीबिया की राजधानी विंडहोक में कुल 54 मैच खेले जाएंगे। तीनों देश टूर्नामेंट के सह-मेजबान हैं। इससे पहले 2003 में साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और केन्या में वर्ल्ड कप का आयोजन हुआ था।

साउथ अफ्रीका में जोहान्सबर्ग, सेंचुरियन, डरबन, गकेबरहा, कुगोम्पो सिटी, केपटाउन, पार्ल और ब्लोमफोंटेन में 2027 वर्ल्ड कप के दौरान 54 मैचों में से ज्यादातर मैच होंगे। फाइनल वांडरर्स या न्यूलैंड्स में होगा। जिम्बाब्वे में हरारे, बुलावायो और विक्टोरिया फॉल्स के बीच सात से 10 मैच खेले जाएंगे और नामीबिया में विंडहोक भी कम से कम तीन मैचों की मेजबानी करेगा। बेनोनी और पोटचेफस्ट्रूम को वार्म-अप वेन्यू के तौर पर इस्तेमाल किया जाएगा और नामीबिया के साथ वर्ल्ड कप क्वालिफायर को-होस्ट करने की संभावना है। टूर्नामेंट के 4 अक्टूबर से 21 नवंबर 2027 तक आयोजित होने की संभावना है।

- **साउथ अफ्रीका के मैदान**- वांडरर्स स्टेडियम (जोहान्सबर्ग), सेंचुरियन (त्शवाने), न्यूलैंड्स क्रिकेट ग्राउंड (केपटाउन), किंग्समीड क्रिकेट ग्राउंड (डरबन), सेंट जॉर्ज पार्क (गकेबरहा), मंगांग ओवल (ब्लोमफोंटेन), बोलैंड पार्क (पार्ल) और बफेलो पार्क (कुगोम्पो सिटी, जिसे पहले ईस्ट लंदन के नाम से जाना जाता था)।
- **जिम्बाब्वे के मैदान**- हरारे स्पोर्ट्स क्लब (हरारे), क्वींस स्पोर्ट्स क्लब (बुलावायो), फाले मोसी-ओआ-तुन्या इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम (विक्टोरिया फॉल्स)।
- **नामीबिया**- नामीबिया क्रिकेट ग्राउंड (विंडहोक)।
- **2003 वर्ल्ड कप के बाद साउथ अफ्रीका ने इन आईसीसी टूर्नामेंट्स की मेजबानी की**- 2003 में साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और केन्या ने 8वें मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप की मेजबानी की थी।इसके बाद से साउथ अफ्रीका ने कई बड़े आईसीसी टूर्नामेंट होस्ट किए हैं।इनमें पहला मेन्स टी20 वर्ल्ड कप (2007), विमेंस अ20 वर्ल्ड कप (2023), अंडर-19 मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप (2020 और 2024) और अंडर-19 विमेंस टी20 वर्ल्ड कप (2023) शामिल हैं।

## भारत-ब्राजील के बीच होगा फुटबॉल मैच

### AIFF का बड़ा ऐलान; 3 अक्टूबर को कोलकाता में होगा मैच



**नई दिल्ली।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 का हाल ही में समापन हुआ है। भारत में भी फुटबॉल का जुनून चरम पर था। पूरे टूर्नामेंट में भारतीय फुटबॉल फैंस ने भारतीय टीम के ना होने पर दुख भी जताया था। अब भारतीय फुटबॉल फैंस के पास अपने देश की टीम को चीयर करने का मौका होगा। भारत और ब्राजील के बीच कोलकाता में एक बेहतरीन मुकाबला होने जा रहा है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने गुरुवार को भारत और ब्राजील के बीच होने वाले ऐतिहासिक मुकाबले का ऐलान किया है।

**ब्राजील और भारत के बीच फ्रेंडली मैच होगा**

ऑस्ट्रेलिया में ब्राजील की टीम पहला मुकाबला 25 सितंबर को Townsville और 29 सितंबर को ब्रिसबेन में खेलेगी। इसके बाद ब्राजील की टीम भारत के दौरे पर आएगी और इस विंडो का तीसरा मुकाबला खेलेगी। भारत और ब्राजील के बीच यह मैच कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में 3 अक्टूबर 2026 को खेला जाएगा। यह दोनों देशों की टीमों के बीच एक फ्रेंडली मैच होगा।

AIFF के डिप्टी सेक्रेटरी जनरल ने इस मैच को लेकर कहा, 'ब्राजील जैसी टीम का अपने देश में स्वागत करना एक शानदार पल होगा। साथ ही यह पल भारतीय फुटबॉल के इतिहास का एक अनमोल क्षण होगा।' जबकि ब्राजील फुटबॉल महासंघ की तरफ से इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा गया, 'यह एक स्पेशल मैच होगा उस देश के साथ जहां ब्राजील की टीम का सबसे बड़ा फैनबेस है। यहां के फैंस ने सालों से ब्राजील के फुटबॉल इतिहास को पैशन के साथ फॉलो किया है। '

## हर्षा भोगले ने दलीप ट्रॉफी के लिए चुनी गई टीम पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** वैभव सूर्यवंशी को 23 अगस्त 2026 से शुरू होने वाले रेड बॉल टूर्नामेंट दलीप ट्रॉफी के लिए ईस्ट जोन की टीम का उपकप्तान बनाया गया। कई क्रिकेट दिग्गजों का यह मानना है कि 15 साल के क्रिकेटर के लिए यह बड़ा प्रोत्साहन है। वहीं दिग्गज क्रिकेट कमेंटेटर और क्रिकेट एक्सपर्ट हर्षा भोगले ने उन्हें उपकप्तान बनाने पर सवाल उठाए हैं। उनका मानना है कि वैभव की यह रेड बॉल क्रिकेट में अभी शुरुआत ही है और उनका रिकॉर्ड भी कुछ खास नहीं है।

वैभव सूर्यवंशी ने अभी घरेलू क्रिकेट में सिर्फ 12 फर्स्ट क्लास पारी ही खेली हैं। उनका औसत सिर्फ 17.25 का है। उनके नाम 207 रन ही दर्ज हैं, इस रिकॉर्ड का हवाला देते हुए हर्षा ने उन्हें सीनियर रेड बॉल टीम का उपकप्तान बनाने के फैसले पर हैरानी जताई है। इस टीम का कप्तान इशान किशन को बनाया गया है। वहीं मोहम्मद शमी, अभिमन्यू ईश्वरन, शाहबाज अहमद, सुदीप घरामी, मुकेश कुमार जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी इस टीम में शामिल हैं।

## जंग के बीच रियल एस्टेट को 4 महीने की राहत देने की पहल; भारत-भूटान के बीच 4,000 करोड़ के ऋण समझौते

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने सभी राज्य रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरणों (रेरा) को अमेरिका-ईरान युद्ध से प्रभावित रियल एस्टेट परियोजनाओं के पंजीकरण और निर्माण पूरा करने का समय चार माह बढ़ाने की सलाह दी है। मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी परामर्श में कहा, पश्चिम एशिया तनाव से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई है। इससे निर्माण सामग्री की उपलब्धता में कमी आई है और रियल एस्टेट परियोजनाओं में देरी हुई है। मंत्रालय ने राज्यों के रेरा से कहा है कि जिन पंजीकृत परियोजनाओं की मूल या संशोधित या पहले से बढ़ाई गई पूर्णता अवधि 28 फरवरी 2026 या उसके बाद समाप्त हो रही है, उन्हें चार महीने का अतिरिक्त समय दिया जाए। वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग ने पश्चिम एशिया तनाव को अप्रत्याशित घटना की श्रेणी में रखा है। रियल एस्टेट अधिनियम, 2016 के तहत ऐसी परिस्थितियों में पंजीकरण अवधि बढ़ाने का प्रावधान है।

भारत और भूटान ने उच्चस्तरीय वार्ता के दौरा विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान 4,000 करोड़ रुपये के रियायती ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए और स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग का विस्तार किया गया। पांचवीं भारत-भूटान विकास सहयोग वार्ता की सह-अध्यक्षता विदेश सचिव विक्रम मिसरी और भूटान के विदेश सचिव दाशो पेमा लेकटुप दोरजी ने की। बैठक में भूटान की 13वीं पंचवर्षीय योजना (2024-29) के लिए भारत की 10,000 करोड़ रुपये की सहायता के तहत परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा हुई।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
*नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन दर
रू. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
विज्ञापन बुकिंग हेतु संपर्क करें
7579849555, 9627739857, 9997745413




# रू0125 प्रति लीटर तक पहुंच सकता था पेट्रोल', सरकार ने ईबीपी कार्यक्रम का किया बचाव

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार का कहना है कि इथेनॉल ब्लेंडिंग कार्यक्रम नहीं होता तो वैश्विक कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने के दौरान दिल्ली में पेट्रोल करीब 125 रुपये प्रति लीटर हो सकता था। सरकार के अनुसार, इस योजना से उपभोक्ताओं को राहत मिली, 1.97 लाख करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा बची और किसानों को 1.66 लाख करोड़ रुपये का भुगतान हुआ।

केंद्र सरकार ने इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल कार्यक्रम का बचाव करते हुए कहा है कि अगर देश में पेट्रोल में इथेनॉल मिलाने की व्यवस्था नहीं होती, तो वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई भारी तेजी के दौरान दिल्ली में पेट्रोल की कीमत करीब 125 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच सकती थी। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि इथेनॉल ब्लेंडिंग ने देश के उपभोक्ताओं को महंगे पेट्रोल से राहत दिलाई और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव का असर काफी हद तक कम किया।

मंत्रालय के अनुसार, जब भारतीय क्रूड ऑयल बास्केट की कीमत करीब 135 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थी, तब भी दिल्ली में लोगों को 94.77 रुपये प्रति लीटर की दर से पेट्रोल मिला। इसकी वजह यह थी कि पेट्रोल के हर लीटर में 20 प्रतिशत हिस्सा घरेलू स्तर पर तैयार इथेनॉल का था, जिसकी खरीद पहले से तय स्थिर कीमतों पर की गई थी। इसलिए वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत बढ़ने का पूरा असर उपभोक्ताओं पर नहीं पड़ा।

मंत्रालय का कहना है कि इथेनॉल ब्लेंडिंग की वजह से उस समय उपभोक्ताओं को करीब 30 रुपये प्रति लीटर तक की राहत मिली। सरकार ने कहा कि इथेनॉल का उद्देश्य हर दिन सबसे सस्ता ईंधन उपलब्ध कराना नहीं है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार में अचानक आने वाले बड़े उतार-चढ़ाव से भारतीय उपभोक्ताओं की सुरक्षा करना और देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत बनाना है।

सरकार के अनुसार, इथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल कार्यक्रम से अब तक देश को 1.97 लाख करोड़ रुपये से अधिक की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है। इसके अलावा 316 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा कच्चे तेल के आयात की जगह घरेलू विकल्प का इस्तेमाल किया गया है। मंत्रालय ने यह भी दावा किया कि इस कार्यक्रम से 950 लाख मीट्रिक टन से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड (उड2) उत्सर्जन में कमी आई है।

मंत्रालय ने कहा कि इथेनॉल ब्लेंडिंग कार्यक्रम के जरिए किसानों और डिस्टिलरी उद्योग को 1.66 लाख करोड़ रुपये से अधिक का सीधा भुगतान किया गया है। इससे किसानों की फसलों के लिए एक स्थायी घरेलू बाजार तैयार हुआ है और उनकी आय बढ़ाने में मदद मिली है।

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।